राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 345 लखनऊ,
बुधवार 06 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





एक्शन मोड में बेसिक शिक्षा विभाग, ध्वस्त होंगे जर्जर भवन 03

बाढ़ प्रभावितों को दी जाए हर सम्भव सहायता : नंदगोपाल नंदी 12


-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| --- | --- | --- |
| 24 कैरेट | = | 1,02,370/ |
| 22 कैरेट | = | 93,850/ |
| 18 कैरेट | = | 76,790/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,16,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर सुनवाई आठ को

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का केंद्र को निर्देश देने की मांग संबंधी याचिका पर आठ अगस्त को सुनवाई की जायेगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन की ओर से याचिका पर सुनवाई के अनुरोध पर कहा कि इस मामले में आठ अगस्त को सुनवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मामला आठ अगस्त को सूचीबद्ध दिखाया गया है। उस दिन की सूची से इसे न हटाया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने उनके अनुरोध स्वीकार कर लिया और कहा कि यह मामला सूची से नहीं हटाया जाएगा।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन छह माह बढ़ाने का प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को छह महीने के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव मंगलवार को पारित कर दिया। लोकसभा में यह प्रस्ताव 30 जुलाई को ही पारित किया जा चुका है। राज्यसभा में मंगलवार को दोपहर दो बजे के बाद शुरू हुई कार्यवाही के दौरान गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन में प्रस्ताव पेश किया। राज्यसभा के उपसभापति ने इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी को बोलने का मौका दिया लेकिन उन्होंने बोलने से इन्कार कर दिया। इसके बाद बोलने के लिए तृणमूल कांग्रेस की सदस्य सुष्मिता देव का नाम पुकारा, लेकिन उन्होंने नियम 259 के तहत बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा कराने की बात रखनी चाही और सदन में हंगामा शुरू हो गया।

### दिल्ली में लाल किले के पास पांच घुसपैठिए पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के आसपास जांच के दौरान पांच संदिग्ध युवकों को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा। ये सभी 20 से 25 वर्ष की आयु के युवक बांग्लादेश के नागरिक हैं। यह पिछले 3-4 महीने पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर चुके थे। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार जांच में इन युवकों के पास न तो लाल किले में प्रवेश का वैध पास था और न ही कोई वैध भारतीय दस्तावेज। जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने बताया कि वे दिल्ली में मजदूरी का काम कर रहे हैं और घूमने की मंशा से लाल किला देखने आए थे। उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि 15 जुलाई से लाल किला आम जनता के लिए बंद कर दिया गया है।

### संदीप आर्य भूटान में भारत के नये राजदूत नियुक्त

**नयी दिल्ली।** संदीप आर्य को भूटान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। श्री आर्य भारतीय विदेश सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं। वह अभी वियतनाम में भारत के राजदूत हैं। उन्हें वर्ष 2022 में वियतनाम का राजदूत नियुक्त किया गया था।

# धराली में बादल फटने से गांव जमींदोज, चार की मौत, 50 से ज्यादा लोग लापता

## सीएम धामी त्रिपुरा दौरा निरस्त कर पहुंचे राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व आईटीबीपी की टीमें युद्धस्तर पर बचाव कार्य में जुटी

▸ राज्य ने राहत व बचाव के लिए वायुसेना से भी मांगी सहायता

समृद्धि न्यूज





**देहरादून।** उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार दोपहर 1.45 बजे बादल फटने से भारी तबाही मच गई। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में प्राकृतिक आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं। इस आपदा में चार लोगों की मौत हुई और कई 50 से ज्यादा लोग लापता है।

सीएम धामी ने त्रिपुरा दौरा निरस्त कर प्रशासन को प्रभावित इलाकों के अस्पतालों में बड़े स्तर पर इलाज संबंधी तैयारियां कर रखी हैं। दिल्ली सहित आसपास के इलाकों से एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आईटीबीपी की कई टीमें धराली गांव की ओर भेजी गई हैं। नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) की ओर से दो हेलीकॉप्टर भी राहत और बचाव कार्यों के लिए तैयार हैं। राज्य ने वायुसेना से भी मदद मांगी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र और जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित राहत और बचाव कार्य संचालित हो रहे हैं। निकटवर्ती राजकीय चिकित्सालयों के साथ एम्स, देहरादून में भी बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस भी तैयार हैं। धराली गांव के पास हर्षिल पीएचसी, भटवाड़ी पीएचसी, जिला अस्पताल उत्तरकाशी में भी घायलों के उपचार के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं।

### बचाव में जुटे स्वयंसेवक, नंबर किए जारी

उत्तरकाशी जिले में आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों ने धराली में प्रभावितों की मदद शुरू कर दी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पमनेरी सेवा आश्रम के स्वयंसेवक चतर सिंह ने बताया कि स्वयंसेवक घटना के बाद से ही सक्रिय हैं और लगातार मदद कर रहे हैं। संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने बताया कि प्रभावितों की पीड़ा को महसूस करते हुए राहत कार्य शुरू किया गया है। ऐसे समय में किसी भी अफवाह से बचें, केवल प्रशासन की सूचना पर ही विश्वास रखें। आरएसएस के प्रांत प्रचार प्रमुख ने कहा कि किसी भी जानकारी के लिए इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। पूर्णानन्द भट्ट 9927953728, चतर सिह 9411787138, जितेन्द्र सिंह 9456126017, अमित 9997171939 से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने धामी से जानी धराली की स्थिति

**देहरादून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली। गृह मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ एवं अन्य राहत एजेंसियों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने इस आपदा की घड़ी में प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं और केंद्र सरकार की ओर से प्रभावित क्षेत्र में तत्काल एवं आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

### गंगा में स्नान करते पांच बच्चे डूबे, तीन की मौत, दो को ग्रामीणों ने बचाया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित थरवई थाना क्षेत्र के मनसैता गांव में भीमकुंड घाट के समीप मंगलवार को गंगा में स्नान करते समय पांच बच्चे डूब गए। स्थानीय लोगों ने दो बच्चों को बचा लिया, लेकिन तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस, एनडीआरएफ और गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी से शव निकाले। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि मनसैता गांव के पांच बच्चे मंगलवार को गंगा स्नान कर रहे थे। इस दौरान बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उसी समय पहुंचे स्थानीय लोग दो बच्चों को बचाने में कामयाब हो गए, लेकिन तीन बच्चे पानी में डूब गए।

# स्वदेशी को अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता : योगी

### सीएम ने अलीगढ़ में 958 करोड़ की 186 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

समृद्धि न्यूज



**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद( ओडीओपी ) योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुई है। योगी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज स्वदेशी अपनाना हम सब लोगों की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी।

सीएम योगी मंगलवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में 958 करोड़ की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगर हमारा यह पैसा विदेशी हाथों में जाएगा तो आतंकवाद, धर्मांतरण, विस्फोट, भारत को अस्थिर करने के लिए भारत के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाएगा। योगी ने आने वाले सभी त्योहारों पर लोगों से अपने स्वजनों को स्वदेशी उत्पादों को गिफ्ट के रूप में देने की अपील की। समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि, टैबलेट, आवास की चाबियां और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भगवान कृष्ण के रूप में सजे बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट, माखन और खिलौने भेंट किए।

### कल्याण सिंह ने अलीगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने अलीगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने अलीगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उनके सपनों को साकार करते हुए हम ओडीओपी के माध्यम से ताला उद्योग को नई ऊंचाइयां दे रहे हैं। उन्होंने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय जल्द ही अलीगढ़ को उच्च शिक्षा का नया केंद्र बनाएगा, जो स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों को जीवित रखने के साथ-साथ युवाओं को उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेगा।

### भारत के हर दुश्मन को जवाब देने में सक्षम है ब्रह्मोस मिसाइल

योगी ने कहा कि 2018 में शुरू हुआ डिफेंस कॉरिडोर आज ब्रह्मोस मिसाइल जैसे उन्नत हथियारों का उत्पादन कर रहा है। यह मिसाइल विश्व में अद्वितीय है और भारत के हर दुश्मन को जवाब देने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए भारत की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलीगढ़ ड्रोन और हार्डवेयर उद्योग में भी अपनी पहचान बना रहा है, जो स्थानीय कारीगरों को रोजगार और समृद्धि प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि सभी लोग स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले अलीगढ़ और उत्तर प्रदेश दंगों और अराजकता से जूझ रहे थे। आज बेहतर कानून व्यवस्था के कारण निवेश और विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं। हाल ही में हुई 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती में अलीगढ़ से 1,344 युवाओं का चयन हुआ, जिसे उन्होंने स्थानीय परिवारों के लिए गर्व का क्षण बताया।

### अमित शाह ने बनाया सबसे लंबे समय तक गृहमंत्री रहने का रिकार्ड



शाह ने लालकृष्ण आडवाणी के 2,256 दिन (6 साल 64 दिन) के कार्यकाल को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक अनोखा कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। वे अब देश के सर्वाधिक लंबे समय तक गृहमंत्री रहने वाले व्यक्ति बन गए हैं। अमित शाह ने इस पद पर 2,258 दिन (6 साल 65 दिन) पूरे कर लिए हैं, जिससे उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी के 2,256 दिन (6 साल 64 दिन) के कार्यकाल को पीछे छोड़ दिया है। आडवाणी इस पद पर 19 मार्च 1998 से 22 मई 2004 तक रहे। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे। संसद भवन के जीएमसी बालयोगी सभागार में राजग संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गृहमंत्री के रूप में अमित शाह के योगदान की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने देश के सबसे लंबे समय तक गृहमंत्री रहने पर अमित शाह को बधाई दी। अमित शाह ने 30 मई 2019 को गृहमंत्री पद पर अपनी जिम्मेदारी संभाली थी।

# जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को यहां के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे और 11 मई से अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। मलिक के जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहने के दौरान ही केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 और 35ए को समाप्त किया था। यह महज संयोग ही है कि उन्होंने 5 अगस्त को अंतिम सांस ली।

डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल ने एक बयान में बताया कि सत्यपाल मलिक ने दोपहर 1.12 बजे आखंरी सांस ली। उनको गंभीर मूत्र मार्ग संक्रमण (यूरीनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन) और किडनी फेल्यर की जटिलताओं के कारण गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया था। मधुमेह, गुर्दे की बीमारी, उच्च रक्तचाप, रुग्ण मोटापा तथा ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया सहित अन्य दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से लंबे समय जूझ रहे थे। उन्हें 11 मई को दोपहर 12:04 बजे गंभीर मूत्र मार्ग संक्रमण के साथ अस्पताल भर्ती कराया गया था और बाद में मूत्रमार्ग संक्रमण, अस्पताल में अधिग्रहित निमोनिया और बहु-अंग विकार के कारण उन्हें सेप्टिक शॉक हो गया।

### शिबू सोरेन पंचतत्व में विलीन बेटे हेमंत ने दी मुखाग्नि

**रामगढ़।** झारखंड राज्य के प्रणेता, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शिबू सोरेन मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। झारखंड के जिला रामगढ़ स्थित उनके पैतृक गांव नेमरा में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री और उनके पुत्र हेमंत सोरेन ने उन्हें मुखाग्नि दी और अंतिम जोहार कहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता के अंतिम संस्कार के दौरान बेहद भावुक हो गए। उनकी आंखें डबडबा गईं। बेहद भारी मन से उन्होंने अपने पिता और राजनीतिक गुरु को इस दुनिया से विदा किया। अंतिम संस्कार के दौरान उनके साथ भाई बसंत सोरेन और उनके परिवार के कई अन्य सदस्य वहां मौजूद थे।

### बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में दिल्ली में ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में मंगलवार को ईडी के समक्ष यहां पेश हुए। ईडी 17,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की चल रही जांच के तहत अनिल अंबानी से पूछताछ कर रही है। ईडी ने उनसे पूछताछ के लिए समन भेजा था, जिसके बाद वे आज पूर्वाह्न करीब 11 बजे नई दिल्ली स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। ईडी 66 वर्षीय उद्योगपति अनिल अंबानी का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत दर्ज करेगी। उन्हें यह समन 24 जुलाई को मुंबई में ईडी द्वारा उनके व्यावसायिक समूह के अधिकारियों सहित 25 लोगों एवं 50 कंपनियों के 35 ठिकानों की तलाशी लेने के बाद जारी किया गया।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में प्रतिनिधि वाद निरस्त करने की मांग

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद में हाल ही में घोषित प्रतिनिधि वाद को निरस्त करने की मांग में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल की गई है।

वाद संख्या सात में कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर की ओर से अधिवक्ता रीना एन सिंह व राणा सिंह की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि भगवान श्रीकृष्ण विराजमान (वाद संख्या 17) को सभी हिंदू पक्षकारों और स्वयं श्रीकृष्ण विराजमान का प्रतिनिधि मान लेने वाला उच्च न्यायालय का गत 18 जुलाई का आदेश गलत है। कहा गया है कि वाद संख्या 17 तब दाखिल किया गया, जब मथुरा के सभी मुकदमे हाईकोर्ट स्थानांतरित हो चुके थे और उन्हें एक साथ जोड़ने का आदेश भी हो चुका था। ऐसे में नए वाद को प्रतिनिधि वाद मान लेना उन वादकारियों के साथ अन्याय है, जो वर्षों से मुकदमा लड़ रहे थे। अर्जी में कहा गया है कि पांच प्रतिवादी मुस्लिम व्यक्ति हैं और इस मामले में उनकी कोई कानूनी हिस्सेदारी नहीं है। ऐसे में उन्हें प्रतिवादी बनाना कानून का उल्लंघन है।

### हाइब्रिड एमएससी इन एक्चुरियल साइंस को यूके से मिली वैश्विक मान्यता

**नई दिल्ली।** भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली और जोखिम विश्लेषण क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) द्वारा संचालित एमएससी इन एक्चुअरियल साइंस विद डेटा एनालिटिक्स कार्यक्रम को इंस्टिट्यूट एंड फैकल्टी ऑफ एक्चुअरीज, यूनाइटेड किंगडम द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है। कार्यक्रम भारत का ही नहीं, बल्कि दुनिया का पहला हाइब्रिड प्रारूप वाला एमएससी कार्यक्रम बन गया है जिसे सात प्रमुख एक्चुअरियल विषयों में छूट प्राप्त हुई है। यह कार्यक्रम आरआरयू द्वारा इंस्टिट्यूट ऑफ एक्चुअरियल एंड क्वांटिटेटिव स्टडीज के साथ मिलकर तैयार किया गया है।

# राजधानी में एक्सप्रेस-वे के किनारे प्रॉपर्टी पर बढ़ने वाला है विकास शुल्क

समृद्धि न्यूज





**लनखऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक्सप्रेस-वे के आसपास की संपत्तियों पर अब विकास शुल्क बढ़ सकता है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) इसको लेकर तैयारी में जुट गया है। मंगलवार को एलडीए की बोर्ड बैठक में इस पर गंभीरता से चर्चा हुई।

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, शहीद पथ, किसान पथ और ग्रीन कॉरिडोर के 500 मीटर के भीतर आने वाली संपत्तियों पर विशेष सुविधा शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। यह राशि बुनियादी ढांचे और सिविक सुधारों पर खर्च की जाएगी। बैठक में जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने और उसके प्रबंधन को एलडीए को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर भी मंथन हुआ। इस पर जल्द अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। अनंतनगर, आईटी सिटी और कामधेनु नगर जैसी आगामी आवासीय योजनाओं के लिए बजट आवंटन पर चर्चा की गई। कबीर नगर देवपुर पारा की निर्माणाधीन इकाइयों को 1बीएचके और 2 में बदलने के प्रस्ताव पर भी विचार हुआ।

### संसद भवन परिसर में मोदी की अध्यक्षता में हुई राजग संसदीय दल की बैठक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में राजग संसदीय दल की बैठक मंगलवार को सुबह संसद भवन परिसर में हुयी। जीएमसी बालयोगी सभागार में आयोजित यह बैठक मानसून सत्र में सत्तारूढ़ गठबंधन के संसदीय दल की पहली बैठक है। इसे मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण और अन्य मुद्दों पर संसद में चल रहे गतिरोध के साथ-साथ उपराष्ट्रपति पद के चुनाव की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रवैया के लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन भी किया जा सकता है। प्रधानमंत्री संबोधन में वैश्विक भू राजनीतिक स्थिति पर भी गठबंधन के सांसदों को संबोधित कर सकते हैं।

# उन्नत सामान्य सरकारी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लखनऊ विवि देश में अव्वल

समृद्धि न्यूज

▸ पांच वर्षों में शैक्षणिक व प्रशासनिक सुधारों के चलते मिला पहला स्थान

**लखनऊ ।** प्रदेश के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंडिया टुडे रैंकिंग 2025 में सर्वाधिक उन्नत सामान्य सरकारी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग 2020 से 2025 तक के पाँच वर्षों में विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर विश्वविद्यालयों की प्रगति का मूल्यांकन कर जारी की गई है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा बीते पाँच वर्षों में शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, डिजिटलीकरण, छात्र-केंद्रित नवाचार और संकाय विकास जैसे क्षेत्रों में निरंतर किए गए प्रयासों का ही यह परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लाए जा रहे संरचनात्मक सुधारों का लाभ अब राष्ट्रीय स्तर पर परिलक्षित हो रहा है। वार्षिक रैंकिंग में देश के प्रमुख सरकारी विश्वविद्यालयों की प्रगति यात्रा को रैंकिंग में प्रतिशत सुधार के आधार पर मापा गया, जिससे संस्थागत प्रदर्शन की गतिशीलता स्पष्ट रूप से सामने आती है।

फैसला

### प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की यात्रा पर आए फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

# भारत व फिलिपींस अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी का देंगे दर्जा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत और फिलिपींस ने अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने इस साझेदारी से अधिक से अधिक परिणाम हासिल करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रेस वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही राष्ट्रपति की यह यात्रा विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे राजनयिक संबंध भले ही नए हैं, लेकिन हमारी सभ्यताओं के संपर्क बहुत प्राचीन काल से हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति मार्कोस के साथ आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को सामरिक भागीदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा,÷ यह प्रसन्नता का विषय है कि आज हमने अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। इस साझेदारी से पैदा होने वाले अवसरों को परिणामों में परिवर्तित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी बनाई गई है। श्री मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी के तहत भारत फिलिपींस में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं की संख्या बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि समुद्री देश होने के नाते दोनों देशों के बीच सहयोग स्वाभाविक हैं और दोनों विभिन्न मानवीय सहायता कार्यक्रमों में मिलकर सहयोग करेंगे। उन्होंने दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच हो रहे अभ्यास का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय पर्यटकों को वीज़ा-फ्री एंट्री देने के फिलीपींस के निर्णय का भारत स्वागत करता है और भारत ने भी फिलीपींस के पर्यटकों को निशुल्क ई वीजा सुविधा देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस साल दिल्ली और मनीला के बीच सीधी उड़ान शुरू करने के लिए भी काम किया जाएगा।

### मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में किया मार्कोस का स्वागत

**नयी दिल्ली।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेहमान राष्ट्रपति का राष्ट्रपति भवन प्रांगण में गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्होंने तीन सेनाओं की सलामी गारद का निरीक्षण किया। श्री मार्कोस जूनियर चार से आठ अगस्त तक भारत की यात्रा पर हैं। आज औपचारिक स्वागत के बाद श्री मार्कोस जूनियर का गांधी समाधि स्थल राजघाट पर जाने का कार्यक्रम है, जहां वह राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। फिलीपींस के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सागर क्षेत्र में सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के कई करार किये जाने की संभावना है। श्री मार्कोस जूनियर अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान सात अगस्त को बेंगलुरु जाएंगे।

शारदा नदी उफान पर

# बझेड़ा तटबंध टूटा, गांवों पर संकट गहराया

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।



बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी और तराई क्षेत्र में दो दिनों से जारी मूसलधार बारिश ने शारदा नदी का रौद्र रूप सामने ला दिया है। सोमवार को नदी का जलस्तर गया और मंगलवार को हालात और बिगड़ गए, जब नदी खतरे के निशान से ऊपर हो गई,तब बझेड़ा तटबंध के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे न केवल तटबंध कमजोर हुआ बल्कि उसके आसपास बसे घरों में पानी घुस गया।

प्रशासन और सिंचाई विभाग बीते एक सप्ताह से तटबंध को बचाने में जुटा था, लेकिन शारदा की उफनती धारा के आगे सारे प्रयास नाकाम हो गए। बझेड़ा गांव के कई घर जलमग्न हो गए हैं। वहीं करसौर गांव में दर्जनों मकान नदी में समा चुके हैं और सैकड़ों एकड़ की कृषि योग्य भूमि जलस्तर की भेंट चढ़ चुकी है।

दौलतापुर, दंबल टांडा, बेचे पुरवा, रेवती पुरवा, हजूर पुरवा, बेल्हा, सिकिटिहा, रामनगर सिंधिया, गुजरा जोहरा जैसे दर्जनों गांवों में ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। बाढ़ का पानी खेतों और घरों में घुस गया है, जिससे फसलें पूरी तरह बर्बाद होने की कगार पर हैं। ग्रामीणों में भय का माहौल है और वे पलायन पर मजबूर हो रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार को गोला एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन, कानूनगो सर्वेश यादव और लखपाल राजीव वर्मा ने अनमोल बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राहत व्यवस्था के तहत कोटेदारों से भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल शारदा की बाढ़ उनके लिए अभिशाप बन जाती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। अगर यही हाल रहा तो गांव का नामो-निशान मिट जाएगा, ग्रामीण का कहना है कि सरकार और प्रशासन को चाहिए कि इस बार महज राहत तक सीमित न रहकर स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करे, वरना शारदा की हर बाढ़ अगली तबाही की गारंटी बनती रहेगी।

# छोटी काशी में कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।



श्रावण मास की पावन बेला में शिवनगरी गोला गोकर्णनाथ में कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों का भव्य स्वागत किया गया। शिव मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के संगम के बीच भक्तों पर पुष्पवर्षा की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भवानी शंकर माहेश्वरी, गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खुटार लक्ष्मण गुप्ता, अनिल जलोटा, प्रियंकल जलोटा, राजू पटवा, सचिन गुप्ता, प्रियांशु शुक्ला, रविन्द्र कटियार, अमन राठौर एवं अंश अवस्थी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया। आयोजकों द्वारा जगह-जगह जलपान एवं चिकित्सा शिविर भी लगाए गए थे। प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई थी।

# पडरिया तुला चौकी की गश्त व्यवस्था पर सवाल, सिलाई मशीन और प्रेस चोरी से दहशत

भीरा (खीरी), समृद्धि न्यूज़।



थाना भीरा क्षेत्र की पुलिस चौकी पडरिया तुला की लापरवाही से एक बार फिर क्षेत्र में चोरी की घटना सामने आई है। सोमवार-मंगलवार की रात सब्जी मंडी में सर्वेश कुमार की सिलाई दुकान का खोखा तोड़कर चोर सिलाई मशीन और प्रेस चुरा ले गए।

पीड़ित ने बताया कि बारिश के कारण वह तुरंत रिपोर्ट नहीं कर सका, लेकिन मौसम खुलते ही थाने पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है–पूर्व में भी कई बार दुकानें व घर निशाना बन चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। व्यापारियों और नागरिकों ने बढ़ती चोरियों को देखते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# मिट्टी में मिल गए तीन करोड़ रुपए, योजना हुई फेल

- जंगली जानवरों के हमले से बचाने के लिए लगी लिंक फेंसिंग लाइन हुई बर्बाद
- कार्य पूरा होते ही हाथियों ने तोड़ दी थी चेन लिंक फेंसिंग लाइन

तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज़।



जंगली जानवरों के हमले रोकने के लिए वन विभाग ने एक वर्ष पूर्व दस किलोमीटर सीमा क्षेत्र पर तीन करोड़ की लागत से चैन लिंक फेंसिंग का कार्य किया था। जोकि कार्य पूरा होने के बाद ही जंगली हाथियों ने तहस-नहस कर दिया था। वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरकार के तीन करोड रुपए मिट्टी में मिल गए हैं।

खैरटिया, मजरा पूरब, दरलाजपुर, कबीर नगर, नानकपुर सहित कई गांवों में बीते कई वर्षों से जंगली जानवरों का आतंक छाया हुआ था। हाथियों का झुंड लगातार फसलें बर्बाद कर किसानों को आर्थिक चोट पहुंचा रहे थे। बाघ के हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की जान भी जा चुकी है। बाघ के हमले में हुई कई घटनाओं के बाद वन विभाग पर लापरवाही के आरोप भी लगे। आए दिन बढ़ रही घटनाओं के बाद वन विभाग ने उच्चाधिकारियों को संभावित स्थानों पर चैन लिंक फेंसिंग का काम शुरू कराने का प्रस्ताव भेजा था। चैन लिंक फेंसिंग का काम शुरू होने के बाद इन गांवों के ग्रामीणों में खुशी का माहौल बना हुआ था। मगर उनकी खुशी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी थी। काम पूरा होने के बाद ही जंगली हाथियों ने तीन करोड़ की योजना मिट्टी में मिला दी। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग द्वारा तीन करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी उनको कोई लाभ नहीं मिल रहा है। कई बार वन विभाग के अधिकारियों से काम को दुरुस्त तरीके एवं मजबूती से करने का आग्रह किया परंतु वन विभाग के लोगों ने ध्यान नहीं दिया। पिछले वर्ष जंगली हाथियों से नुकसान को बचाने के लिए लगाई गई चैन लिंक फेंसिंग लाइन के पास वन कर्मियों की तैनाती की बात कही गई थी। इसके बावजूद भी चैन लिंक फेंसिंग की लाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई जो की वन विभाग की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े करती है। योजना पर मजबूती से काम किया गया होता तो योजना फेल नहीं होती। अब वन विभाग के अधिकारी दुरुस्त करने के नाम पर भी सरकार को चोट पहुंचाने में लग गए हैं। मरम्मत कार्य पर भी लाखों रुपये खर्च होंगे, जबकि यह काम यदि गुणवत्ता के साथ पहले किया गया होता तो दोबारा खर्च की आवश्यकता ही न पड़ती। इस योजना में पहले ही करीब 3 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। उस राशि से बहुत मजबूत फेंसिंग तैयार की जा सकती थी। लापरवाही से पूरा सिस्टम ही फेल हो गया।

> इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर हाथियों ने काम को नुकसान पहुंचाया है जिसको दुरुस्त करने के लिए स्टीमेट भेजा गया है। बजट आते ही काम को दुरुस्त कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मितौली (खीरी)।** थाना मितौली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त मुठभेड़ में रु.50,000 इनामी शातिर अपराधी इरफान पुत्र खानु निवासी गूलरा टांडा, थाना मझगई को गिरफ्तार किया। नवोदय विद्यालय रोड से पिरई नदी मार्ग पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही इरफान ने फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में दोनों पैरों में गोली लगी। उसके कब्जे से 12 बोर तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी गैंगस्टर एक्ट का वांछित अपराधी है। इलाज के बाद उसे जेल भेजा गया।

### पुलिस की लापरवाही से चोर बेखौफ, घर में बंधी दो भैंसों की हुई चोरी

**पसगवां (खीरी)।** बरवर चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा जानीपुर में पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। बीती रात गांव में एक घर से दो भैंसें चोरी हो गईं, लेकिन क्षेत्र में गश्त न होने के चलते चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। ग्राम निवासी हरिहर सिंह ने बताया कि उनकी दोनों भैंसें घर के अंदर बरामदे में बंधी थीं। रात्रि लगभग 12 बजे कुछ अज्ञात चोर भैंसों को खोलकर आधा किलोमीटर दूर ले गए और एक पिकअप वाहन में चढ़ा दिया। हरिहर सिंह ने पीछा कर चोरों को रंगे हाथों पकड़ने की कोशिश की, लेकिन चोरों ने धमकी दी कि लौट जाओ वरना गोली मार देंगे। डर के मारे वह घर लौट आए। घटना के बाद ग्रामीणों को जानकारी दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर चोरी की पुष्टि की। पुलिस को तत्काल सूचना दी गई, लेकिन देर रात तक न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही कोई सुराग मिल सका। पीड़ित ने बरवर चौकी में लिखित शिकायत दे दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बरवर चौकी क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस द्वारा नियमित गश्त नहीं की जा रही। कुछ दिन पहले भी चौकी से कुछ दूरी पर एक कनवर्टर चोरी हो गया था, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। स्थानीय नागरिकों ने चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि यदि समय से गश्त होती तो इस प्रकार की वारदातें रोकी जा सकती थीं। लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# डाकखाने में फंसी बहनों की राखियां, हुईं परेशान

- सिस्टम अपडेट के चलते नहीं बांटें जा रहे पार्सल

तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज़।




तिकुनिया में बहनों की राखियां डाकखाने में फंसकर रह गई है। सिस्टम अपडेट के चलते पार्सल वितरित नहीं किए जा रहे है। डाक अधीक्षक यह समस्या पूरे देश में होने की बात कह रहे हैं।

दूर दराज से बहनों ने डाक विभाग के माध्यम से अपने भाइयों को राखियां भेजी थी। जो डाक विभाग में रुकी हुई है। जिससे बहने परेशान होने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से डाक विभाग पार्सल नहीं बांट रहा है। तिकुनिया उपडाकघर पहुंचकर और स्थिति की जानकारी ली गयी। जहां तमाम लोग अपना पार्सल न मिलने की शिकायतें कर रहे थे। पोस्ट मास्टर भीमेंद्र ने बताया कि पूरे देश में ऐसी स्थिति बनी हुई है। डाक विभाग सिस्टम अपडेट कर रहा है। इसके बाद डाक अधीक्षक सुमनेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह हालात पूरे देश में है। सिस्टम अपडेट की प्रक्रिया चल रही है दो से तीन दिनों में व्यवस्था दुरुस्त होने की पूरी उम्मीद है।

# खाद की आस में तर बतर किसान, साधन सहकारी समिति बना संकट का केंद्र

- साधन सहकारी समिति में खाद के लिए हाहाकार, किसान बरसात में भी घंटों लाइन में खड़े
- खरीफ फसल पर मंडरा रहा है संकट, प्रशासन बेपरवाह

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।



खरीफ फसल के लिए जरूरी यूरिया खाद की भारी किल्लत ने किसानों को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है। एक ओर झमाझम बारिश थमने का नाम नहीं ले रही, वहीं दूसरी ओर किसान घंटों लाइन में भीगते हुए खाद के लिए तड़प रहे हैं। हालात यह हैं कि मंगलवार को ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की साधन सहकारी समिति, गोंधिया के मालपुर स्थित खाद वितरण केंद्र पर सुबह 7 बजे से ही किसानों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई थी, लेकिन दोपहर तक अन्नदाता किसानों को निराशा ही हाथ लगी।

प्रशासन की बदइंतजामी का आलम यह रहा कि बढ़ती भीड़ को संभालने के बजाय किसानों की खाता पुस्तिकाएं जमा कराकर अगले दिन आने का फरमान सुना दिया गया। अब बुधवार को खाद दी जाएगी, वो भी किताबों के आधार पर। सवाल यह है कि क्या फसल इंतजार करेगी? बारिश में भीगते किसान, 8/10 किलोमीटर दूर से आए, बिना खाए-पिए, खाली झोली लिए खड़े रहे। टोकन का इंतजार करते-करते कई किसान बेसुध हो बैठे। अगर लाइन छोड़ दी, तो नंबर चला जाएगा, इस डर से किसान बारिश में भी डटे रहे। कई किसानों की मानें तो फसलें पीली पड़ने लगी हैं। यूरिया नहीं मिला तो बर्बादी तय है। गोंधिया के किसानों ने साफ कहा- हमें राजनीति नहीं, खाद चाहिए। बारिश ने खेतों में पानी तो पहुंचा दिया, पर खाद नहीं मिली तो सारी मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी।

सवाल यह भी है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा? किसानों की मांग है कि तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद की व्यवस्था की जाए, वरना यह खरीफ सीजन पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। बारिश से भी ज्यादा कहर अब सरकारी तंत्र की सुस्ती ढा रही है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में अन्न संकट का खतरा भी मुँह बाए खड़ा है।

# बरम बाबा मंदिर परिसर में अवैध पेड़ कटाई का मामला, पुजारी से की गई गाली-गलौज

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।

- धार्मिक स्थल में पर्यावरण संरक्षण की कोशिशों को असामाजिक तत्वों ने पहुंचाया नुकसान
- मंदिर समिति ने की कार्रवाई की मांग

वन रेंज भीरा क्षेत्र में स्थित बरम बाबा मंदिर, जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं, अब एक गंभीर विवाद का केंद्र बन गया है। मंदिर समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत किए गए वृक्षारोपण को असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाते हुए कई पेड़ों की अवैध कटाई कर दी। इतना ही नहीं, विरोध करने पर मंदिर के पुजारी से अभद्रता भी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरम बाबा मंदिर परिसर में कुछ माह पूर्व चार सागौन और एक शहतूत के पेड़ रोपित किए गए थे। यह वृक्ष मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से लगाए गए थे, ताकि मंदिर क्षेत्र को हराभरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके।

लेकिन दिनांक 4 अगस्त 2025 की तड़के लगभग 4 बजे, ध्यान सिंह पुत्र छोटे सिंह, शर्मा पुत्र छोटे सिंह और उनके परिजनों द्वारा उक्त पांचों पेड़ों को कथित रूप से अवैध रूप से काट दिया गया। जब मंदिर के पुजारी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे गाली-गलौज की और उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मंदिर समिति के अध्यक्ष महेश पुत्र दाता राम ने वन विभाग के भीरा रेंज कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की शिकायत मिलने के बाद अभी तक वन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लोगों को उम्मीद है कि इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा सादुल्लानगर, नालियों के अभाव से परेशान हो रहे लोग

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



स्थानीय बाजार क्षेत्र के नागरिक इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव से खासे परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या नालियों के अभाव की है, जिससे बरसात के मौसम में लोगों के घरों में पानी भर जाता है और गंदगी फैल जाती है। यह समस्या उनके रोजमर्रा के जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही है।

स्थानीय निवासी रामबहोर वर्मा, प्यारेलाल, रामदीन, वाजिद अली, रानी, अखिलेश, राममिलन और राजू समेत कई लोगों ने बताया कि भाजपा सरकार के आठ साल के कार्यकाल में भी सादुल्ला नगर बाजार जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्र को अभी तक आवश्यक बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और गंदा पानी घरों में घुस आता है। घरेलू नालियों का पानी बाहर न निकल पाने से बीमारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बाजार क्षेत्र में नालियों का निर्माण कराया जाए ताकि जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात मिल सके। उनका कहना है कि नालियों के निर्माण से न केवल सफाई व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि नागरिकों का जीवन भी सुगम हो सकेगा।

खमरिया में जलभराव से दोहरी मार-

# पोस्ट ऑफिस और सीएचसी दोनों बेहाल, बीमारी का बढ़ा खतरा

ईसानगर ( खीरी), समृद्धि न्यूज़।



बारिश ने खमरिया क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। एक तरफ जहां जर्जर पोस्ट ऑफिस में पानी घुसने से कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में जलभराव से बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया का पोस्ट ऑफिस पहले से ही जर्जर स्थिति में था, ऊपर से लगातार बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। बरसात का पानी कार्यालय के अंदर तक घुस गया है। कर्मचारी कीचड़ और गंदे पानी के बीच बैठकर काम करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑफिस में करंट उतरने की भी शिकायतें सामने आई हैं, जो बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। भवन कभी भी गिर सकता है।

वही खमरिया सीएचसी का हाल भी कुछ अलग नहीं है। अस्पताल परिसर और उसके चारों ओर जलभराव से मरीजों व तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है, जिससे डेंगू, मलेरिया व अन्य संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में भी दिक्कतें हो रही हैं क्योंकि आसपास के रास्ते भी कीचड़ और पानी से भरे हैं।

ग्राम पंचायत खमरिया की सड़कों की हालत भी बेहद दयनीय हो चुकी है। थोड़ी सी बारिश में रास्ते दलदल में तब्दील हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से मरम्मत नहीं हुई है, न ही नाला बना है और हर साल की तरह इस बार भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों ने अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पोस्ट ऑफिस और सीएचसी, सहित रास्तों की हालत पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। यदि समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाए गए तो जनजीवन खतरे में पड़ सकता है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को मिली जिम्मेदारी

- बनाएंगीं 31,600 तिरंगे झंडे

**रेहरा बाजार/बलरामपुर।** आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए बलरामपुर जनपद के रेहरा बाजार विकास खंड में विशेष पहल की जा रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास खंड के तीन महिला स्वयं सहायता समूहों को झंडा निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में एडीओ आईएसबी प्रदीप जयशील ने जानकारी देते हुए बताया कि लक्ष्मीबाई स्वयं सहायता समूह सहजौरा, लकी स्वयं सहायता समूह सहजौरा एवं नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह को कुल 31,600 तिरंगा झंडे तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। इन झंडों को समय रहते तैयार कर विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी समूहों ने झंडा निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है और तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे तय समयसीमा में सभी झंडे बनकर तैयार हो जाएं। यह पहल स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में 15 अगस्त को सभी घरों पर तिरंगा फहराया जाना है, जिसके लिए यह तैयारियाँ की जा रही हैं।

# डीएम ने तटबंधों पर संवेदनशील स्थलों की सघन निगरानी एवं बचाव सामग्री का पर्याप्त अग्रिम स्टॉक रखने का दिया निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।





विगत वर्ष आई बाढ़ के दौरान कटने वाले बेलवा सुल्तानजोत तटबंध पर कटान रोधी एवं सुरक्षात्मक कार्य का डीएम ने किया जायजा, बाढ़ खंड द्वारा बेलवा सुल्तानजोत तटबंध के सुरक्षा हेतु किया गया है पिचिंग एवं क्रॉस ड्रेनेज का कार्य बाढ़ प्रबंधन एवं बाढ़ राहत कार्य के दृष्टिगत डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ खंड के कार्यों का जायजा लिया गया। डीएम ने तहसील सदर में कोडारी घाट एवं बेलवा सुल्तानज तटबंध (एमएलटीडी) पर कटान रोधी एवं सुरक्षात्मक कार्य का जायजा लिया। विगत वर्ष आई बाढ़ के दौरान बेलवा सुल्तानज तटबंध (एमएलटीडी) पर कटान हुआ था । डीएम द्वारा बेलवा सुल्तानज तटबंध (एमएलटीडी) पर कटान रोधी एवं सुरक्षात्मक पिचिंग एवं क्रॉस ड्रेनेज का जायजा लिया गया एवं कटान रोधी सामग्री के अग्रिम स्टॉक का स्थलीय सत्यापन किया गए। उन्होंने तटबंध की सघन निगरानी एवं कटान रोधी सामग्री के अग्रिम स्टॉक की उपलब्धता का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कोडारी घाट पर तटबंध के कटान रोधी एवं सुरक्षात्मक कार्य का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप सिंह, एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता , अधिशाषी अभियंता बाढ़, सहायक अभियंता बाढ़ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# 14 लखपति दीदियां 15 अगस्त को लाल किले पर ध्वजारोहण की बनेंगी साक्षी

**▸ उत्तर प्रदेश की सशक्त महिलाएं बनेंगी केंद्र सरकार की विशिष्ट अतिथि**

समृद्धि न्यूज



**देशभर से आ रहीं 700 से अधिक महिलाओं में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व रहेगा उत्तर प्रदेश का, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान इन सभी लखपति दीदियों की करेंगे मेजबानी**

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर लाल किले की प्राचीर से ध्वजारोहण समारोह में उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियां विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनीं इन महिलाओं को केंद्र सरकार की ओर से विशेष सम्मान दिया जाएगा।

देशभर से आ रहीं 700 से अधिक महिलाओं में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश का रहेगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान इन सभी लखपति दीदियों की मेजबानी करेंगे। ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था रक्षा मंत्रालय की तरफ से की जा रही है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की टीम के साथ यूपी से दो विशेष प्रतिनिधि भी दिल्ली जाएंगे।

मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच और योजनाओं के परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश की लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनी हैं।

ये महिलाएं घर पर ही घी, अचार, पापड़, नमकीन के उद्यम स्थापित करते हुए अन्य घरेलू उत्पाद तैयार कर न केवल अपना बल्कि अन्य महिलाओं का भी जीवन संवार रही हैं। इन्हीं प्रेरणादायक महिलाओं में से चयनित 14 लखपति दीदियां 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व पर दिल्ली में लाल किले पर होने वाले समारोह की साक्षी बनेंगी।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर महिलाओं में उत्साह

स्वतंत्रता दिवस को लेकर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं में खासा उत्साह है। प्रत्येक लखपति दीदी को उनके पति या किसी एक सहयोगी के साथ दिल्ली भेजा जाएगा। रक्षा मंत्रालय की ओर से ठहरने और भोजन की पूरी व्यवस्था की जाएगी। इन बहनों की मेजबानी स्वयं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इन महिलाओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दो विशेष प्रतिनिधि भी दिल्ली जाएंगे, जो वहां इनका मार्गदर्शन और सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इनकी सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ से इन सभी को रवाना करेंगे। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त हो रही हैं। लखपति दीदी अभियान ने गरीब ग्रामीण महिलाओं को सशक्त उद्यमी बनने का मार्ग दिखाया है। आज वे लाखों में कमा रही हैं और गांवों में बदलाव की नई इबारत लिख रही हैं।

# मंत्रियों व विधायकों की नाराजगी को गंभीरता से लेते हुए सीएम ने की मंडलवार संवाद की शुरुआत

समृद्धि न्यूज

**▸ झांसी, चित्रकूट, कानपुर, लखनऊ मंडलों में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को दिया गया अंतिम रूप**

**लखनऊ।** जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के बीच बढ़ती खटास पर सीएम योगी ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने मंत्रियों व विधायकों की नाराजगी को गंभीरता से लेते हुए मंडलवार संवाद की शुरुआत की है। बैठकों में सांसद, विधायक और अफसर साथ बैठकर विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

अफसरों पर मनमानी और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के आरोप लगे हैं तो अधिकारियों ने भी अनुचित दबाव की शिकायत की है। पंचायत और विधानसभा चुनावों से पहले सीएम का कदम प्रशासनिक सामंजस्य की दिशा में अहम माना जा रहा है। मंत्रियों ने खुलेआम नाराजगी जताई थी, वहीं कुछ जिलों में डीएम-एसडीएम का तबादला भी हुआ है। उत्तर प्रदेश में मंत्रियों और विधायकों द्वारा सरकारी अफसरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने व्यक्तिगत स्तर पर मामले में हस्तक्षेप किया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से लेकर राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला और नंद गोपाल गुप्ता नंदी तक- कई मंत्रियों ने अपने विभागों के अफसरों की शिकायतें की थीं। कहीं फोन न उठाने की बात थी तो कहीं योजनाओं को नजरअंदाज करने की शिकायतें हैं। मुख्यमंत्री ने साफ किया है कि अफसर बिना डर के काम करें लेकिन जनप्रतिनिधियों की बात को भी गंभीरता से सुनें। झांसी, चित्रकूट, कानपुर, लखनऊ मंडलों में बैठकों में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वे सांसदों और विधायकों को योजनाओं की जानकारी दें।

## खबरें एक नजर में

### चौक डिपो के वरिष्ठ वितरक जितेंद्र साहू का निधन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति चौक डिपो के प्रदीप कुमार वर्मा (अध्यक्ष) ने बताया कि चौक डिपो के वरिष्ठ वितरक जितेंद्र साहू का 5 अगस्त 2025 को प्रातः काल 9.45 आकस्मिक निधन हो गया है। इनकी उम्र लगभग 47 वर्ष इनके पिता स्वर्गीय सिद्धनाथ साहू नाई बाड़ा निवासी है। इनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट शाम 4.30 बजे चौक मैं किया गया। इन्होंने अपने पीछ भाई और बहन, छोड़ गए हैं। चौक डिपो के अध्यक्ष व वितरक राजेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश दीक्षित, उमाशंकर मिश्रा, संजय अवस्थी, गोपाल नाथ शर्मा, हिमांशु, विजय, अनूप, आदर्श, आकाश सभी प्रेस के प्रतिनिधि उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### अस्पताल से लौट रहे बाप-बेटे की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में काकोरी के मोहान रोड स्थित दौली खेड़ा मोड़ पर सोमवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें उन्नाव निवासी बाप-बेटे की मौत हो गई। बाप बाइक से बेटे के साथ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती अपनी पत्नी को देखकर घर लौट रहा था। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों हवा में उछलकर दूर जा गिरे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान उन्नाव के माखी थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव निवासी धर्मपाल (46) और उनके बेटे गोविंद (26) के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती धर्मपाल की पत्नी का हालचाल लेकर देर रात ढाई बजे के करीब बाइक से घर लौट रहे थे।

### जीआरपी ने 35 लाख के फोन किए बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ रेलवे स्टेशन और आस-पास के स्टेशनों पर चलती ट्रेनों में यात्रियों द्वारा दर्ज कराई गई मोबाइल गुमशुदगी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जीआरपी ने एक विशेष मोबाइल रिकवरी अभियान चलाया। इस तकनीकी और टीमवर्क पर आधारित अभियान के तहत अब तक लगभग 35 लाख रुपए की कीमत के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिन्हें यात्रियों को विधिवत सत्यापन के बाद सुपुर्द भी कर दिया गया। यह कोई साधारण बरामदगी नहीं थी। इनमें कई मोबाइल उत्तर प्रदेश के बाहर के शहरों और राज्यों से भी ढूंढ़कर लाए गए। जीआरपी की यह कोशिश न सिर्फयात्रियों के विश्वास को फिर से स्थापित करने वाली है, बल्कि रेलवे सुरक्षा व्यवस्था के प्रति एक नई उम्मीद भी जगाती है। एसपी रेलवे रोहित मिश्रा ने बताया कि यह सफलता उनकी पूरी टीम के सहयोग से ही संभव हो सकी।

### डग्गामार वाहनों के खिलाफ फूटा कर्मचारियों का गुस्सा, प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के अवध बस स्टैंड पर मंगलवार को रोडवेज कर्मचारियों ने डग्गामार (अवैध निजी) वाहनों के खिलाफजोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग के तमाम अभियानों के बावजूद शहर के प्रमुख रूटों पर धड़ल्ले से प्राइवेट वाहन सवारियां उठा रहे हैं, जिससे रोडवेज की आय पर असर पड़ रहा है। प्रदर्शन इतना उग्र हो गया कि कामता चौराहे के पास ही रोडवेज ड्राइवरों ने बसें सड़क पर खड़ी कर दीं। इससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों का कहना था कि जब तक डग्गामार वाहनों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक विरोध जारी रहेगा। एआरटीओ (प्रवर्तन) मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को शांत कराने की कोशिश की। हालांकि, गुस्साए कर्मचारियों ने उनके खिलाफ भी नारेबाजी की और एआरटीओ मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए।

### दबंगों ने दोस्तों को पीटा, दो माह के हस्की पपी की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम में 7-8 युवकों ने दो दोस्तों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। हाथ में पहने कड़े से मारकर उनका सिर फोड़ दिया। इस दौरान गंभीर रूप से चोट लगने से उनके 2 माह के हस्की पपी (कुत्ते) की मौत हो गई। पीड़ित ने मामले की तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना 1 अगस्त को राजाजीपुरम स्थित पेट्रोल पंप पर हुई। मामले की सीसीटीवी फुटेज आज सामने आई है। वारदात के समय पीड़ित प्रफुल दीप श्रीवास्तव अपने दो माह के बीमार हस्की पपी को दोस्त अक्षत के साथ डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। रास्ते में पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए रुके थे, तभी हमलावरों ने उनकी पिटाई कर दी। पीड़ित प्रफुल दीप श्रीवास्तव ने बताया कि उनके दो माह के हस्की पपी तबीयत खराब थी। 1 अगस्त की सुबह करीब 11.30 बजे अपने दोस्त अक्षत के साथ हस्की पपी को डॉक्टर के पास जा रहे थे।


### एनसीसी दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ मुख्यालय के अंतर्गत 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कैंप कमांडेंट कर्नल (डॉ) दिनेश कुमार पाठक तथा प्रशासनिक अधिकारी मेजर दिव्या शर्मा के नेतृत्व में दो एम टी बटालियन एएमसी सेंटर एंड कॉलेज में चल रहे दस दिवसीय शिविर का मंगरवार को निरीक्षण किया गया। लखनऊ ग्रुप एनसीसी मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया, उनको बालिका कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। तत्पश्चात उन्होंने शिविर में चल रहे प्रशिक्षण, ट्रेनिंग एरिया, लिविंग एरिया, चिकित्सकीय व्यवस्था, कुक हाउस का निरीक्षणकिया, कैंप प्रशिक्षण अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कैंप की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की,कैडेट्स को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को अच्छा नागरिक बनाना है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए कैंप में चल रहे प्रशिक्षण की उन्होंने सराहना की।

### रोजगार मेले में 56 युवाओं का हुआ चयन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में वेकमेट इंडिया लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, बी-एबल फाउंडेशन डॉ. लाल पैथलैब्स तथा श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक युवाओं को चयनित करने का आग्रह किया और चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र जॉइनिंग हेतु प्रेरित किया। ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एम ए खान ने बताया कि रोजगार मेले में 78 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 56 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित युवाओं को कंपनियों द्वारा 10,000 से 19,000 रूपए प्रतिमाह तक का वेतन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो अभ्यर्थी इस मेले में भाग नहीं ले सके, वे आगामी रोजगार मेले में 21 अगस्त को आईटीआई अलीगंज लखनऊ में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### दमदार फीचर्स के साथ लॉन्च हुई रेनॉल्ट ट्राइबर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में ऑटोमोबाइल प्रेमियों का इंतजार खत्म हुआ। हज़रतगंज स्थित एमजी चैरियट्स प्रा.लि. के शोरूम में नई फीचर्स और मनभावन लुक से ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली इस गाड़ी की धूमधाम से लांचिंग हुई। इस मौके पर शहर के गणमान्य व्यक्ति और ऑटोमोबाइल जगत के विशेषज्ञ मौजूद थे। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नमिता द्विवेदी (मैनेजर, SCS SPV) और मनमोहन यादव (स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर ष्टस्ष्ट) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रबंध निदेशक आशीष अग्रवाल और उनकी पत्नी वंदिता अग्रवाल ने भी इस समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। रेनो इंडिया प्रा लि.की ओर से एएसएम जितेश सिंह और विभिन्न बैंकों के प्रबंधक भी इस अनावरण के साक्षी बने।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त चेतावनी के बाद विभाग ने जर्जर भवनों के विरुद्ध तेज किया अभियान**

# एक्शन मोड में बेसिक शिक्षा विभाग, ध्वस्त होंगे जर्जर भवन

**▸ अब विभाग का फोकस है, सुरक्षा, जवाबदेही व त्वरित कार्रवाई**

समृद्धि न्यूज

Uttar Pradesh Basic Education Board
सर्व शिक्षा अभियान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त चेतावनी के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालय परिसरों में स्थित जर्जर भवनों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को देखते हुए विभाग ने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि वे जर्जर ढांचों का तत्काल चिह्नांकन कर सत्यापन, मूल्यांकन और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को शीर्ष प्राथमिकता दें। जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारी और खण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करना शुरू कर दिए हैं।

यह निर्णय हाल ही में कुछ विद्यालय परिसरों में जर्जर भवनों की स्थिति उजागर होने के बाद लिया गया है, जिससे बच्चों की जान को खतरा और विभाग की छवि दोनों प्रभावित हुए हैं। अब विभाग का फोकस है, सुरक्षा, जवाबदेही और त्वरित कार्रवाई। इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

यदि किसी जर्जर भवन के गिरने या किसी प्रकार की दुर्घटना की सूचना मिलती है तो संबंधित अधिकारी को सीधे उत्तरदायी मानते हुए उसके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### जिन्हें न ध्वस्त किया जा सके, उन्हें 'निष्प्रयोज्य' घोषित कर सील किया जाएगा

यदि किसी कारणवश जर्जर ढांचों को तत्काल ध्वस्त नहीं किया जा सकता, तो ऐसे भवनों की चारों दीवारों पर निष्प्रयोज्य या प्रवेश निषेध लिखवाना अनिवार्य किया गया है। साथ ही उन्हें चिनाई कर पूर्ण रूप से सील करने के निर्देश भी दिये गये हैं, जिससे विद्यार्थियों की पहुंच उस स्थान तक न हो सके। विद्यालय भवनों की छतों पर जलजमाव, पत्तों और कचरे के कारण सीलन की समस्या उत्पन्न होती है। उससे भवन क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। ऐसे में नगर पंचायत/ग्राम पंचायत के माध्यम से छतों की नियमित साफ सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### सत्यापन और मूल्यांकन की प्रक्रिया को गति

विभिन्न जनपदों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जर्जर भवनों की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक जनपद में जर्जर ढांचों का तत्काल चिह्नांकन कर तकनीकी समिति को सत्यापन एवं मूल्यांकन के लिए सूची सौंपी जाएगी। यह कार्य समयबद्धता के साथ सुनिश्चित कराना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। पूर्व में चिह्नित ढाँचों के भी शीघ्र सत्यापन और रिपोर्टिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। तकनीकी समिति द्वारा जर्जर घोषित किए गए भवनों में किसी भी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां संचालित नहीं की जाएंगी। विद्यार्थियों के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था अन्य सुरक्षित कक्षों, विद्यालय भवनों, पंचायत भवनों या ग्राम सचिवालय आदि में कराना जाना अनिवार्य किया गया है।

## मिठाई-नमकीन की जांच खाद्य पदार्थों के 53 नमूने भेजे गए लैब

**लखनऊ।** रक्षाबंधन जैसे त्योहार पर बाजारों में मिठाई और दूध उत्पादों की मांग बढ़ जाती है, लेकिन इसी के साथ मिलावटखोरी का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। इसको लेकर लखनऊ प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी लखनऊ और आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश के निर्देश पर एक व्यापक अभियान चलाया गया, जिसके तहत राजधानी के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 53 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अभियान के तहत बूंदी लड्डू, गुलाब जामुन, दूध बर्फी, मिल्क केक, खोया, पनीर, पेड़ा, बेसन, पेय पदार्थों और दूध जैसे खाद्य उत्पादों के नमूने शहर के अलग-अलग इलाकों में मौजूद प्रतिष्ठानों से लिए गए।

# अभियान : शिकायतों के आधार पर हटाई अवैध डेरियां, 17 पशु जब्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा शहरी स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मंगलवार जोन-7 के गुडम्बा थाना क्षेत्र में अवैध डेरियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया।

नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश एवं अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव के आदेशानुसार पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत मिश्रपुर एवं शंकरपुरवा द्वितीय (रेनबो पब्लिक स्कूल के पास, कल्याणपुर-कंचना बिहारी मार्ग) स्थित अवैध डेरियों पर कार्रवाई की गई। मिश्रपुर क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण कर बांधे गए पशुओं को हटाया गया, जबकि शंकरपुरवा में संचालित अवैध डेरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। कुल 17 पशु (06 भैंस, 10 गायें एवं 01 पड़िया) जब्त किए गए, जिन्हें आलमबाग स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है।

इन पशुओं को केवल निर्धारित जुर्माना जमा करने के पश्चात ही छोड़ा जाएगा। यह कार्रवाई पोर्टल व स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के आधार पर की गई थी, जिनमें डेरी संचालकों द्वारा गोबर को खुले प्लॉटों में फेंकने एवं नालियों में बहाने से गंदगी, जलभराव और मच्छरजनित रोगों की आशंका व्यक्त की गई थी।

## सपा ने लॉन्च किया अपना यू ट्यूब चैनल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी भी अब डिजिटली स्ट्रांग होने जा रही है। उत्तर प्रदेश में अगले साल पंचायत चुनाव और 2027 में विधानसभा चुनाव हैं। समाजवादी पार्टी ने कमर कस ली है। सपा अपनी राजनीतिक गतिविधियों और नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए डिजिटल माध्यम का सहारा ले रही है। समाजवादी पार्टी ने सपा टीवी नाम से अपना यूट्यूब चौनल लॉन्च किया है। इस पर हर रात 9 बजे अखिलेश यादव के दिन भर के महत्वपूर्ण बयान और निर्देश दिखाए जाएंगे। सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि चैनल का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। नई डिजिटल पहल का उद्देश्य पार्टी की हर नीति और जन सरोकार से जुड़ी बातों को जनता तक पहुंचाना है।

# पुलिस नहीं रोक सकती पीडीए पाठशाला को

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा पीडीए पाठशाला को पुलिस नहीं रोक सकती है। सीएम योगी को खुद पाठशाला में आकर हालात देखने चाहिए। सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि उसने कई स्कूल बंद कर दिए। कुछ का विलय किया है। सपा कार्यकर्ता तब तक छात्रों को पढ़ाते रहेंगे जब तक उन स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती है।

अखिलेश मंगलवार को जनेश्वर मिश्र की जयंती पर लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क में माल्यार्पण के लिए पहुंचे थे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि याद करिए सांसद इकरा हसन के बारे में भाजपा नेता ने क्या कहा। इसी तरह महिलाओं के प्रति इनकी व्यवहार और भाषा क्या है। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा माफिया कौन है? यह सभी जानते हैं। वस्त्र बदलने से कोई कुछ नहीं बन जाता है। आज जमीन की बात कर रहे हैं। आप पता करिए, लखनऊ के जितने तालाब थे, सब भाजपा ने कब्जा कर लिया है। सारे वेटलैंड भाजपा के लोगों ने कब्जा किए।

अखिलेश ने कहा कि जो लोग दूसरे पर आरोप लगाते थे। क्या उनके अंडरवर्ल्ड से संबंध नहीं थे। हालांकि, उन्होंने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया। दुख तो इस बात का है कि अंग्रेजों ने भी पढ़ाई को लेकर किसी पर एफआईआर नहीं लिखवाई। ये सरकार सोचती है कि पुलिस के बल पर हमारी पीडीए पाठशाल को बंद कर देगी। हम समाजवादी संकल्प लेते हैं, जब तक सरकार वहां पर टीचर-प्रिंसिपल नहीं पहुंचा देती है, तब तक पीडीए पाठशाला चलती रहेगी। मुख्यमंत्री को जरूरत है कि वो भी पाठशाला जाएं। कम से कम जाकर देखें पाठशालाओं का क्या हाल है? उन्हीं के जिले में पाठशाला की छत गिरी, जिसमें बच्चे घायल हो गए। लखनऊ में हमने अभिनय, संस्कृति स्कूल खोला था। संस्कृति स्कूल देश-दुनिया में सबसे अच्छा स्कूल होता, लेकिन ये शिक्षा के खिलाफ हैं।

# 6-13 अगस्त तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान

समृद्धि न्यूज

**▸ हर दिव्यांग को अवसर और सम्मान का संकल्प लेकर आगे बढ़ा रही योगी सरकार**

**▸ आईटीआई व कौशल मिशन से प्रशिक्षित दिव्यांगों को स्थानीय उद्योगों में किया जाएगा सेवायोजित**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 06 से 13 अगस्त, 2025 तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। अभियान के तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में कौशल प्रशिक्षित एवं अन्य पात्र दिव्यांगजनों को सेवायोजन के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इससे उनकी आजीविका को मजबूती मिलेगी और वे स्वावलंबन की राह पर अग्रसर होंगे।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल के निर्देशन में कौशल विकास मिशन ने दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए पहली बार ऐसी पहल की है। इसके अंतर्गत, विगत तीन वर्षों में आईटीआई, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित दिव्यांगों की जनपदवार सूची तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है, ताकि उनका स्थानीय उद्योगों में सीधा सेवायोजन सुनिश्चित हो सके। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों, दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारियों, जिला उद्योग उपायुक्तों एवं समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक कर अभियान के संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार, वर्ष 2025-26 में सभी प्रशिक्षण लक्ष्यों में दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इससे उन्हें सम्मानजनक जीवन और रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।दिव्यांग विश्वविद्यालयों और राजकीय संकेतक विद्यालयों के विद्यार्थियों को कोर्सवार मांग के अनुसार कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम के तहत कक्षा 9 से 12 तक के दिव्यांग विद्यार्थियों को कौशल विकास से जोड़ा जाएगा। इस अभियान में शामिल होने और रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांगजन, अपने जनपद के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी कार्यालय से तत्काल संपर्क कर सकते हैं।

## विधानसभा में कार्यशाला 10 को, आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ देंगे जानकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र से पहले उत्तर प्रदेश के विधायकों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यशाला 10 अगस्त को विधानसभा में होगी। अगले दिन यानि 11 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होगा। प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने सभी सदस्यों को 4 अगस्त को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि शनैः-शनैः विधायिका में आधुनिक टेक्नोलॉजी की सुविधाएं स्थापित हो रही हैं, जिससे विधायिका का स्वरूप बदल रहा है। आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विधायिका के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद रूप से लागू होगी।

# एनसीसी ग्रुप कमांडर लखनऊ ब्रिगेडियर ने प्रशिक्षण शिविर का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ मुख्यालय के अंतर्गत 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कैंप कमांडेंट कर्नल (डॉ) दिनेश पाठक तथा प्रशासनिक अधिकारी मेजर दिव्या शर्मा के नेतृत्व में दो एमटी बटालियन एएमसी सेंटर एंड कॉलेज में चल रहे 10 दिवसीय शिविर में 05 अगस्त 2025 को लखनऊ ग्रुप एनसीसी मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया, उनके आगमन पर सर्वप्रथम बालिका कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने शिविर में चल रहे प्रशिक्षण, ट्रेनिंग एरिया, लिविंग एरिया, चिकित्सकीय व्यवस्था, कुक हाउस का अवलोकन किया। कैंप प्रशिक्षण अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कैंप की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कैडेटों को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को अच्छा नागरिक बनाना है। कैंप में चल रहे प्रशिक्षण की सराहना करते हुए ब्रिगेडियर श्रीवास्तव ने कैडेटों को सदैव दृढ़ संकल्प के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण से अपने लक्ष्य पर केंद्रित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**बदलता यूपी**

**सीएम योगी के नेतृत्व में उप्र केवल एक राज्य नहीं बल्कि भारत की नई आर्थिक रफ्तार का बना इंजन**

# देश के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में शुमार हो चुका है उत्तर प्रदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, जो कभी गड्ढों से भरी सड़कों, बदहाल बुनियादी ढांचे और विकास की सुस्त रफ्तार के लिए पहचाना जाता था, आज देश के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में शुमार हो चुका है। 2017 से पहले की सरकारों के कार्यकाल में न तो ठोस इच्छाशक्ति थी और न ही स्पष्ट योजना। राज्य में निवेश का सूखा था, सड़कों की हालत जर्जर थी, हवाई और रेल कनेक्टिविटी सीमित थी और शहरी विकास अव्यवस्थित था।

एक जिला, एक माफिया की पहचान वाला उत्तर प्रदेश, कानून-व्यवस्था और अधोसंरचना दोनों मामले में पिछड़ा हुआ माना जाता था। लेकिन 2017 में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जब प्रदेश में सुशासन की बागडोर संभाली गई, तब केंद्र-राज्य समन्वय की बदौलत उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति की नींव पड़ी। आज एक्सप्रेसवे से लेकर एयरपोर्ट तक, मेट्रो से लेकर वॉटर-वे तक हर क्षेत्र में यूपी देश को नेतृत्व दे रहा है। आज सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की नई आर्थिक रफ्तार का इंजन बन चुका है। 2017 से पहले केवल लखनऊ मेट्रो पर काम चल रहा था, जिसकी रफ्तार भी बेहद धीमी थी।

### शहरी विकास में नई पहचान

2017 से पहले यूपी के शहर कूड़े और अराजकता के लिए बदनाम थे। आज 17 नगर निगम स्मार्ट सिटी बन चुके हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सभी 17 नगर निगमों में 10 हजार 300 करोड़ से अदिक की 757 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। लखनऊ, कानपुर और वाराणसी को स्टेट डेवलपमेंट रीजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। सीसीटीवी नेटवर्क, सेफ सिटी प्रोजेक्ट और क्लीन सिटी मिशन ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। वाराणसी में देश की पहली रोपवे सेवा भी शुरू होने जा रही है।

### बदहाल सड़क से लेकर एक्सप्रेसवे के विस्तार तक

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गड्ढायुक्त सड़कों से होती थी। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे अधूरा था और पूर्वांचल, बुंदेलखंड तथा गंगा एक्सप्रेसवे जैसी योजनाएं केवल फाइलों में सिमटी थीं। गांव और कस्बे शहरों से कटे हुए थे, जिससे आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती थीं। आज वही प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। गोरखपुर लिंक, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और आने वाले दिनों में गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7 एक्सप्रेसवे संचालित हो रहे हैं, जबकि 15 एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन और प्रस्तावित हैं। गंगा एक्सप्रेस वे के पूरा होते ही देश में हर 10 में 6 किमी. एक्सप्रेसवे का हिस्सा उत्तर प्रदेश में होगा। यूपी में एक्सप्रेसवे न केवल राजधानी या बड़े शहरों, बल्कि बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई जैसे क्षेत्रों को भी जोड़ रहे हैं।

### ग्रामीण कनेक्टिविटी से व्यापार और सेवा पहुंच मजबूत

बीते 8 वर्षों में प्रतिदिन औसतन 11 किमी. नई सड़क और 9 किमी. सड़क चौड़ीकरण हुआ है। अब तक 32,000+ किमी. ग्रामीण मार्ग और 25,000 किमी. सड़कें सुदृढ़ हो चुकी हैं। हर जिला मुख्यालय को फोरलेन, तहसील को फोरलेन और ब्लॉक को टू/फोरलेन सड़कों से जोड़ने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए सुधार से पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। 2017 में जहां यूपी में 21 करोड़ पर्यटक आते थे, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ तक पहुंच गई। प्रयागराज महाकुम्भ में ही 67 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। बढ़ती कनेक्टिविटी, धार्मिक शहरों का कायाकल्प और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ने यूपी को पर्यटन की राजधानी बना दिया है।

# मेरा घर-मेरा रास्ता अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं



**देवीपाटन /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 एवं ओडीएफ प्लस के स्थायित्व तथा सृजित परिसम्पर्तियों की क्रियाशीलता के सम्बन्ध में मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल आयोजन हेतु समस्त विकास खण्ड स्तर से समस्त खण्ड प्रेरक, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), खण्ड विकास अधिकारी, जनपद स्तर से समस्त जिला कन्सलटेन्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिये। आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छा कार्य करने वाले जनपदों को बधाई दी एवं डीपीआरओ व अन्य को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।

**स्वच्छता स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक:** आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ्य व पर्यावरण से सीधा जुड़ाव हुआ है। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए स्वच्छता बेहद आवश्यक है। जब स्वच्छता होगी तभी स्वास्थ्य व पर्यावरण सही रहेगा। स्वच्छता को ईशरत्व के समीप बताया गया है स्वच्छता के अभाव में विभिन्न रोग उत्पन्न होते हैं। हम सभी को स्वच्छ गांव, स्वच्छ जिला, स्वच्छ मंडल, स्वच्छ राज्य सहित स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण करना होगा। सभी अधिकारी व कर्मचारी भी स्वेच्छा से साफ सफाई अभियान में हिस्सा ले व अपने कार्यालय एवं आवास को साफ सुथरा बनाए रखें।

**ग्राम सचिवालय पर हो शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण**

इस मौके पर उन्होंने ग्राम सचिवालय का महत्व बताते हुए कहा कि गांव की शिकायतों को ग्राम सचिवालय स्तर पर ही निस्तारित कर दिया जाए। किसी भी शिकायत का सतही निस्तारण बिल्कुल ना किया जाए। शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिससे कि शिकायत ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, मंडल स्तर व प्रदेश स्तर तक न जाने पाए। ग्राम सचिवालय को सशक्त बनाते हुए शिकायतों का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए।

- पूरे मंडल में मेरा घर मेरा रास्ता अभियान को पहुंचाया
- कूड़े के साथ न फंके नुकीली वस्तु
- स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए स्वच्छता बेहद आवश्यक

# शरीर के 24 तत्वों में एक तत्व अभिमान है: श्री रविशंकर जी महराज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

श्री महापुराण कथा को लेकर गोंडा नगर में श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा गोंडा के तत्वाधान में सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित शारदा मैरिज लान में आयोजित सातवें दिन मंगलवार को प्रातः 6 बजे से पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक का पूजन मधु मिश्रित जल से अभिषेक हुआ और इस अभिषेक से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। पार्थिव पूजन के समय तमाम भक्तगण मौजूद रहे। सोमवार को सांयकाल तृतीय दिवस की कथा में श्री रविशंकर जी महाराज गुरु भाई जी ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार शरीर 24 तत्वों से बना है। जिसमें एक तत्व अभिमान है लेकिन अभिमान व्यक्ति को नहीं करना चाहिए ।रावण जैसे विद्वान पंडित को भी अभिमान करना फली भूत नहीं हुआ। साथ ही साथ श्री मां गंगा जी के अवतरण की कथा व शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा भी सुनाई ।कथा को सुनकर भक्तों का हृदय मंत्र मुग्ध हो गया। सुंदर-सुंदर भजनों पर लोग खूब झूमे।कथा स्थल पर उज्जैन से आईं महाकाल की विराट झांकी सजी हुई थीं। कथा में मुख्य यजमान श्रीमती आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहे। कथा के दौरान बीच-बीच में भगवान भोलेनाथ की भजनों की अमृत वर्षा हुई। कथा में साज सज्जा और कोरस पर शिवा पंडित और राघव पंडित ग्रुप रहा। कथा समाप्ति पर आरती हुई उसके बाद प्रसाद वितरण होगा। कथा के दौरान संदीप मेहरोत्रा, शिव शंकर सोनी,रवि सोनी,अमित सोनी,अंकित रस्तोगी, नितिन रस्तोगी,संजय रस्तोगी,दीपक मराठा, गोविंदा महराज,देवेंद्र सोनी, आयूष सोनी ,रमेश गुप्ता, दिलीप मिश्रा, माया सोनी,कनक लता सोनी, निहारिका रस्तोगी, वन्दना रस्तोगी, आशा रस्तोगी, आंचल सोनी, सोनिया रस्तोगी,ममता सोनी, रंजना सोनी सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।



## लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा लगाया गया निशुल्क रक्तदान शिविर



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 अगस्त 2025 को लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा डॉक्टर एसपीएम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में निशुल्क रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में अध्यक्ष लायन बसंत नेवटिया, कोषाध्यक्ष लायन राजीव अग्रवाल, लायन डॉ. मृणाल पांडे, लायन डॉ. केके मिश्रा, लायन राजकुमार जायसवाल, लायन अजय मित्तल, लायन विवेक लोहिया, लायन सुमन मित्तल, लायन करूणा नेवटिया, लायन पूनम लोहिया आदि मौजूद रहे।

# रामकुमार नारद को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

साहित्यकार रामकुमार नारद को काशी विद्यापीठ द्वारा मानद उपाधि विद्या वाचस्पति साहित्य में (डॉक्टरेट डिग्री) दिया गया। काशी विद्यापीठ की ओर से कुल सचिव इंद्रजीत तिवारी निर्भीक व उप कुलपति ओम प्रकाश द्विवेदी ने यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस दौरान अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र आदि भेंट किया गया। खचाखच भरे सभागार में उपस्थित लोगों ने जबरदस्त तालियां बजाकर स्वागत किया अथर्व फैमिली सभागार तेलिया बाग वाराणसी में काशी, प्रयागराज, सोनभद्र, पडरौना, संत कबीर नगर, गोरखपुर, कुशीनगर, गाजीपुर, जौनपुर, अंबेडकर नगर, अयोध्या सहित अन्य जनपदों से आए साहित्यकार प्रदीप कुमार गुप्ता, संजय कुमार पांडे सरस, डॉक्टर प्रमोद वाचस्पति, डॉ विभा तिवारी, डॉक्टर इंद्रेश दुबे, भारत भूषण उपाध्याय, मनोज कुमार यादव, हरीश अग्रवाल, विवेकानंद चौबे, विदिशा सहाना, डॉक्टर संध्या, सुरेश पांडे, मंजुल, अमित प्रकाश सहित दर्जनों साहित्यकारों की उपस्थिति में खचाखच भरे सभागार में आर के नारद की पुस्तक गीत पलाश का विमोचन किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। अनेक विधाओं के कलाकारों को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। आर के नारद एवं ईश्वर चंद मेंहदावली को मानद उपाधि मिलने पर स्थानीय साहित्यकार पंडित राम हौसिला शर्मा, उमाशंकर दुबे, धीरज श्रीवास्तव, उमाकांत कुशवाहा, खालिद हुसैन, इशरत सुल्ताना, राम लखन वर्मा, राजेश पांडे ने बधाई दी है।



# कांवड़ जलाभिषेक की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

- अधिकारियों को प्रकाश, सफाई, सुरक्षा सहित अन्य सभी सुविधाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश: डीएम

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

कजरीतीज/कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन एलर्ट हो गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों की पूरी टीम के साथ करनैलगंज कटरा सरयू घाट तथा बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर खरगूपुर का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नदी में फैली सिल्ट और जलकुंभी को तत्काल साफ कराने तथा रास्तों को समतल कराने, घाट परिसर की झाड़ियों को काटने तथा पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई के विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रकाश, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, मेडिकल कैंप, शौचालय, विश्राम स्थल, फायर सेफ्टी और नदी में बैरिकेडिंग सहित स्थायी रैंप निर्माण को लेकर भी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देशित दिये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 24 व 25 अगस्त को जिले में हरतालिका तीज पर आयोजित होने वाले कांवड़ मेले में श्रद्धालुओं को सरयू नदी से जल भरकर खरगूपुर स्थित बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर, दुःखहरण नाथ मंदिर गोंडा, बरखंडी नाथ मंदिर करनैलगंज और लोधेश्वरनाथ महादेव मंदिर रामनगर में जलाभिषेक करेंगे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने सरयू नदी में बैरिकेडिंग, जल पुलिस, एसडीआरएफ और मोटर बोट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खोया-पाया केंद्र की स्थापना तथा रूट डायवर्जन की प्रभावी योजना पर भी जोर देने के निर्देश दिये हैं। डीएम ने विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, उपजिलाधिकारी करनैलगंज, डीपीआरओ लालजी दूबे, बीडीओ करनैलगंज, कोतवाल करनैलगंज तेज प्रताप सिंह, नगर पालिका ईओ सुरभि पाण्डेय, सीएचसी अधीक्षक करनैलगंज अनुज कुमार, नगरपालिका करनैलगंज चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### 87 वर्ष की आयु में बाबू चाचा का हुआ निधन



**मनकापुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** राज परिवार के करीबी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनकापुर स्वर्गीय कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बाबू चाचा उम्र 87 वर्ष की तबियत खराब थी जिनका ईलाज ओ एन पाण्डेय अस्पताल मे चल रहा था 4/अगस्त/2025/ दिन सोमवार को दोपहर 12:30 पर अन्तिम सांस लिया उनका पार्थिव शरीर उनके निजी आवास पर लाया गया जहां पर इस दुःख के घड़ी में आवास पर देखने वालों का लगा तांता। दिन मंगलवार 5.8.2025 को अयोध्या में उनके पुत्र पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अंतिम संस्कार किया।

### ग्रामीण के घर में घुसा मगरमच्छ, किया रेस्क्यू



**नानपारा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** वन क्षेत्र नानपारा के भोपतपुर बेलवा गांव में सोमवार देर रात एक ग्रामीण के घर में 15 फीट लंबा मगरमच्छ घुस गया। घटना करीब रात 1 बजे की है। मगरमच्छ को देख घरवालों में हड़कंप मच गया और शोर मचाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी नानपारा पीयूष गुप्ता अपनी टीम के साथ रात में ही मौके पर पहुंचे, लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण रेस्क्यू सुबह के लिए टाल दिया गया। मंगलवार सुबह वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से गायघाट स्थित सरयू नदी में छोड़ा गया। मगरमच्छ के पकड़े जाने से ग्रामीणों और परिजनों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तेजी से बढ़ रहा सरयू नदी का जलस्तर, बाढ़ का संकट



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** नेपाल के पहाड़ों पर तथा बहराइच के तलहटी इलाकों में हो रही लगातार बारिश से सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। जिससे अब तटीय इलाके में बसे लोगों की धड़कनें भी तेज हो गई है। स्थानीय लोगों को बाढ़ का भय सताने लगा है। शिवपुर इलाके के दुईजी पुरवा एवं गड़रियन पुरवा गांव नदी के पानी से गिर चुके हैं। तथा कटान भी तेज हो गई है। बौंडी में लगाए गए कटान अवरोधक भी नदी में समाहित हो रहे हैं। बौंडी, दुईजी पुरवा, गड़रियन पुरवा, बल्दूपुरवा , चौकसाहार के झुंडी, बितहनिया आदि गांव में कटान शुरू हो गई है। दर्जनों बीघा उपजाऊ भूमि नदी में समाहित हो गई है। शिवपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत चौकसाहार ग्राम पंचायत के झुंडी गांव में कटान की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी लालधर यादव, नायब तहसीलदार हर्षित पांडेय, खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव, क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार ने बताया कि नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है। कुछ गांवों में कटान हो रही है। झुंडी में सीता राम पुत्र रामआसरे, शिवराम पुत्र रामआसरे, नंदराम पुत्र रामप्रसाद आदि के मकान सरयू नदी में कट गए हैं। जल्द अहेतुक राशि दी जाएगी।

# ब्लाक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता आयोजित

- अनुष्का प्रथम,द्वितीय विनोद तृतीय स्थान पर रही निहालिका

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

क्वांटम युग का आरंभ - संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता विज्ञान संगोष्ठी 2025 का आयोजन पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज कैसरगंज जनपद बहराइच में किया गया,इस प्रतियोगिता में सभी शासकीय, सहायता प्राप्त,वित्तविहीन , केंद्रीय विद्यालय व अन्य बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों को प्रतिभाग करना था ,जिसमें से पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज,हुकुम सिंह इंटर कालेज कैसरगंज, जीजीआईसी बसहियापाते जरवल,जीआईसी चक्सौगना कैसरगंज, एपेक्स इंटरनेशनल कैसरगंज,सीपीएस नत्थनपुर कैसरगंज ,उच्च प्राथमिक विद्यालय अवस्थीपुरवा के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया,लिखित पेपर ,व्याख्यान,और साक्षात्कार के आधार पर परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर राजकीय बालिका इंटर कालेज बसहियापाते से कक्षा 10की छात्रा अनुष्का वर्मा ,द्वितीय स्थान पर हुकुम सिंह इंटर कॉलेज से कक्षा 9 के छात्र विनोद कुमार गुप्ता और तृतीय स्थान पर सीपीएस नत्थनपुर से कक्षा 8 की छात्रा निहालिका मिश्रा रहीं। अब यह तीनों विद्यार्थी दिनांक 07/08/2025 को जिला स्तर पर विज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।



# सीएचसी अधीक्षक ने किया उम्मीद परामर्श केंद्र का शुभारंभ

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।**

परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदुआ कबीर ब्लाक विशेश्वरगंज में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया (मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग) से उम्मीद परामर्श केंद्र का शुभारंभ अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज डॉ प्रवीण पाण्डेय द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसका उद्देश्य प्रत्येक योग्य दम्पत्ति की उनके अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि,खुशहाली हेतु उम्मीद परामर्श केंद्र के माध्यम से बेहतर एवं गुणवत्तापरक परामर्श प्रदान किया जा सके एवं उनकी इच्छा अनुरूप परिवार नियोजन साधनों से जोड़ा जा सके,। जिससे अनचाहे गर्भ एवं नियोजित परिवार हेतु सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अमर गुर्जर, बीपीएम, ममता मिश्रा प्रसव कक्ष की स्टाफ/ एएनएम, करिश्मा चंद्रकला सीएचओ, सुधा आशा कार्यकत्री एवं पीएफआई संस्था से जिला प्रतिनिधि रामबरन यादव तथा प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



## कैसरगंज तहसील के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का एडीएम ने किया भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** सम्भावित बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्यो के संचालन हेतु तहसील प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों एवं नदियों के जलस्तर का जायजा लेने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने तहसील कैसरगंज के बाढ़ से प्रभावित होने वाले रेवली आदमपुर तटबन्ध, आदमपुर बाढ़ चौकी व बाढ़ शरणालय का निरीक्षण किया। इसके अलावा कैसरगंज तहसील के सम्भावित बाढ़ क्षेत्रों का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होनें तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि निरन्तर भ्रमणशील रहकर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते रहे। नदियों के जलस्तर बढ़ने पर प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए जागरूक भी करें।

# दिल का दौरा पड़ने से विधायक आनंद यादव की बिगड़ी तबीयत

**कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़ ।**

कैसरगंज विधानसभा के विधायक आनंद यादव को लखनऊ से घर लौटते समय दिल का दौरा पड़ गया। सीएचसी जरवल मुस्तफाबाद में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के लारी कार्डियोलॉजी संस्थान में रेफर किया गया, जहां समय पर उपचार मिलने के कारण अब उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, जब वे लखनऊ से वापस आ रहे थे और मसौली के पास पहुंचे, तभी उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा। संयोगवश, उनके पीछे ही जरवल सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक सिंह अपनी गाड़ी से जरवल लौट रहे थे। उन्होंने तुरंत विधायक को अपनी गाड़ी में बैठाया और रामनगर से दवा लेकर उन्हें खिलाई, फिर सीएचसी जरवल ले गए।वहां प्राथमिक उपचार के बाद, स्थिति गंभीर होने पर उन्हें तत्काल लारी कार्डियोलॉजी के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान डॉ. अशोक सिंह के साथ सीएचसी जरवल के डॉ. प्रशांत भी मौजूद थे। दोनों डॉक्टरों ने मानवीय आधार पर समय रहते उपचार कर उनकी जान बचाई। फिलहाल लारी कार्डियोलॉजी में उनका इलाज चल रहा है।



# गेज स्टेशन व बाढ़ चौकी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने के निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत राहत व बचाव कार्यों के लिए की गई तैयारियों का स्थलीय जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने घाघराघाट स्थित केन्द्रीय जल आयोग के गेज स्टेशन एवं घाघराघाट बाढ़ चौकी का निरीक्षण का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह से नदियों के जलस्तर, बाढ़ राहत कैम्प, कटान तथा राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर सतर्कता बनायी रखी जाय। बाढ़ के दृष्टिगत भ्रमणशील रहते हुए अतिसंवेदनशील स्थलों की निगरानी रखी जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने घाघराघाट से ही जिला मुख्यालय पर स्थापित बाढ़ राहत कन्ट्रोल रूम के नम्बर पर फोन लगाकर मौजूद कर्मचारियों की उपस्थिति इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि तहसील में अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है। तहसील अन्तर्गत स्थापित सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। सभी सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये हुए हैं। डीएम ने गेज स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों से जल स्तर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने घाघराघाट स्थित बाढ़ चौकी पहुंचकर मौके पर मौजूद सीएचसी मुस्तफाबाद के चिकित्सक डॉ. रवि शुक्ला से दवाओं एवं स्टाफ इत्यादि की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीएम त्रिपाठी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर से सुरक्षा व्यवस्था, सिंचाई विभाग के अधिकारियों डैम द्वारा डिस्चार्ज किये जा रहे पानी, नदी के रूझान, तटबन्धों की सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि जिले की लाईफ तटबन्ध की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा भ्रमणशील रहते हुए तटबन्धों के संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाये।



# यूरिया वितरण स्थिति का बीडीओ ने लिया जायजा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले में यूरिया की किल्लत से किसान परेशान हैं। यूरिया पाने के लिए किसान जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के साधन सहकारी समिति पर यूरिया की खेप पहुंचने के बाद किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। यूरिया पाने की होड़ में लोग धक्का मुक्की करते रहे। इस दौरान किसानों में आक्रोश दिखाई दिया। किसानों का कहना है कि जरूरत से बहुत कम यूरिया मिल पा रही है। साथ ही किसानों ने निर्धारित मूल्य से अधिक दाम लेने का आरोप लगाया। परमानंद यादव, समसुद्दीन, विजय राज, आमिर हसन आदि किसानों ने बताया कि 266.50 रुपया की यूरिया को 280 रुपए में दी जा रही है। कई दिनों से बेहडा, बौंडी, इमामगंज, शिवपुर का चक्कर लगा रहे हैं। समिति पर भीड़ और हंगामे की सूचना मिलते ही खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव और सहायक विकास अधिकारी सहकारिता विनीत कुमार सिंह बी पैक्स खैरा कला, तथा शिवपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान धक्का मुक्की करते किसानों को समझाया और लाइन में खड़े होकर खाद लेने की बात कही। बीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया कि सभी को खाद मिलेगी धैर्य बनाए रखें। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया कि बी पैक्स खैरा कला में 300 बोरी यूरिया तथा शिवपुर में 300 बोरी यूरिया, 32 बोरी डीएपी, 58 बोरी एनपीके की उपलब्धता मिली। सभी वितरक को नियमानुसार निर्धारित मूल्य पर खाद वितरित करने का निर्देश दिया गया है।



## नई ड्रेस पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




अपराजिता सामाजिक समिति एवं जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मकनीपुरवा केंद्र के बच्चों को नए ड्रेस वितरित किए गए। नए कपड़े पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह साफ झलक रहा था। यह पहल सामाजिक समर्पण और बच्चों के प्रति संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण रही। अपराजिता सामाजिक समिति की संस्थापक किरण बैस ने इस अवसर पर बताया कि अपराजिता द्वारा संचालित चार शिक्षा केंद्रों पर सप्ताह में छह दिन बच्चों को दूध व बिस्किट के माध्यम से पोषण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही, प्रत्येक दिन दो घंटे का शिक्षण सत्र भी आयोजित किया जाता है जिसमें बच्चों को न केवल शिक्षा बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और जीवन मूल्यों की भी सीख दी जाती है। यह सभी केंद्र उन क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं जहाँ आंगनवाड़ी की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे वहां के बच्चों को शिक्षा और पोषण से जोड़ा जा सके। केंद्रों का संचालन स्थानीय महिला संचालकों/संचालिकाओं द्वारा किया जाता है, जिससे स्थानीय नेतृत्व को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। यह ड्रेस वितरण कार्यक्रम केवल एक उपहार नहीं, बल्कि उन बच्चों के आत्म-सम्मान, शिक्षा और उज्जवल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है।

# मंदिर से मूर्तियां चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

- प्राचीन मंदिर से 7 दिन पहले हुई थी चार प्रतिमाएं चोरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

बौंडी थाना क्षेत्र के केला गाँव में स्थित एक प्राचीन मंदिर से चोरी हुई चार बेशकीमती मूर्तियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के अनुसार, 28 जुलाई को केला ग्राम के मंदिर से चार देव प्रतिमाएं चोरी हो गई थीं। घटना के बाद पुलिस ने कई टीमें गठित की थीं। सोमवार को राम गांव थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी की गई मूर्तियों को बेचने के लिए सिसैया चक खाले पुरवा ग्राम के पास मौजूद हैं। इस सूचना पर उप निरीक्षक राणा राज सिंह, रूप नरायन गौड़ और दुर्गेश यादव ने पुलिस बल के साथ घेराबंदी की। पुलिस ने तीन बाइक पर सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से चोरी की गई देव प्रतिमाएं बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बौंडी थाना क्षेत्र के साहिबे आलम उर्फ बादशाह, फरमान, नेवादा निवासी कुलदीप शुक्ला और टेपरहा के मजरे सुभानपुरवा निवासी बेंचन के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उन्हें पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



# पुल निर्माण के दौरान नैय्या पर लगाया गया बांध टूटा

**महराजगंज इन्हौना मार्ग का आवागमन हुआ बंद**

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




महराजगंज इन्हौना मार्ग पर कैर चौराहा के पास नैय्या नाला पर पुल निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसकी वजह से बाईपास बनाया गया था और इस बाईपास का प्रयोग करके साधन निकल रहे थे। नैय्यानाला पर अस्थाई बांध लगाया गया था और जो पुराना पुल था वह काफी सकरा था और अंग्रेजों द्वारा बनवाया गया था सकरा होने की वजह से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही थी इसलिए पुल का निर्माण कार्य पिछले 8 माह से चल रहा था और सुस्त गति से चल रहे पुल निर्माण कार्य ने लोगों को भारी परेशानी में डाल दिया है। सोमवार को लगभग 4:00 बजे नैय्या नाला पर बना बांध टूट गया जिसकी वजह से बाईपास के नीचे से पानी बहने लगा और पानी लगातार तेज होता चला गया वहीं आनन-फानन प्रशासन द्वारा भारी वाहन और चार पहिया वाहनों पर रोक लगा दी गई साइकिल और मोटरसाइकिल वाले फिर भी निकल रहे थे लोगों को अन्य रास्तों से आने-जाने के लिए कहा गया वहीं मंगलवार को बांध के पास पानी अत्यधिक होने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा महराजगंज इन्हौना मार्ग के सुखई पुरवा तिराहे पर बैरिकेडिंग करते हुए भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया और वही आने जाने वाले फिर भी नहीं मान रहे थे मोटरसाइकिल सवार और साइकिल सवार बैरिकेडिंग का बांस ऊपर करके निकल रहे हैं जो की खतरनाक है। निकालना काफी घातक है वहीं ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा क्षेत्रीय जनता भुगत रही है क्योंकि 20 किलोमीटर की यात्रा जिस पर ओरी दास बाबा मऊ अहोरवा भवानी सेमरौता सहित प्रमुख स्थान है अब उन लोगों को आने जाने में भारी दिक्कत होगी और उन्हें कई किलोमीटर की अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ेगी तब वह कहीं महराजगंज जो रायबरेली पहुंच सकते हैं वहीं इस वजह से अमेठी जनपद जाने वाले व्यक्तियों के लिए भी दिक्कतों का सामना क्योंकि महराजगंज इन्हौना मार्ग से प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोग निकालते हैं। और अन्य जगहों को इसी रास्ते से जाते हैं अमेठी अयोध्या फैजाबाद जगदीशपुर के लिए काफी संख्या में वाहन चलाते हैं बांध टूटने की वजह से क्षेत्रीय जनता सहित लाखों लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

> अवर अभियंता राजेश यादव ने बताया कि चार पहिया सहित भारी वाहनों की रोक लगाई गई है मोटरसाइकिल और साइकिल वाले नहीं मान रहे बुधवार से पूरी तरह से रास्ता बंद कर दिया जाएगा।

**महराजगंज पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों को सबसे अधिक दिक्कत**

सबसे अधिक दिक्कत उन विद्यार्थियों को होगी जो महराजगंज पढ़ने जाते थे महराजगंज कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी अब कैसे आएंगे जाएंगे अब उनको अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ेगी तो वहीं मरीजों के लिए भी दिक्कत है तथा व्यापारियों के लिए भी भारी मुसीबत बांध टूटने की वजह से खड़ी हो गई है अगर जल्द से जल्द प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी।

## भारी बारिश के बीच गिर रहा कच्चा मकान



महराजगंज, रायबरेली। वर्तमान समय में जहां बहुत कम कच्चे घर देखने को मिलते हैं और सरकार ने भी लगभग लगभग आवासों का सर्वे कराकर जिन्हें नहीं मिले उन्हें भी देने की तैयारी कर रही है और काफी आवास दे भी चुकी है लेकिन ग्राम पंचायतों में अक्सर देखने को मिलता है कि कहीं-कहीं पात्र व्यक्ति अपात्र ही नजर आते हैं। मामला डोमापुर ग्राम पंचायत के बाबूजी का पुरवा का जहां के निवासी राम प्रताप का भारी बारिश की वजह से कच्चा मकान धीरे-धीरे ढह रहा राम प्रताप ने बताया कि बारिश की वजह से मकान गिर रहा है चार बच्चे हैं रहने में बड़ी दिक्कत होती है भारी बारिश हो रही है जो कुछ रहने लायक बचा है वह भी कब गिर पड़े कोई पता नहीं और हमेशा हादसे का अंदेशा भी बना रहता है।

## खबरें एक नजर में

### राहगीर को बचाने में मां- बेटा घायल



लहरपुर(सीतापुर)। ग्राम केशरी गंज से तहसील जाने वाले मार्ग पर राहगीर को बचाने में मां बेटा घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार ग्राम को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी संतोष पुत्र राम लखन 28 वर्ष अपनी मां मालती देवी पत्नी राम लखन 48 वर्ष के साथ बिना हेलमेट लगाए खाद बटने की सूचना पर घर से खाद लेने ठठेरी टोला इफको दुकान पर जा रहे थे, तभी केसरी गंज तहसील मार्ग पर लाल कमल ढाबे के पास सड़क क्रॉस कर रहे एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, बाइक के गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और हेलमेट न लगाए होने के कारण सर में गंभीर चोट आई व उनकी मां भी घायल हो गई , मौके पर जमा लोगों ने घायलों को ऑटो रिक्शा की सहायता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत संतोष की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और उसकी मां का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जारी है।

### बिसरा रिपोर्ट से पता चला सेप्टीसीमिया नामक बीमारी से हुई तेंदुए की मौत



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद के थाना क्षेत्र भाले सुल्तानी शहीद स्मारक के अंतर्गत शनिवार को कई लोगों को घायल करने वाले तेंदुए की शनिवार को देर रात भैंसों के हमले से मौत हो गई थी जिसका पोस्टमार्टम जनपद सहित लखनऊ व बाराबंकी से आई डॉक्टरों की टीम ने किया था। पोस्टमार्टम करने के बाद बिसरा रिपोर्ट में पता चला कि तेंदुआ सेप्टीसीमिया नामक बीमारी से ग्रसित था। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद तेंदुए के मौत का कारण स्पष्ट हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक तेंदुआ 12 वर्ष से अधिक का था। और अभी तक उसने किसी पर हमला नहीं किया था। सेप्टीसीमिया नामक बीमारी के चलते कई दिनों से भूखा था तेंदुआ तभी आबादी क्षेत्र की ओर गया था। डॉक्टर टीम के मुताबिक आबादी क्षेत्र में ज्यादा भीड़ भाड़ देख दौड़ भाग में तेंदुआ और बीमार हो गया था। जिससे भैंस के हमले से घायल तेंदुए का 'सेप्टीसीमिया' (रक्त संक्रमण) बीमारी और हृदयगति रुक गई जिसके चलते तेंदुए की मौत हो गई। वहीं टीम ने जांच के लिए तेंदुए के बिसरा को बरेली प्रयोगशाला भेजा गया था। जो कि दो दिन पूर्व जनपद के नेवादा गांव में एक पशुशाला के पास मृतक अवस्था में मिला था।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने नष्ट कराई 200 किलो नकली खाद्य सामग्री

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। सहायक आयुक्त खाद्य सतीश शुक्ला के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को पीपरपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 किलोग्राम नकली खाद्य सामग्री नष्ट करवाई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सुल्तानपुर से अमेठी आ रही एक संदिग्ध गाड़ी को रोककर जांच की गई, जिसमें बिक्री के लिए ले जाया जा रहा छेने का रसगुल्ला और खोया बरामद हुआ। जांच के दौरान टीम ने दो नमूने छेने के रसगुल्ले तथा एक नमूना खोया का जांच हेतु संग्रहित किया। प्रथम दृष्टया खाद्य सामग्री की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई, जिसके चलते लगभग 150 किलोग्राम छेने के रसगुल्ले और 50 किलोग्राम खोया मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर, युगल किशोर एवं श्री कृष्णा चौहान आदि शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ऐसे अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाने की बात कही गई है, ताकि उपभोक्ताओं को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके।

### जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की समीक्षा बैठक संपन्न




अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया जी के निर्देशानुसार जनपद अमेठी की समीक्षा बैठक जामों राजभवन में कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भइया जी (नेता जनसत्ता दल विधान परिषद एवं पूर्व सांसद प्रतापगढ़) के तत्वाधान में सम्पन्न हुई । गोपाल जी ने जिलाध्यक्ष समेत समस्त पदाधिकारियों से जिले में पार्टी की नीतियों और जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ कैलाश नाथ ओझा ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए और आगामी पंचायत चुनाव में लगभग सभी पदों पर पार्टी के पदाधिकारी अथवा कार्यकर्ता से चुनाव लड़ने की बात कही। इसके पश्चात डॉ कैलाश नाथ ओझा ने मीडिया के आए साथियों से भी वार्तालाप किया। इस मौके पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कैलाशनाथ ओझा, प्रदेश अध्यक्ष बलबीर सिंह, कुलदीप पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह, पंकज, शीतला प्रसाद मिश्रा, मुन्ना सिंह राजेंद्र शुक्ला, समाजसेवी कृष्णा पाण्डेय, नितिन मिश्रा,रमेश मिश्रा, सुनील सिंह, वीर सिंह, राज नारायण उपाध्याय, मोहन सिंह,पंकज सिंह, पवन सोनी, रोहित बारी, आदि गणमान्य जन मौजूद रहे। समीक्षा बैठक की व्यवस्था पूर्व प्रमुख अनिल सिंह के द्वारा की गई।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की फरियाद

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में मंगलवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

## आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ी अवैध कच्ची शराब, तीन गिरफ्तार



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध मंगलवार को विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत थाना गुरूबक्शगंज में पूरेलालासहाय, घाटमपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। आबकारी वह पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश के दौरान लगभग 45लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर कराया। साथ ही तीन अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## मकान बिकाऊ है के लगे पोस्टर

- कागजों पर की गई सफाई का भंडाफोड़ किया मानसून ने
- कहीं टापू तो कही घरों के अंदर घुसा बारिश का पानी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



नगर पालिका की उदासीनता और कुप्रबंधन के कारण कई समस्याओं का सामना शहरवासियों को करना पड़ रहा है। शहर के निवासियों को स्वच्छता, जलभराव, अतिक्रमण, यातायात और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों से जूझना पड़ता है। नगर पालिका पर अक्सर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं, जिसके चलते जनता में असंतोष अब मानसून के मौसम में और बढ़ता हुआ दिख रहा है।

**स्वच्छता और जलभराव की समस्या:** रायबरेली में स्वच्छता की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। सभासदों और स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका पर आरोप लगाया है कि नालियाँ और सीवर लाइनें चोक हैं, जिसके कारण बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव आम बात हो गई है। हाल ही में हो रही भारी बारिश ने शहर के कई वार्डों, जैसे इंदिरानगर, नेहरू नगर, कहारों का अड्डा, खिन्नी तला और शक्ति नगर, अंबेडकर नगर को जलमग्न कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश से पहले उन्होंने नालों की सफाई के लिए नगर पालिका को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा, शहर में कचरे का ढेर सड़कों पर बिखरा रहता है। तुलसी नगर मार्ग जैसे क्षेत्रों में नालियों का पानी सड़कों पर बहता है, जिससे निवासियों को आवागमन में परेशानी होती है।

## घर में घुसकर छेड़खानी करने का लगाया आरोप

डलमऊ, रायबरेली। घर में घुसकर एक युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए डलमऊ थाने में तहरीर देकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे बिचला डलमऊ की रहने वाली सुंदारा पत्नी शिव प्रसाद ने दिए गए तहरीर में बताया है कि मेरी पुत्री पड़ोस के गांव पूरे बिचला मजरे कनहा के रहने वाले समरजीत से मोबाइल पर बात करते थे। तभी मैंने अपनी पुत्री की शादी ग्राम कोलवा बिराहिम पुर में तय कर दिया। बीते तीन व चार तारीख की रात ढाई बजे समरजीत मेरी लड़की को घर में बुलाकर बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया तो मैं जाग गई और देखा तो युवक हम लोगों को देखकर भाग गया। तभी इसकी शिकायत महिला ने कोतवाली डलमऊ में की और छेड़खानी करने वाले युवक पर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की फिलहाल डलमऊ पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू की।

## एसएससी घोटाले के खिलाफ एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन




रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) ने एसएससी भर्ती परीक्षा में हुए व्यापक घोटाले के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया और सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एसएससी परीक्षाओं में धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामलों की सीबीआई जांच की मांग की। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आयुष द्विवेदी ने कहा कि यह केवल पेपर लीक नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ धोखा है। बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के साथ सरकार का यह रवैया निंदनीय है। अगर सरकार ने जल्द निष्पक्ष जांच नहीं कराई, तो एनएसयूआई सड़कों से संसद तक संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान छात्रों के हाथों में पोस्टर, बैनर लिए बेरोजगारों को न्याय दो, एसएससी घोटाले की जांच हो जैसे नारे लगाए। एनएसयूआई मांग करती है कि एसएससी स्कैम की उच्च स्तरीय न्यायिक/CBI जांच हो, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, पीड़ित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाया जाए, भविष्य में ऐसी परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। यह प्रदर्शन में छात्रों के जोश और एकजुटता ने यह संदेश दे दिया कि युवा अब अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला सचिव राघवेंद्र सिंह पंकज एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष उज्ज्वल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी, पवन शुक्ला, अभ्युदय सिंह, विभांशु श्रीवास्तव, अनस मुमताज अंसारी, प्रभात पटेल, अमन पटेल, मृत्युंजय तिवारी, अर्पित मौर्य, उदेश्य द्विवेदी, अतुल मौर्य सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## पुलिया धंसी आवा गमन बाधित



डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ तहसील क्षेत्र के भरसना गांव में पुलिया धसने से लगभग 2,000 ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य के दौरान भारी वाहनों के आवागमन से पुलिया काफी कमजोर हो गई थी, लेकिन एक्सप्रेसवे के ठेकेदारों ने न तो पुलिया की मरम्मत कराई और न ही रास्ते का मरम्तिकरण किया गया दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मंगलवार को पुलिया पूरी तरह धंस गई, जिससे सड़क गड्ढे से भर गई है। ग्रामीण कल्लू पांडे, सोमदत्त त्रिवेदी, राकेश दुबे, सुंदर त्रिवेदी, विनय त्रिवेदी, अभिषेक पाल, लक्षन पासवान, महेश पासवान, जितेंद्र पासवान सहित क्षेत्र वासियों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से प्रतिदिन राहगीर एवं स्कूली बच्चे आने जाने के लिए बस लेते हैं, इसलिए कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द पुलिया की मरम्मत और सड़क की ठीक-ठाक व्यवस्था की जाए ताकि आवागमन सुचारू हो सके और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला आयोजित



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष व मुख्य अतिथि द्वारा भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि की गई तत्पश्चात अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि नीरज वर्मा ने बताया की स्वतंत्रता दिवस हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है और इसको हर्ष और उल्लास के साथ हर भारतवासी मानता है इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा अभियान मनाती है जिसमें पार्टी का कार्यकर्ता व समर्थक घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा देते हैं और तिरंगा के सम्मान के लिए जागृत करते हैं। उन्होंने आगामी अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं मंडल व शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यक्रम के निर्धारित दिन एवं कार्य योजना पर अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पार्टी के पदाधिकारियों से इस अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया उन्होंने मंडल अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान मात्र एक अभियान नहीं है यह हमारी राष्ट्रभक्ति से जुड़ी एक कड़ी है जिसे हमें सच्चे मन और राष्ट्रभक्ति के भाव से करना है उन्होंने सभी से अभियान की सफलता के लिए तन मन से जुटने का आवाहन किया। कार्यक्रम में अभियान संयोजक सुधाकर शुक्ला व सह संयोजक नीरज वर्मा झब्बर ने अभियान से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश पार्टी पदाधिकारी के समक्ष रखें। इस अवसर पर विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा, कंचन प्रभा पांडे, नैमिष रतन तिवारी, इंदु सिंह चौहान, उदित वाजपेई, जया सिंह, महेश शर्मा, विष्णु मौर्य, राजन गुप्ता, कुसुम सिंह, अमित दीक्षित, कौशलेंद्र सिंह, सुनील मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## सम्भव अभियान की प्रगति में सुधार को डीएम ने किया निर्देशित


सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।



समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों की आख्या किसी भी दशा में गुणवत्ताहीन न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्थलीय सत्यापन अवश्य किया जाये। शिकायतकर्ता से समन्वय अवश्य स्थापित किया जाये तथा निस्तारण से भी अवगत कराया जाये। शिकायतों का निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो शिकायतें मांग, सुझाव अथवा नीतिगत विषयों से सम्बन्धित हों, उनमें स्पष्ट कारण भी अंकित किया जाये तथा तत्संबंधी सूचना से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये। निस्तारण के साथ सम्बन्धित दस्तावेज भी संलग्न किए जाएं तथा आख्या दर्ज करने वाले अधिकारी का स्पष्ट नाम, पदनाम एवं मोहर भी अंकित किया जाये। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाये। जनपद स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा दर्ज किये गये निस्तारण की नियमित रूप से समीक्षा सुनिश्चित करें तथा निस्तारण की गुणवत्ता की भी जांच करें। जनपद स्तर से लिये गये फीडबैक में जिन विभागों का खराब प्रदर्शन मिला, उनके अधिकारियों को सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि आम जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उच्च स्तर से नियमित रूप से इसकी समीक्षा भी की जाती है, इसलिये इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने किया विभिन्न विभागों का स्थलीय निरीक्षण


अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग सतीश चंद्र शर्मा ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल, लोक निर्माण विभाग के नवनिर्मित गेस्ट हाउस, अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पंडेरी, निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री जी ने जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया, इसके पश्चात टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया तत्पश्चात एसएनसीयू का निरीक्षण कर नवजात शिशुओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली एवं प्रसूताओं को फल वितरित किया, इसके पश्चात रोहसी बुजुर्ग में 720 लाख की लागत से लोक निर्माण विभाग के नवनिर्मित गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया, नवीन गेस्ट हाउस में 8 सूट (कक्ष), मीटिंग हॉल, डॉरमेट्री रूम, किचन, पार्किंग आदि का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है। इसके पश्चात अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पंडरी का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने गो पूजन कर गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया तथा गोशाला परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने गो आश्रय स्थल में गोवंशों को हरा चारा, पशु आहार आदि पर्याप्त मात्रा में दिए जाने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी गोवंश भूखा ना रहे एवं बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल की जाए। प्रभारी मंत्री ने धनी जलालपुर में 133.14 लाख की लागत से निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ के जी शुक्ला, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने विकास एवं कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग सतीश चंद्र शर्मा ने विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पं.अ. राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद गोविन्द नारायण शुक्ला, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने यूपी नेडा के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप की प्रगति, उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा, विद्युत आपूर्ति की स्थिति, विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्त, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, अंत्येष्टी स्थल के निर्माण, व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठापन पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की।कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। अंत में प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी बीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, एश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## इंग्लैंड की धरती पर भारत का इतिहास

सही मायनों में, दिग्गज क्रिकेटरों की अनुपस्थिति में युवा भारतीय क्रिकेटरों ने इंग्लैंड की धरती पर नया इतिहास रचा है। ओवल टेस्ट में उन्होंने इंग्लैंड के मुंह से जीत छीन ली। जो मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, उसे अपनी जीत में बदल दिया। लगातार रोमांचक होते मैच को जीतकर टीम ने न केवल मैच जीता बल्कि श्रृंखला को भी दो-दो से बराबरी पर ला खड़ा किया। युवा तुर्कों ने उन तमाम क्रिकेट पंडितों की भविष्यवाणियों को बेकार साबित किया, जो इंग्लैंड टीम द्वारा श्रृंखला जीतने के दावे कर रहे थे। ओवल टेस्ट के अंतिम क्षणों में मोहम्मद सिराज ने तो मैच का पासा ही पलट दिया। मैच के रोमांच ने बताया कि क्यों क्रिकेट पंडित टेस्ट क्रिकेट को असली क्रिकेट की संज्ञा देते हैं। भारत के धुरंधर क्रिकेटरों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ उतरी इस टीम ने कई इतिहास रचे, कई रिकॉर्ड तोड़े और नये रिकॉर्ड बनाए। भारतीय क्रिकेट के पिछले 93 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी श्रृंखला में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने चार सौ से अधिक रन बनाए हों। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारतीय खिलाड़ियों ने ये रन तेज गति व उछाल लेती पिचों के बीच बनाये। उन्होंने पूरे दमखम के साथ तेज ब्रिटिश गेंदबाजों का मुकाबला किया। दरअसल, लीड्स व लॉर्ड्स के मैच भारतीय टीम को करीबी मुकाबले में खोने पड़े अन्यथा टीम श्रृंखला भी जीत सकती थी। कप्तान शुभमन गिल की इसलिए भी तारीफ करनी होगी कि उन्होंने विदेशी पिच पर कप्तानी के दबाव के बीच भरपूर व सर्वाधिक रन बनाये। कई रिकॉर्ड्स उनकी सफल कप्तानी के गवाह हैं। मोहम्मद सिराज ने निर्णायक भूमिका निभाते हुए न केवल अंतिम कीमती विकेट लिए बल्कि पूरे मैच में नौ विकेट लेने के कारण 'मैन ऑफ द मैच' भी बने। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेकर अपने नाम के अनुरूप प्रसिद्धि हासिल की। ओवल मैच में यशस्वी जायसवाल, आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन के बल्लों से निकले रन भी इस जीत में खूब काम आए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने यह भी साबित किया कि वह विदेशी धरती में, विषम परिस्थितियों में व नामचीन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जीत की इबारत लिख सकती है। लगता है जूझते हुए आसन्न हार को जीत में बदलने का हुनर भी टीम ने सीख लिया। जीत के जुनून को हर सत्र महसूस किया गया। संयुक्त रूप से भी ओवल टेस्ट व सीरीज बने शुभमन गिल के बल्ले से खूब रन बरसे। वे इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। यदि वे बीस रन और बना पाते तो एक श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। वहीं श्रृंखला में मोहम्मद सिराज नये सितारे बनकर उभरे और उन्होंने सिरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए। निस्संदेह, यह रोमांचक श्रृंखला टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में एक बेहतरीन श्रृंखला रही। पांचों टेस्ट मैचों में भारतीय टीम जीत के लिये जूझती नजर आई। शुभमन गिल कहीं से नहीं लगे कि ये एक नये कप्तान हैं। वे विराट कोहली और रोहित शर्मा के शानदार विकल्प के रूप में सामने आए हैं। भले ही भारत ने छह रन से ओवल टेस्ट जीता हो मगर यह इतिहास में एक बड़ी जीत के रूप में दर्ज की जाएगी। जिसने हाथ से निकलती सीरीज को बराबरी के स्तर पर ला खड़ा किया। वहीं गिल और सिराज के अलावा इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल, के.एल. राहुल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह व आकाश दीप जैसे सितारे भी चमके।

# सदन में स्वस्थ बहस से ही लोकहित संभव

अरुण कुमार दीक्षित



**आश्चर्य की बात है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी लोकसभा और राज्य सभा में प्रतिपक्ष पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री के साथ खड़ा नहीं दिखाई दे रहा था। हंगामा होता रहा। होना तो चाहिए था कि भारत राष्ट्र से किसी देश से हो रहे युद्ध को लेकर अथवा युद्ध जैसी परिस्थितियों में नेता प्रतिपक्ष सहित अलग-अलग संपूर्ण विचारधारा मानने वाले लोगों को राष्ट्र सर्वोपरिता के सिद्धांत पर चलते दिखाई देना चाहिए। पर ऐसा हो न सका। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि लोग चाहते थे कि आतंकवादियों के सिर में गोली मारी जाए और ऐसा ही हुआ। तीनों आतंकवादियों को सुरक्षाकर्मियों ने सिर में ही गोली मारी। उन्होंने कहा भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने गुहार लगाई। घुटने टेके। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह वक्तव्य राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हो रही विशेष चर्चा के समय दिया।**

लोकसभा और राज्यसभा में ज्वलंत मुद्दों पर आदर्श चर्चा की जिम्मेदारी सरकार और प्रतिपक्ष की बराबर होती है। गत वर्षों में देखा जा रहा है कि सदन में कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। सदन ठीक नहीं चल पाने के कारण भारतीय जनमानस का नुकसान होता है। निराशा होती है। जनता से जुड़े बुनियादी सवालों पर चर्चा नहीं होने से अनेक मामले लंबित रह जाते हैं। निष्कर्ष नहीं आते। फिर चाहे वह आंतरिक सुरक्षा की बात हो चाहे राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा की बात हो अथवा आतंकवादी हमलों जैसे गंभीर विषय हो। अच्छी चर्चा नहीं होने से सत्ता पक्ष के मंत्रियों को जहां सुविधा होती है कि उन्हें प्रश्नों के उत्तर नहीं देने पड़ते, उनकी जवाबदेही तय नहीं हो पाती है। वहीं, प्रतिपक्ष की नाकामी भी सीधे दिखाई पड़ती है। प्रतिपक्ष जो बातें सदन के बाहर करता है वे सभी बातें प्रश्न लोकसभा राज्यसभा सदन में क्यों नहीं कर पाता है। प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष पर दोष मढ़कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करता आया है।

यह आदत और ढंग अब बदलने चाहिए। सदनों की कार्यवाही मीडिया में सीधे प्रसारित होती है। सोशल मीडिया में भी दिखाई पड़ती है। इससे क्या प्रतिपक्ष ने कहा और सत्ता पक्ष ने क्या किया? वह सब जन मानस में दृष्टिगत होता रहता है। आदर्श लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए सदनों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष को पारदर्शी ढंग अपनाने होंगे। यदि ऐसा नहीं होता है तो जनता के मन में राजनीतिज्ञों और चुनकर जाने वाले जनप्रतिनिधियों के ऊपर घटते विश्वास को और अधिक बल मिलेगा। लोकसभा सबसे बड़ी और जिम्मेदार संवैधानिक संस्था है। लोकसभा भारत के जन गण मन का मंदिर है। लोकतांत्रिक आस्था का केंद्र है लोकसभा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में कहा यह सत्र भारत के विजयोत्सव का सत्र है। यह भारत के गौरव गान का सत्र है। यह विजयोत्सव सिंदूर की सौगंध पूरा करने का सत्र है। यह विजयोत्सव आतंकी हेड क्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का सत्र है। भारत की सेना के शौर्य साहस की विजयगाथा का विजयोत्सव है। यह सत्र भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की एकता का अप्रतिम विजयोत्सव है। उन्होंने प्रतिपक्ष से कहा हमसे किसी तीसरे देश ने युद्ध को लेकर बात नहीं की। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का प्रधानमंत्री ने नाम लेकर कहा उन्होंने (जेडी वेंस) उनसे कहा कि पाकिस्तान भी जवाबी कार्रवाई करेगा। तो हमने (मोदी ने) कहा कि वह गोली चलाएंगे तो हम जवाब गोले से देंगे। मगर प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य से प्रतिपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। प्रतिपक्ष उत्तर में चाहता था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के उस वक्तव्य पर जिस पर ट्रंप ने कई बार कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत का ऑपरेशन सिंदूर हमने रुकवाया है, पर चर्चा हो। प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि (पीओके) पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जा क्यों नहीं किया गया। इस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 62 के चीन युद्ध में क्या हुआ 38 हजार वर्ग किमी भूमि अक्साई चीन को छोड़ दी। कहा उस समय जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। तब नेहरू ने कहा था कि उस भूमि पर तो घास भी नहीं उगती है, क्या करेंगे उस भूमि का। जिस तरह नेता प्रतिपक्ष और अन्य प्रतिपक्षी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर घेर रहे हैं, वह संचार माध्यमों से सभी ने देखा है। जबकि पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री के स्पष्ट वक्तव्य सदन में स्वयं उनके द्वारा आ चुके हैं। पहले सप्ताह में सदन नही चलने पर संसदीय कार्य मंत्री ने चिंता जताई थी।

आश्चर्य की बात है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी लोकसभा और राज्य सभा में प्रतिपक्ष पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री के साथ खड़ा नहीं दिखाई दे रहा था। हंगामा होता रहा। होना तो चाहिए था कि भारत राष्ट्र से किसी देश से हो रहे युद्ध को लेकर अथवा युद्ध जैसी परिस्थितियों में नेता प्रतिपक्ष सहित अलग-अलग संपूर्ण विचारधारा मानने वाले लोगों को राष्ट्र सर्वोपरिता के सिद्धांत पर चलते दिखाई देना चाहिए। पर ऐसा हो न सका। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि लोग चाहते थे कि आतंकवादियों के सिर में गोली मारी जाए और ऐसा ही हुआ। तीनों आतंकवादियों को सुरक्षाकर्मियों ने सिर में ही गोली मारी। उन्होंने कहा भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने गुहार लगाई। घुटने टेके। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह वक्तव्य राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हो रही विशेष चर्चा के समय दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि आतंकी शिविरों, आतंकी प्रशिक्षण शिविरों और लॉन्चिंग पैड्स पर हमला 9 मई को किया गया। इस हमले को पाकिस्तान अपने ऊपर मान रहा था। इसके बाद गृहमंत्री कांग्रेस पर हमलावर रहे। मगर प्रतिपक्ष इस वक्तव्य से संतुष्ट नहीं हुआ। लोकसभा में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हो अन्य वे सभी लोकहित से जुड़े होते हैं। सरकार द्वारा प्रतिपक्ष द्वारा उठाए जा रहे विषयों पर गौर करते हुए सदन चलना शुचिता का संदेश होता है। बिहार राज्य की मतदाता सूचियों को लेकर भी दोनों सदनों में हंगामा हो चुका है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जोर देकर कहा कि अगर लोकतंत्र को मजबूत करना है तो सदस्यों को प्रश्न काल के दौरान ही प्रश्न उठाने होंगे। इससे सरकार की जवाबदेही तय होती है। उन्होंने कहा सांसदों को अपने प्रश्न उठाने दें। देश के लोगों की अपेक्षाएं और आकांक्षाएं पूरी होने दें। देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। भारतीय जनमानस में राजनीतिज्ञों के प्रति अविश्वास गहराया है। राजनीतिज्ञ किसी भी बात के प्रति आज आश्वस्त करता है। कल भूल जाता है। राजनीतिक व्यक्ति प्रायः किसी बात के प्रश्नों को मना नहीं करता है। मगर बुनियादी समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों के वक्तव्य संवेदनहीन दिखाई देते हैं। जनता के मन में यह विश्वास दृढ़ होता जा रहा है कि चुनाव बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता हैं। वे राजनीति के कर्मकांडीय पक्ष माला, माइक, उद्घाटन, पत्थर, आश्वासनों से पांच वर्ष का कार्यकाल गुजार देते हैं। जनता के सामने इसका कोई विकल्प भी नहीं होता है। वे किससे आग्रह करें कि उनके गांव का शैक्षिक वातावरण कैसे ठीक हो? शिक्षा की समस्याओं के साथ उच्च शैक्षिक संस्थानों की मनमानी पर क्या करें ? बेरोजगारी पर कहाँ जाएं। रेल के बिजली के कृषि के पुलिस के राजस्व के सिंचाई के अधिकारियों की मनमानी पर कौन बात करें? परिवहन व्यवस्था ठीक करने के प्रश्न हैं। अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी, दवाओं की कमी , एम्बुलेंस, अस्पताल भवन की कमी है। अनेक भवन जर्जर हैं। बीमारियों की सटीक पहचान करने वाली मशीनों की कमी है। बजट की कमी है। अनेक बुनियादी प्रश्न अनुत्तरित है।

## विचार

# अपराधियों के हौसले बढ़ाती डिजिटल तकनीक

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



**1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरु कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय-समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया।**

राजस्थान के जोधपुर जिले के मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपराधियों ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 20 लाख रु. की मांग पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो कथित अपराधियों को पकड़ा है। मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसकी कामेडियन पत्नी को उनके अश्लील वीडिया वायरल करने की धमकी दी गई। खैर, यह तो इन्होंने हिम्मत दिखाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी अन्यथा देश दुनिया में इस तरह की धमकियां देकर डरा-धमकाकर वसूली करने के अपराधों की बाढ़ से आ गई है।

दरअसल, डिजिटल तकनीक का अपराधियों द्वारा अपराध में उपयोग आम होता जा रहा है। डिजिटल तकनीक के कारण अपराधियों के बढ़ते हौसले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों एक महिला की निजी तस्वीरों को वाट्सएप पर सार्वजनिक करने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट ने जमानत देने से इनकार करते हुए सख्त टिप्पणी की। न्यायमूर्ति भनोट ने 2023 में भी सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड के प्रकरण में गंभीर टिप्पणी की थी। डिजिटल क्रांति ने अपराध की दुनिया में बड़ी सेंध लगा ली है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटाबेस, डिजिटल डिवाइस, इंटरनेट आदि के माध्यम से नित नए अपराध की तरीके अपना रहे हैं। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का खासतौर से इस्तेमाल करते हुए लोगों की निजी जिंदगी को प्रभावित करने के साथ डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध बेखौफ कर रहे रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट या बैंक अकाउंट ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर लोग अच्छे पढ़े-लिखे, समाज में अच्छे पदों से सेवानिवृत या यों कहे कि समझदार लोग ही अधिक शिकार हो रहे है। अभी कुछ दिनों पहले ही एक माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि वे साइबर ठगी के शिकार होते-होते बचे हैं। डिजिटल तकनीक से अपराध करने वालों के हौसलों को देखिये कि कुछ घंटों नहीं अपितु कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर लाखों रुपए अपने खातों में डलवा रहे हैं। यह सब तो तब है जब कि सरकार मोबाइल टोन के समय ही ओपनिंग मैसेज के माध्यम से आगाह कर रही है पर इस तरह की घटनाओं में साल दर साल मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है।

1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरु कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय-समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया। साइबर ठगी के मामलों में रूस पहले पायदान पर तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर है। चीन, अमेरिका, नाइजीरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल में ही ठगी के नए-नए तरीकों से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। 2025 के शुरुआती दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलों में 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लैक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। लाख प्रयासों के बावजूद 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलों में 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामले हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामले ऐसे भी हैं जिनमें शिकायत दर्ज कराए ही नहीं कराई गई। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह हो रहा है। हालांकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक-दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए।


# नशे में समाज या समाज में नशा? नशीले पदार्थों की तस्करी चुनौती

संजीव ठाकुर

देश में कई गुना लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई और तस्करी ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है, पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। युवा बुजुर्ग यहां तक छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं। शराब, गांजा, भांग और ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्म सिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने में लगे हैं, नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगातार बढ़ती जा रही है।

नशीले पदार्थों से हुई अपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है, नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है, यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती, और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है, दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है, पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया थाद्य दूसरी तरफ पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की थी। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ मे सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र सरकार के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है। देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है, तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों में सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली जाती है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट जाना चाहिए और शासन तथा पुलिस प्रशासन को अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित कर देने में लगाना होगा।

मूलतः मुंबई गोवा और समुद्र मार्ग से पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है, निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए, मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए थे, तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की गई थी। इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। नए वर्ष के आगमन और होली की सेलिब्रेशन में तमाम नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट जाते हैं, देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके, शराब से तो अपराध होते ही हैं। सूखे नशे से अपराधयों के ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते, केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।



## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क :-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनु :-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर :-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभ :-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन :-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# स्कूल छोड़ती बेटियां: संसाधनों की कमी या सामाजिक चूक

प्रियंका सौरभ

**बेटियों की शिक्षा को लेकर गढ़ा गया नारा हर गली-चौराहे, सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज़ स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा- ये सारी बातें ज़मीनी हकीकत हैं जिनसे रोज़ हज़ारों बच्चियाँ जूझ रही हैं।**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला सच उजागर किया है कि 15 से 18 वर्ष की उम्र की लगभग 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हो चुकी हैं। शिक्षा के इस मौन पलायन के पीछे स्कूलों की दूरी, परिवहन की अनुपलब्धता, शौचालयों की कमी और सुरक्षा को लेकर भय जैसे कारण हैं। यह स्थिति केवल व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की कमजोरी को भी दर्शाती है। यह सवाल है क्या हम सच में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं?

बेटियों की शिक्षा को लेकर गढ़ा गया नारा हर गली-चौराहे, सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज़ स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा- ये सारी बातें ज़मीनी हकीकत हैं जिनसे रोज़ हज़ारों बच्चियाँ जूझ रही हैं। अंततः उन्हें शिक्षा से हाथ धोना पड़ता है।

हकीकत यह है कि नामांकन के बाद लड़कियाँ स्कूल में टिक नहीं पातीं। एक आम ग्रामीण परिदृश्य को देखें। पाँचवीं तक का स्कूल तो आसपास है लेकिन आठवीं के बाद विद्यालय दूर है। परिवहन की सुविधा नहीं। न बस, न साइकिल, न ही कोई महिला सहकर्मी या मार्गदर्शक। माता-पिता अपनी बेटी को पाँच किलोमीटर दूर अकेले भेजने से डरते हैं। उन्हें चिंता होती है कि रास्ते में कोई छेड़छाड़ न हो, कोई हादसा न हो। उस चिंता में स्कूल जाना बंद हो जाता है। शौचालयों की बात करें तो यह सिर्फ सुविधा नहीं, आत्मसम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। किशोरावस्था में लड़कियाँ उन परिवर्तनों से गुजरती हैं, जहाँ एक स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय उनकी शिक्षा की निरंतरता तय कर सकता है। लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में या तो शौचालय हैं नहीं या हैं तो गंदे, असुरक्षित या क्षतिग्रस्त हालत में हैं। माता-पिता के लिए यह एक और कारण बन जाता है अपनी बेटियों को स्कूल से हटाने का।

सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। जिन स्कूलों में कोई महिला शिक्षक नहीं होतीं, कोई सीसीटीवी कैमरा या गार्ड नहीं होता, वहाँ किशोर लड़कियों को भेजना आज भी माता-पिता के लिए जोखिम उठाने जैसा है। यह डर केवल अव्यवस्था से नहीं, समाज की असंवेदनशीलता से भी उपजा है। आए दिन होने वाली घटनाएं, समाचारों में आती छेड़छाड़ की खबरें इस भय को और गहरा करती हैं। इन सबके अलावा शिक्षा को लेकर समाज की प्राथमिकताएँ भी स्पष्ट नहीं हैं। एक लड़का पढ़े तो 'परिवार का भविष्य' बनता है, लेकिन लड़की पढ़े तो 'शादी की उम्र निकलने का डर' पैदा होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह मानसिकता अब भी गहराई से मौजूद है। लड़कियों की शिक्षा को 'लाभ' से ज्यादा 'खर्च' माना जाता है। इन परिस्थितियों में बेटियां स्कूल छोड़ दे, तो क्या इसमें उसकी गलती है? या यह एक सामूहिक चूक है- व्यवस्था, समाज और हमारी। इस स्थिति का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, ठोस क्रियान्वयन से होगा। सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि हर गाँव से तीन किलोमीटर के दायरे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हो।


यह बुनियादी शैक्षिक ढांचा हर बच्चे का अधिकार है। परिवहन की सुविधा उतनी ही ज़रूरी है जितनी शिक्षक की उपस्थिति। यदि बच्चियाँ स्कूल नहीं पहुँच पाएंगी तो पढ़ेंगी कैसे? सरकार को स्कूल वैन, छात्रा साइकिल योजना या सार्वजनिक परिवहन में 'स्कूल पास' जैसे विकल्प सुनिश्चित करने होंगे। हर स्कूल में स्वच्छ और उपयोगी शौचालयों की अनिवार्यता होनी चाहिए। महिला कर्मचारियों की नियुक्ति, नियमित निरीक्षण और साफ-सफाई के लिए स्थानीय प्रशासन को उत्तरदायी बनाया जाए। सुरक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल में महिला शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा और स्कूल परिसर में अभिभावकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। यह कदम न केवल बेटियों को सुरक्षा का भरोसा देगा, बल्कि अभिभावकों को मानसिक शांति भी। इसके साथ ही स्कूलों के भवन और अधोसंरचना को केवल औपचारिकता के लिए नहीं, गुणवत्ता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान- ये सब स्कूल के मानक हिस्से होने चाहिए।

एक और महत्वपूर्ण बिंदु डिजिटल शिक्षा है। महामारी ने दिखा दिया कि जिनके पास मोबाइल, इंटरनेट और बिजली नहीं, वे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। ग्रामीण स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और उपकरण की उपलब्धता अब विलासिता नहीं, अनिवार्यता है। शिक्षा विभाग को उन लड़कियों की नियमित सूची बनानी चाहिए जो स्कूल छोड़ चुकी हैं। उनके घर जाकर कारण जानना, उन्हें वापस लाने के लिए प्रेरित करना, और माता-पिता को विश्वास में लेना प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। साथ ही समाज को भी आत्मावलोकन करना होगा। हम अपनी बेटियों को क्यों पढ़ाना चाहते हैं – नौकरी के लिए, शादी के लिए या आत्मनिर्भरता के लिए? जब तक समाज का जवाब अस्पष्ट रहेगा, तब तक समाधान भी अधूरा रहेगा। प्रशासन, समाज और परिवार को मिलकर यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कोई भी बच्ची शिक्षा से वंचित न हो। इसका अर्थ है केवल विद्यालय खुलवाना नहीं, बल्कि उसमें बेटी के जाने और टिके रहने की पूरी जिम्मेदारी लेना।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मंहगे दामों में की जा रही है मौरंग की बिक्री



**कुरारा(हमीरपुर)।** बरसात के चलते मोरंग खदाने बन्द होने के बाद बड़े मोरंग माफिया तो शांत हो गए पर अब छोटे छोटे मोरंग माफिया कुरारा क्षेत्र में सक्रिय है। जिनके द्वारा कस्बे के आसपास कई छोटे छोटे मोरंग के डम्प लगाए गए है और महंगे दामो में मोरंग की बिक्री की जा रही है। कुरारा कस्बे के आसपास की गलियों व सड़को में हाइवे के किनारे मोरंग माफियाओं द्वारा 10 से 15 ट्राली वाले मोरंग के डम्प चोरी से डाले गए है जिसपर अब वोही छोटे छोटे मोरंग माफिया महंगे दामो में मोरंग की बिक्री कर रहे है। कस्बे में मौजूदा समय मे 100 फिट मोरंग की ट्राली 5 हजार रुपये की बिक रही है वही मोरंग खदाने जब चालू थी तब 230 फिट मोरंग का भाव 4500 सौ रुपये हुआ करता था। विचारणीय बात ये है कि पुलिस सहित तमाम जिले के अफसर आयेदिन गांव देहातों में घूमते है परंतु ये मोरंग के डम्प इन्हें दिखाई नहीं देते। बरसात के समय मे लोग मकान की तराई से बचने के लिए अपने मकानों के निर्माण करवा रहे है उन्हें चार गुना महंगे दामो में मोरंग खरीदनी पड़ रही है।

### रास्ते जल भराव से लबालब

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा में दोपहर में हुई भारी बरसात से रास्ते जलभराव से लबालब हो गए। पानी की निकासी न हो पाने के कारण लोगो के घरो में पानी घुस गया। दो घंटे तक हुई बरसात कस्बे में जलभराव हो गया। कस्बे में दोपहरबाद तीन बजे के बाद से जोरदार बरसात हुई। जिससे नगर पंचायत के सामने बने नाले में पानी निकास न होने पर जलभराव हो गया, जिससे लोगो के घरों में पानी घुस गया जिससे लोग परेशान होते रहे। बाजार में भी जलभराव हो गया। तथा मंडी समिति में भी जलभराव हो गया। इससे लोग परेशान होते रहे।

### बरसात के चलते विधवा का कच्चा मकान ढहा

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के कंडोर गांव में बारिश के चलते विधवा का कच्चा मकान गिर गया। जिससे बरसात के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कंडोर गांव निवासी शरीफन पत्नी स्व करिया खां का कच्चा खपरैल वाला मकान बरसात के चलते गिर गया है जिससे महिला परेशान है। मकान गिरने से उसका गृहस्थी का सामान मलबेमें दब गया है। महिला मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण करती है।

### चोरों के हौसले बुलंद, गोदाम में घुसकर हजारों का सामान चोरी

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए है। पुलिस की ढुलमुल रवैया चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। सोमवार की चोरों ने पनवाड़ी मार्ग स्थित एक गोदाम में घुसकर नल फिटिंग सहित अन्य सामान पार कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के मियांपुरा मोहल्ला निवासी संदीप कुमार ने बताया कि स्टेट बैंक के सामने नीलेश ट्रेडर्स की दुकान किए हैं। पनवाड़ी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास उसका गोदाम है। बताया कि जब सामान की जरूरत पड़ती है तो वह दुकान में लगे लड़को से निकलवा लेते हैं। बताया कि सोमवार की रात चोर गोदाम के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। अंदर से चोर एलबो के पाइप, चूड़ी सकेट, चूड़ी एलबो पाइप सहित अन्य नल फिटिंग का सामान चोरी करके ले गए हैं। बताया कि सारा सामान करीब तीन लाख रुपए कीमत का है। चोरी की इस घटना से व्यापारियों सहित लोगों में दहशत व्याप्त है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मौके पर दरोगा को जांच के लिए भेजा गया है। वहीं जिगनी गांव निवासी देवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि रात में चोर उसका ट्रैक्टर चोरी करके ले जा रहे थे। तभी ट्रैक्टर फंस जाने से चोर चोरी करने में असफल रहे।

### कमीशन न देने पर ऋण तो दूर, पास बुक भी छीन ली

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के जखेड़ी गांव निवासी रक्षा पत्नी इंद्रपाल ने बताया कि उसने 31 जनवरी 22 को व्यवसाय के लिए समूह के माध्यम से 70 हजार रुपए की लोन ली थी। लेकिन उसे रुपए नहीं दिया गया था। आरोप लगाया कि दस हजार रुपए कमीशन न देने पर संबंधित कर्मचारी ने उसकी पासबुक छीन ली थी। तभी से उसे बंधन बैंक से कोई लेना–देना नहीं था। आरोप लगाया कि कर्मचारी उसके घर पर आकर 18 हजार रुपए लोन का भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। बताया कि जब उसने बैंक जाकर संपर्क किया तो वह 18 हजार रुपए चुकाने की मांग कर रहे हैं। जबकि कमीशन न देने पर उसे लोन का रुपए नहीं दिया गया था। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### दबंगों ने की मारपीट

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी विकास पुत्र चंद्रशेखर अहिरवार ने बताया कि सोमवार की शाम करीब छह बजे वह कुर्रा रोड पर घूमने के लिए जा रहा था। तभी ईदगाह के पास आधा दर्जन युवक आए और मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया कि गला दबाकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### थम नहीं रहा युवाओं का अवैध असलहों संग प्रदर्शन



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** युवाओं के अवैध असलहो के खुलेआम प्रदर्शन पर तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस लगाम लगाने में असफल है। आए दिन युवा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध असलहो संग फोटो अपलोड करके रौब दिखाते नजर आ रहे हैं। इसी तरह का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे युवक सिगरेट के कस लगाते हुए कमर में अवैध असलहा खोसे दिख रहा है। इसके पूर्व भी कई युवा अवैध असलहो संग फोटो वायरल कर चुके हैं। पुलिस ने संज्ञान में लेकर युवाओं के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही भी की है। इसके बाद युवाओं का यह शौक कम होने के बजाय दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

### बाइकसवार गिरकर गंभीर

**मौदहा, हमीरपुर।** पडोसी जनपद महोबा के ग्योडी से मौदहा आ रहे बाइक सवार कस्बे निवासी अमित और उनके रिश्तेदार कानपुर निवासी रमन सिंह पुत्र राजकुमार सिंह बाईक से संतुलन खो बैठे और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को राहगीरों की मदद से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ पर दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है फिलहाल दोनों को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

### नि:शुल्क कैम्प आयोजन से महोबा जिले के मरीजों एवं तीमारदारों को मिल रहा लाभ



**महोबा।** एक दशक से अधिक समय से IVF और प्रजनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुभव रखने वाली प्रख्यात प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कबेरी बैनर्जी दिल्ली–NCR में एक प्रसिद्ध प्रजनन और IVF विशेषज्ञ के रूप में जानी जाती हैं। डॉ. बैनर्जी, जो नई दिल्ली के एडवांस फर्टिलिटी एंड गायनेकोलॉजिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर हैं, ने अब तक 10,000 से अधिक गर्भावस्था के मामलों को सफलतापूर्वक संभाला है। उनकी विशेषज्ञता बार–बार IVF विफलताओं, डोनर प्रक्रियाओं और सरोगेसी जैसे जटिल मामलों को प्रभावी ढंग से संभालने में निहित है। महोबा जिले के मरीजों एवं तीमारदारों का लाभ मिल रहा है।

**भारत की शीर्ष IVF विशेषज्ञ डॉ. कबेरी बैनर्जी- वैश्विक प्रशिक्षण और उत्कृष्टता का प्रतीक:** भारत की सर्वश्रेष्ठ IVF विशेषज्ञ के रूप में पहचानी जाने वाली डॉ. कबेरी बैनर्जी ने प्रजनन और IVF के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता से देशभर में ख्याति अर्जित की है। उन्होंने लंदन के प्रतिष्ठित गाइज एंड सेंट थॉमस हॉस्पिटल में प्रशिक्षण प्राप्त किया, जहाँ वे कॉमनवेल्थ स्कॉलर के रूप में गईं और तीन वर्षों तक प्रजनन और IVF के क्षेत्र में गहन प्रशिक्षण लिया। डॉ. बैनर्जी ने नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) से MBBS और प्रसूति एवं स्त्री रोग में MD पूरी की। इसके अलावा, उन्होंने लंदन के रॉयल कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी (MBBS) से फेलोशिप प्राप्त की और नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (MBBS) की सदस्य भी हैं।

**प्रजनन स्वास्थ्य में अग्रणी: डॉ. कबेरी बैनर्जी का केंद्र नई ऊँचाइयों को छू रहा हैनई दिल्ली:** डॉ. कबेरी बैनर्जी के नेतृत्व में उनके प्रजनन स्वास्थ्य केंद्र ने हाल के वर्षों में कई जटिल प्रजनन मामलों को सफलतापूर्वक संबोधित कर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। पतली एंडोमेट्रियम, बार–बार IVF विफलताएँ, खराब अंडे की गुणवत्ता और गंभीर रूप से कमजोर शुक्राणु मापदंड जैसे चुनौतीपूर्ण मामलों में, केंद्र ने G-CSF इन्फ्यूजन, PRP थेरेपी, व्यक्तिगत उत्तेजना प्रोटोकॉल, इम्यूनोलॉजिकल हस्तक्षेप और गर्भाशय गुहा की सर्जिकल सुधार जैसे अत्याधुनिक उपचारों को अपनाकर मरीजों के लिए सफल परिणाम सुनिश्चित किए हैं। विशेष मामलों में, जहाँ तृतीय–पक्ष प्रजनन की आवश्यकता थी, केंद्र ने माता–पिता बनने के सपने को साकार करने के लिए नैतिक और संवेदनशील विकल्प के रूप में सरोगेसी की पेशकश की है। हाल ही में, केंद्र ने तपेदिक प्रभावित मामलों में एम्ब्रियो पूलिंग पर एक अभूतपूर्व अध्ययन प्रकाशित किया, जो एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में छपा। यह अध्ययन क्षेत्र–विशिष्ट प्रजनन चुनौतियों को संबोधित करने में महत्वपूर्ण कदम है और वैश्विक स्तर पर प्रजनन चिकित्सा में योगदान देता है।

# जल भराव क्षेत्रों में कीटनाशक व एंटीलार्वा दवा छिड़कने के आदेश

**गांव के बजट से कराया जायेगा छिडकाव, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पीड़ितों को स्वयं परोसकर खाना खिलाया**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बाढ का पानी कम होने के बाद सैकडों गावों में सड़ांध से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है, लिहाजा प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग, डीपीआरओ व नगर पालिकाओं को कीटनाशक, एंटीलार्वा दवा छिडकने के आदेश कर दिये है। वही सीएमओ ने सीएचसी पीएचसी अधीक्षक से कहा है कि पंचायतों से समन्वय बना कर ग्राम स्वच्छता एवं पोषण समिति के बजट से छिड़काव कराये। पुर्व





केंद्रीय मंत्री ने पीड़ितों के सामग्री की किटे बितरित की। जानकारी के मुताबिक जिले में करीब चार दिन से बाढ़ से करीब सौ से अधिक गांव प्रभावित हुये है हजारों एकड़ फसल नष्ट होने के बाद सड़ गयी है जिससे गावों में सडांध से लोगों का जीना हराम हो गया है, एडीएम वित्त ने सभी ईओ नगर पालिका व नगर पंचायत व डीपीआरओ को पत्र लिखकर कीटनाशक दवा एंटीलार्वा फांगिग कराने के साथ साथ कूड़ा हटाने के आदेश दिये है सीएमओ ने चिकित्साधीक्षकों से कहा है कि ग्राम समाज के बजट से दवाओं का छिडकाव कराये ताकि संक्रामक रोग न फैले इधर बाढ़ पीडितों का कहना है कि घरो के आसपास अभी भी पानी भरा हुआ है जिससे वहा पर जहरीले कीडे निकल रहे है। वहीं पीड़ित बुखार, खरवा व आंख की लालिमा जैसी बीमारी से ग्रसित होते जा रहे है में बुखार, खांसी, खरवा व आंख की लालिमा के चलते रोजाना कम से कम पांच सौ लोगो को दवा बितरित की जा रही है। डिप्टी सीएमओ डा. संजय कुमार ने बताया कि बाढ पीड़ितों के लिये दवा के छह केंद्र बनाये गये है जिसमे डिग्री कालेज कुछेछा व चंदुलीतीर में चौबीस घंटे डाक्टरो की डियूटी रहती है आठ आठ घंटे की डियूटी तीन शिफ्टों में लगायी गयी है वही पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने बाढ पीड़ितों के बीच जाकर सामग्री की किट वितरित की और आश्वासन दिया कि उनकी हर हाल में मदद की जायेगी। इस मौके पर कुलदीप निषाद नगर पालिका चेयरमैन हमीरपुर, संदीप बाजपेयी समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

### कैंपों में रुके अस्सी फीसदी लोग अपने घरों में पहुचे

**हमीरपुर।** बाढ़ राहत कैंप में करीब अस्सी फीसदी लोग अपने घरों में पहुच गये है, जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने पीडितो को आवश्यक सामग्री की किट देकर सम्मान सहित भर भिजवा दिया है हालाकि बीस फीसदी लोग अभी कैंपों में रुके हुये है इनके घरों में अभी भी पानी भरा हुआ है जिससे लोगों को कैम्प में रहना पड रहा है प्रशासन ने बचे लोगों को खाने पीने का इंतजाम किया है इनको भी किटे देकर रवाना किया जायेगा। वहीं आज दिन भर रुक रुक कर हो रही बरसात के चलते और भी मुसीवते बढ़ गयी है मगर पीडित अपने घरों में जाकर फिर से बनाने व सुधारने का प्रयास सुरु कर दिया है।

## सपा सांसद ने पीड़ितों को वितरित किये लंच पैकेट, फजीहत होने के बाद सांसद आये क्षेत्र में



**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के यमुना नदी की बाढ़ से पीड़ित लोगों से मिलकर सांसद ने हाल चाल लिया तथा लंच पैकेट का वितरण किया। तथा बाढ़ में हुए नुकसान का भरपाई करने का आश्वाशन दिया। हमीरपुर महोबा तिंदवारी सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में सपा की टीम ने कुरारा ब्लाक के मनकी खुर्द, मनकी कला में बाढ़ पीड़ित लोगों से मिलकर उनकी समस्या के संबंध में जानकारी ली। लोगों को आश्वस्त किया कि बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई की पूर्ति के लिए पूरी मदद की जाएगी तथा बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट का वितरण किया। सोशल मीडिया में सपा सांसद के गायब होने व खोजने वाले को डेढ़ सौ रुपये देने काजमकर वीडियो वायरल हुआ था इसके बाद पार्टी नेताओ ने सांसद को आज क्षेत्र में जाने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि, जिला अध्यक्ष इदरीश खान, पूर्व जिला अध्यक्ष राजबहादु पाल, सौरभ यादव, वेदप्रकाश वर्मा, रणबहादुर यादव, वर्षा नामदेव, सलीम सिद्दीकी आदि ने लंच वितरण में सहयोग किया।

### यमुना-बेतवा की बाढ़ से किसानों को भारी नुकसान, 500 हे. की फसलें नष्ट

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** यमुना व बेतवा नदी की बाढ़ का पानी उतरने के बाद खेतों में हुई तबाही का मंजर देख किसान सिर पकड़कर बैठ गए हैं। ब्लॉक क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों में खरीफ की तिलए उर्दए मूंग अरहर ज्वारए बाजरा व मूंगफली की फसलें सड़कर पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। अनुमान है कि लगभग 500 हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें बर्बाद हो गई हैं। बेतवा नदी से मोराकांदर कुम्हऊपुर सहुरापुर पौथिया कलौली तीर अमिरता चंदौखी कुंडौरा दरियापुर टिकरौली पारा ओझीए बड़ा गांव सहित कई पंचायतें प्रभावित हुई जबकि यमुना की बाढ़ से पत्योरा सुरौली बुजुर्ग बरुआ भौंरा व उनके मजरे प्रभावित हैं। प्रधानों ने बताया कि खेतों में पानी भरने से एक माह पूर्व बोई गई फसलें पूरी तरह सड़ गई हैं। सब्जी उत्पादक किसानों को भी बड़ा नुकसान हुआ है। किसान प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## सिसोलर में पानी की टंकी के नलकूप का ट्रांसफार्मर 15 दिन से खराब, बूंद-बूंद पानी को लोग तरसे

**मौदहा, हमीरपुर**

मौदहा विकास खण्ड के बड़ी आबादी वाले गांव सिसोलर में पेयजल आपूर्ति के लिए बनी जल निगम की टंकी में पानी पहुंचाने के लिए बने ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर बीते पंद्रह दिनों से खराब होने के कारण ग्रामीणों के सामने गंभीर संकट बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल निगम ने कई वर्ष पहले पानी की टंकी बनाई थी। इसमें पानी पहुंचाने के लिए दो नलकूप लगाए गए थे। एक नलकूप टंकी के कैंपस में तथा दूसरा नलकूप टंकी से दूर खेतों में लगाया गया था। इनमें से खेतों में लगा नलकूप कुछ वर्षों में ध्वस्त होने से पुनः नये नलकूप का निर्माण कराया गया है जो कि टंकी से कुछ दूर बुढ़ई



मार्ग पर स्थित है। लगभग एक महीने पहले इस नवनिर्मित नलकूप को चालू किया गया था। जिससे आधा पानी टंकी में भेजा जाता था और बाकी पानी को सीधा सप्लाई किया जाता था। इस नलकूप के चालू होने से गांव के एक बड़े हिस्से की आबादी को पेयजल आपूर्ति सुव्यवस्थित हुई थी लेकिन मात्र पंद्रह दिन चलने के बाद इस नलकूप का ट्रांसफार्मर खराब हो गया और तब से आजतक यह नलकूप बंद पड़ा है। ऐसे में गांव की एक बड़ी आबादी को पेयजल के भारी संकट से गुजरना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इन दिनों हो रही लगातार बारिश में पेयजल की व्यवस्था को इधर उधर भटक रही तमाम महिलाएं जलभराव और फिसलन का शिकार होकर चोटहिल हो रही हैं। ग्राम प्रधान विजय शंकर प्रजापति ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से लगातार अवगत कराया गया है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### नकदी-जेवर लेकर युवती-युवक संग फरार, मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल से एक युवती बड़ी मात्रा में नगदी और जेवरात लेकर युवक के साथ फरार हो गई। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार धर्मेश्वर बाबा मुहाल निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री घर में रखे करीब 1 लाख 90 हजार रुपयेए 800 ग्राम चांदी और 10 ग्राम सोने के जेवर लेकर फरार हो गई है। तहरीर में बताया गया कि युवती बांदा जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र के पिपरोदर डेरा निवासी अवधेश उर्फ मनोज निषाद के साथ भागी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती और युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## रहमानिया इंटर कालेज में स्मार्ट क्लासेज का शुभारंभ

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज में स्मार्ट क्लासेज का प्रधानाचार्या ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसमे प्रोजेक्टर और टीवी स्क्रीनिंग के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। मंगलवार को कस्बे के कपसा मार्ग स्थित रहमानिया इंटर कालेज में बनकर तैयार हुई स्मार्ट क्लासेज का मंगलवार को कालेज प्रधानाचार्या डॉ रजिया सुल्ताना ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसके बाद उक्त क्लास में अध्यापकों द्वारा बच्चों को प्रोजेक्टर एवं स्क्रीनिंग के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कराई गई। प्रधानाचार्या डॉ रजिया सुल्ताना ने बताया की कालेज में आधुनिक तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत नये क्लास रूम का निर्माण कराकर उसमें योग्य शिक्षको के द्वारा




प्रोजेक्टर और लाइव टीवी स्क्रीनिंग के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक के सभी छात्र छात्राओं को नयी तकनीकी के तहत शिक्षा दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे बच्चों में शिक्षा को लेकर जागरूकता उत्पन्न हो और वह शिक्षा की ओर अग्रसर हो। वहीं बताया की कालेज में स्थापित कम्प्यूटर लैब के जरिए भी योग्य शिक्षको के द्वारा बच्चों को कम्प्यूटर और आनलाइन शिक्षा का भी ज्ञान दिया जा रहा है।

## ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**दारोगा व सिपाही की घटना की जांच शुरू**

**राठ(हमीरपुर)।** रविवार की रात धनौरी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हरियाणा पुलिस की बोलेरो गाड़ी पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई थी। इस हादसे में सब इंस्पेक्टर व हेड कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि एक सब इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। चालक ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

हरियाणा निवासी चालक राजेश पुत्र सहजराम ने बताया कि रविवार को हरियाणा प्रांत के गुड़गांव क्राइम ब्रांच में तैनात 45 वर्षीय सब इंस्पेक्टर सजंय कुमार पुत्र करतार सिंह निवासी झज्जर हरियाणा 25 वर्षीय कांस्टेबल अमित पुत्र खजान सिंह सब इंस्पेक्टर 38 वर्षीय इंद्रजीत के साथ हरियाणा से छत्तीसगढ़ एक विवेचना में दबिश पर जा रहे थे। तभी राठ कोतवाली के धनौरी गांव के पास स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे खंड संख्या 127 पर आगे की ओर लापरवाही से चला ट्रैक्टर में बोलेरो कार अनियंत्रित होकर ट्राली में पीछे से घुस गई थी। इस हादसे में कार में सवार सब इंस्पेक्टर संजय कुमार और हेड कांस्टेबल अमित की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि सब इंस्पेक्टर इंद्रजीत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया था। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि चालक की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है।

## चार पहिया वाहन चालक ने बाइक सवारों को पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत

**महोबा।** महोबा जिले में कुलपहाड क्षेत्र के बेलाताल में चार पहिया वाहन चालक ने बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मारी तथा 50 मीटर तक बाइक सहित चालक को घसीटा जिससे एक बाइक सवार वृद्ध ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तथा चालक गंभीर है बेहोशी हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है जहां पर डॉक्टरों ने घायल को झांसी मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है घटना की जानकारी होने पर म्रतक व घायल के परिवार में रोना पीटना मचा है कुलपहाड़ से अपने ग्राम बघोरा बाइक से गुलाम कादर खान पुत्र अफाक हुसैन उम्र 36 वर्ष आ रहे थे उनके पीछे सवारी कर रहे श्यामलाल पुत्र छक्की निवासी बघोरा उम्र 82 वर्ष पीछे से आ



रही चार पहिया वाहन जैतपुर खंदीया नहर के पास उनके आगे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी बाइक का हैंडल चार पहिया वाहन में फस जाने से 50 मीटर तक बाइक चालक बा पीछे सवार वृद्ध को घसीटा गया बाइक नाली में गिर जाने से वह रोड पर जा गिरे जिससे पीछे बैठे वृद्ध ने मौके पर ही दम तोड़ दिया बाइक चालक बेहोशी हालत में एंबुलेंस से संबंधित स्वास्थ्य केंद्र ले गए गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम भव्यता के साथ होगा आयोजित, तैयारियां पूर्ण करें: डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में हर घर तिरंगा अभियान-2025 कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। यह बात जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने हर घर तिरंगा अभियान-2025 कार्यक्रम के आयोजन सम्बन्धी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहीं।

जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा अभियान को जनपद भर में एक जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विगत वर्षों में हर घर तिरंगा अभियान उत्साह उमंग और जनभागीदारी के साथ प्रायोजित किया गया था। इस बार भी वृहद प्रचार-प्रसार व जन जागरुकता के माध्यम से लोगों को पुनः तिरंगा झण्डा फहराने हेतु प्रेरित करने के लिए पूरे जनपद में वातावरण निर्मित किया जाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा



अभियान के अंतर्गत जन जागरुकता के माध्यम से लोगों को यह भी अवगत कराया जाए। कि प्रत्येक नागरिक आवास, स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झण्डा को पूरे सम्मान और झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना है।आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक द्वारा इसका दुरुपयोग न किया जाए। इसके अतिरिक्त समस्त शिक्षण संस्थाओं में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये, जिसमें राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो। विद्यार्थियों को स्वतंत्रता-संग्राम का इतिहास बताया जाये तथा देश के लिए शहीद हुए ज्ञात-अज्ञात विशेषकर स्थानीय देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंग दोहराये जायें, जिससे उनमें राष्ट्रीय चेतना जागृत हो। इसके अतिरिक्त देशप्रेम की भावना जागृत करने वाले नाटक, विचार-गोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, निबन्ध-लेखन से सम्बन्धित प्रतियोगिताएं भी यथा-सम्भव आयोजित करायी जायें। शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजनों हेतु बेसिक शिक्षा विभाग और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पृथक से स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में अपने-अपने घरों पर फहराये तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया एवं संस्कृति विभाग, उप्र शासन के सेल्फी पोर्टल http://harghartirangaup.org की वेब साइट पर पोस्ट हेतु आम नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पावर हाउस पनवाड़ी जलमग्न, बिजली आपूर्ति ठप्प कन्ट्रोल रूम बना तालाब

**ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरागी ने मौके पर पहुंच की जल निकासी की व्यवस्था**

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र में बीते कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बरसात का पानी अब सिर्फ गलियों और खेतों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने अब पनवाड़ी पावर हाउस को भी अपने आगोश में ले लिया है। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि मंगलवार की सुबह पावर हाउस के मशीन कक्ष (कन्ट्रोल रूम) में पानी भर जाने के कारण पूरी कस्बा क्षेत्र की






विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई।

बिजली सप्लाई बाधित होने से पनवाड़ी कस्बे में हड़कंप मच गया। सुबह से ही घरों, अस्पतालों, दुकानों और शिक्षण संस्थानों में अंधेरा छा गया पंखे, कूलर और अन्य आवश्यक उपकरण ठप हो गए। सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों को हुई जो घरेलू मेडिकल उपकरणों पर निर्भर हैं। व्यापारी वर्ग भी दिन भर बेचैनी में रहा, जबकि छात्र-छात्राएं बिना बिजली के ऑनलाइन पढ़ाई नहीं कर सके। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पनवाड़ी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरागी ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे राहत कार्य का स्वयं नेतृत्व किया। जलभराव की खबर मिलते ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर जेसीबी मशीन व भारी क्षमता वाली पंपिंग मशीनें मौके पर मंगवाई। उन्होंने न केवल कार्य को गति दी, बल्कि खुद पावर हाउस के बाहर कीचड़ और पानी से भरे रास्ते पर उतरकर मशीनों की निगरानी करते रहे। स्थानीय कर्मचारियों और ग्रामीणों के सहयोग से लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पावर हाउस परिसर से पानी निकालने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसके बाद मशीन कक्ष की सफाई कर विद्युत संयंत्रों की तकनीकी जांच शुरू की गई, जिससे जल्द ही बिजली आपूर्ति को बहाल किया जा सके।

इस दौरान श्रीप्रकाश अनुरागी ने मीडिया से बातचीत में कहा, जनता की समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं। पनवाड़ी की एक-एक गली में अंधेरा नहीं रहने दूंगा। जब तक आपूर्ति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक मैं मौके पर बना रहूंगा। उनकी तत्परता और सक्रियता की सराहना करते हुए स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही असली संकटमोचक होते हैं। यदि श्री अनुरागी समय पर मौके पर न पहुंचे होते, तो पूरी मशीनरी को भारी नुकसान हो सकता था और पनवाड़ी कई दिनों तक अंधेरे में डूबा रहता। फिलहाल बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, और प्रशासन द्वारा हालात पर नजर रखी जा रही है। पनवाड़ी की जनता को उम्मीद है कि जल्द ही अंधेरा छंटेगा और जनजीवन फिर से पटरी पर लौटेगा।

इस मौके पर एसडीओ पनवाड़ी गिरीश चंद्र, जेई ईश्वर सिंह यादव ने बताया कि प्रयास किया जा रहा है कि शाम तक लगभग सभी फिडर चालू हो जाएंगे कस्बा सहित ग्रामीणों को विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से दी जायेगी। कस्बे की जनता ने समाचार पत्र के माध्यम से विद्युत विभाग से जीर्ण शीर्ण पावर हाउस को नया एवं ऊचाई पर बनाने की मांग की।

# जर्जर मकान की छत गिरी, एक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत हैदरगढ़ के कुरैशी वार्ड में बारिश के दौरान एक मकान की जर्जर छत गिर जाने से उसमें दबकर एक फेरी वाले की मौत हो गई। मकान में वह अकेला रहता था। मंगलवार सुबह काफी देर तक युवक के बाहर न निकलने पर आस-पडोस के लोग घर के अंदर गए। जहां युवक धराशायी हुई छत के नीचे दबा मिला। पड़ोसियों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव बाहर निकलवाया और पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के कुरैसी वार्ड निवासी राजेश कुमार पुत्र रामलाल उम्र लगभग 50 वर्ष जो कबाड़ का कार्य करता था, और एक पुराने जर्जर माकान में अकेले रहता था। बीती मध्य रात्रि को हुई तेज बारिस में माकान की छत ढह गई और वह मलबे में दब गया। मंगलवार की सुबह काफी देर तक राजेश घर से बाहर नही निकला तो पड़ोसियों को चिता हुई लोगो ने आवाज दिया इसके बावजूद वह बाहर नही निकला जिसके बाद सभी लोग उसके जर्जर माकान में गए तो देखा की माकान की छत ढह गई और वह उसी में दबा हुआ है। पड़ोसियो ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जिसके बाद चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए और शव बाहर निकलवाया। भाई सुनील कुमार की लिखित तहरीर पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया।

घटना के बाद राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक की शादी नही हुई थी वह फेरी लगाकर कबाड़ का काम करता था और उससे जो कमाई हो जाती थी उसी से वह अपना पेट पालता था। सुनील ने बताया कि मृतक को मिलाकर वह चार भाई थे। जिसमे एक की शादी हुई थी वह अपने परिवार के साथ लखनऊ में रहता है और तीन भाई अलग अलग हैदरगढ़ में रहते है। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव पीएम के लिए भेजा गया जांच की जा रही है।

## खतरे के निशान से 37 सेमी ऊपर पहुंचा सरयू नदी का जल स्तर, प्रशासन अलर्ट

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 37 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित गांवों में दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने मंगलवार को बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण कर मरीजों को दवाइयां वितरित कीं।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तीन टीमें बाढ़ क्षेत्र में तैनात की गई हैं। साथ ही एंबुलेंस भी क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई है।डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि गांव में गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर लिया गया है। उन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# गश खाकर अचेत हुआ छात्र, उपचार के बाद भेजा घर



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

- भिखरा गांव निवासी बैजनाथ पांडेय का पुत्र है युवराज पांडेय
- बिना कुछ खाये खाली पेट विद्यालय आया था छात्र जिसके कारण चक्कर आया

तहसील मुख्यालय स्थित एक इंटर कॉलेज में मंगलवार की सुबह प्रार्थना के दौरान युवक को चक्कर आ गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद हालत ठीक होने पर छात्र को सूचना पाकर अस्पताल आए परिजनों को सौंप दिया गया। भिखरा गांव निवासी बैजनाथ पांडे का पुत्र युवराज पांडे कस्बा स्थित इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है। आज सुबह वह प्रार्थना में शामिल हुआ प्रार्थना के बाद शिक्षकों द्वारा दी जा रही सूचना के दौरान छात्र को चक्कर आ गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि चक्कर आने की सूचना छात्र ने उनको दी जिसके बाद उन्होंने छात्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया और घर वालों को सूचना दी। बताया कि साइकिल से विद्यालय आया छात्र पेट में खराबी के चलते बिना कुछ खाये खाली पेट विद्यालय आया था। जिसके कारण चक्कर आया था।

## घर में काम कर रहा युवक सर्प दंश का हुआ शिकार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा सुबेहा के पट्टी वार्ड निवासी एक युवक को घर में काम करते समय सर्प ने डस लिया। घटना के बाद साक्ष्य के तौर पर युवक ने साप को पकड़ कर डिब्बे में भर लिया और इसकी सूचना घर वालों को दी। जिसके बाद घर वाले युवक को डिब्बे में बंद सांप के साथ लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचे जहां उपचार के बाद हालत ठीक होने पर उसे घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा के पट्टी वार्ड निवासी गुरु प्रसाद सोमवार की देर शाम अपने घर पर कुछ घरेलू काम निपटा रहा था कि तभी सर्पदंश का शिकार हो गया था।

# आपदा को कम करने में पेड़ पौधे सहायक पौधरोपण व संरक्षण बहुत जरुरी : डॉ. विवेक वर्मा

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**





- बिरजू संस्थान ने आयोजित किया प्रकृति संरक्षण संगोष्ठी एवं पौधरोपण कार्यक्रम

दुनिया में कोई ऐसा वैज्ञानिक नही हुआ है जो मौसम व ऋतुओं को ठीक कर सके, ऋतुओं को ठीक करने का यह काम सिर्फ और सिर्फ पेड़ पौधे ही कर सकते हैं इसलिए धरती पर प्राकृतिक आपदा से बचने व प्रकृति संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना जरूरी है।

यह उदगार श्री कपिल मुनि योग एवं ध्यान साधना केंद्र पल्हरी नहर शिव मंदिर में बिरजू संस्थान, बाराबंकी द्वारा आयोजित पांच पेड़ पुरखों के नाम अभियान संगोष्ठी एवं पौधरोपण कार्यक्रम में प्रसिद्ध नेत्र सर्जन, भाजपा नेता डॉ विवेक वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। डॉ वर्मा ने सभी को पांच पांच पौधे रोपित करने उनका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने किया और इस मौके पर अपनी काव्य रचना के द्वारा प्रकृति के प्रति लोगों को आस्था रखने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी रत्नेश कुमार ने सभी को सेमल, अगस्त, अमरूद, नींबू, सागौन, कटहल, अकेसिया, शीशम आदि प्रकार के पांच पांच पौधे भेंट किया और रोपित व संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर गोष्ठी में योगाश्रम के योगाभ्यासी रामानन्द वर्मा, सुशील कुमार, प्रवीण कुमार, संतोष चौधरी, शिव मंदिर के सेवादार हनुमान प्रसाद अमीन, डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क समिति के महासचिव राम औतार आदि कई लोगों ने सम्बोधित किया। गोष्ठी व पौध रोपण कार्यक्रम में आधा सैकड़ा योगाभ्यासियों सहित गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## यूरिया मिलने की सूचना पर किसान की लगी लम्बी कतार आक्रोशित दिखे किसान



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** मंगलवार को मोहम्मदपुर स्थित सहकारी समिति पर यूरिया खाद मिलने की सूचना पर सैकड़ों किसान सुबह से ही लंबी कतारों में जुट गए। लेकिन उपलब्धता बेहद कम होने के कारण किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल सका, जिससे किसानों में भारी नाराजगी देखी गई। धान की फसल में यूरिया की अनिवार्यता को देखते हुए किसान पिछले कई दिनों से दर-दर भटक रहे हैं। जहां सरकारी समितियों पर खाद उपलब्ध नहीं है, वहीं निजी दुकानदार मौके का फायदा उठाकर ऊंचे दामों पर यूरिया बेच रहे हैं। कुछ दुकानदार तो यूरिया के साथ जबरन जिंक या सल्फर की बोरी जोड़कर डेढ़ गुना कीमत वसूल रहे हैं, वो भी अधिकतर रात के अंधेरे में।

मंगलवार को जब मोहम्मदपुर समिति पर खाद उपलब्ध होने की खबर फैली, तो आसपास के गांवों से किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। वजिउद्दीनपुर के आशाराम, अरविंद कुमार, ओमप्रकाश अवस्थी, कृष्ण कुमार शुक्ला, पुरेडीह मजरे महुलारा के फूलचंद, सेवालाल, महुलारा के कृष्ण कुमार और पवन कुमार ने बताया कि उन्हें चार से पांच बोरी की जरूरत थी, लेकिन मुश्किल से दो बोरी ही मिल पाई।

# टपकती छत के नीचे पढ़ने के लिए मजबूर छात्र

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड क्षेत्र मे स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेरिया का भवन अत्यंत जर्जर हालत में है।बारिश के दिनों में छत से लगातार पानी टपकता रहता है।इसके बावजूद 56 छात्र-छात्राएं इसी भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्रधानाध्यापक मणि गुप्ता ने बताया कि उनकी तैनाती 2021 में हुई थी।तब से वह लगातार विभाग को पत्राचार के माध्यम से भवन मरम्मत की मांग कर रही हैं। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। छात्रा दीपांशी का कहना है कि बारिश के दौरान छत से पानी टपकने लगता है।इससे उनकी कॉपियाँ और किताबें भीग जाती हैं। छात्र प्रियांशु चौहान ने बताया कि कपड़े और किताबें भीगने के और भवन जर्जर होने के कारण अब विद्यालय में पढ़ाई के दौरान डर लगने लगा है।प्रधानाध्यापिका के अनुसार, विद्यालय में बच्चों के बैठने की कोई सुरक्षित व्यवस्था नहीं है।


**कार्यालय ग्रा0पं0 समैचीपुर म0 अठरुइया वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 05/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत समैचीपुर मजरा अठरुइया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06/08/2025 से 12/08/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/08/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | राजबहादुर के घर से मुन्नालाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 1.97 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान ( सुशीला देवी) — ग्राम पंचायत समैचीपुर म0 अठरुइया, नवाबगंज — सचिव (ब्रजेश सिंह)


# सौभाग्य योजना से 500 परिवारों को मिलेगा फ्री बिजली कनेक्शन

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



रामसनेहीघाट विद्युत डिवीजन द्वारा सौभाग्य योजना-3 के अंतर्गत 78 गांवों की नई बस्तियों में बिजली पहुंचाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। योजना के तहत लगभग 500 परिवारों को जल्द ही निशुल्क विद्युत कनेक्शन दिए जाएंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता विमलेश ने बताया कि सौभाग्य योजना के पहले और दूसरे चरण में बड़े पैमाने पर कनेक्शन दिए गए थे।

फिर भी कुछ गांवों की नई बसावटें और मजरे अब तक बिजली से वंचित थे। इन क्षेत्रों में हाल ही में कराए गए सर्वेक्षण में करीब 500 परिवार ऐसे पाए गए जिन्हें अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं मिला था। इन वंचित परिवारों को रोशनी देने के लिए पायनियर पावर इंजीनियरिंग लिमिटेड को कार्य सौंपा गया है। कंपनी द्वारा जल्द ही गांवों में नई विद्युत लाइनें बिछाकर लाभार्थियों को कनेक्शन दिए जाएंगे। अधिशासी अभियंता ने लोगों से इस कार्य में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है जिसका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। इस मौके पर रामसनेहीघाट के अवर अभियंता सर्वेश कुमार भी मौजूद रहे।

### बिजली से जुड़ेंगे सपने

गांवों में बिजली पहुंचने से न सिर्फ ग्रामीणों का जीवन आसान होगा, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्य और रोजगार के अवसर भी बेहतर बन सकेंगे। इससे ग्रामीण विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एनएच 731 पर बाराबंकी-अमेठी बार्डर पर हजारीगंज चौराहा के निकट मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने एम्बूलेंस की मदद युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भिजवाया जहां इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैंक पास बुक की मदद से युवक के परिजनो को सूचना दी और फिर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे हजारीगंज कस्बे के समीप एक युवक घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़ा हुआ था। राहगीरों की नजर जब घायल पर पड़ी तो लोगो ने डायल 108 एम्बूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भेज दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की पहचान राहुल सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह निवासी पूरे खुशहाल मजरे महोना पश्चिम जनपद अमेठी के रूप में की।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस, अमेठी**

पत्रांक - 372/न.पा.जायस/2025-26 — दिनांक- 04.08.2025

(अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना)

सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जायस, अमेठी में वर्ष 2025-2026 में नगर का भौगोलिक सूचना प्रणाली सर्वे का तथा ऑनलाइन मैपिंग कार्य एवं सॉफ्टवेयर्स की क्रियान्वयन कार्य को ई-निविदा पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद जायस के सीमान्तर्गत वार्डो की जी.आई.एस. आधारित मैपिंग, प्रापर्टी सर्वे, यू.आई.डी. संख्या आवंटन एवं आनलाईन कर प्रबंधन- प्रणाली हेतु अप्लीकेशन, डेवलपमेंट का कार्य कराया जाना है। इस हेतु ई-निविदा पोर्टल https//etender.up.nic.in के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जिसका विवरण निम्नवत् है-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा प्रकाशन/डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि | 06.08.2025 | 10.00 AM |
| 2. | ई-निविदा प्रकाशन अपलोड की अंतिम तिथि | 27.08.2025 | 5.00 PM |
| 3. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि | 28.08.2025 | 12.00 AM |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जायस
जनपद अमेठी।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जायस
जनपद अमेठी।


## कालपी के फोरलेन प्रभावितों ने फिर बुलंद की मुआवजा दिलाने की आवाज

**कालपी,जालौन।** फोरलेन प्रभावितों का मुआवजा के लिए संघर्ष जारी है। मंगलवार को नगर निवासी नरेंद्र गौतम ने एसडीएम से मिलकर मामले में हुए गड़बड़झाले की शिकायत की है। विदित हो कि हाईवे विस्तारीकरण में नगर सीमा का लगभग 1 किमी 700 मीटर क्षेत्र आया था जिसमें कुछ भाग मौजा आलमपुर में था तो कुछ कालपी खास का था। हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भवन निर्माण की लागत का भुगतान तो कर दिया था पर जमीन के मुआवजे को लेकर प्रभावित हाईकोर्ट चले गए थे जिससे निर्माण प्रक्रिया अधर में लटक गई थी हालांकि 2017 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ परियोजना पर फिर से काम शुरू हो गया था।

# डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराकर ही उड़ायें ड्रोन




**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को जनपद में ड्रोन उड़ाने से संबंधित नियमों की जानकारी देने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने सयुक्त रूप से विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में ड्रोन परिचालन को लेकर कई तथ्यों को मीडिया के सामने रखा।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि ड्रोन एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसका उपयोग यदि नियमों के अंतर्गत हो, तो यह विकास में सहायक बन सकता है। लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया गया या नियमों का उल्लंघन हुआ, तो यह जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में ड्रोन संचालन के लिए वर्ष 2022 में लागू नियमों का पालन किया जा रहा है, जिनमें समय-समय पर संशोधन एवं स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन उड़ाने से पूर्व हर नागरिक को डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है तथा अपने ड्रोन के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्राप्त करना होता है। इसके अतिरिक्त, प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इंटरैक्टिव एयरस्पेस मैप को देखकर ही यह तय किया जाना चाहिए कि ड्रोन उड़ाने की अनुमति उस क्षेत्र में है या नहीं। ग्रीन जोन में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाया जा सकता है, परंतु येलो और रेड जोन में पूर्व अनुमति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों जैसे कि हवाई अड्डों, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं, दिल्ली के विजय चौक, राज्य सचिवालय परिसर तथा सैन्य और रणनीतिक प्रतिष्ठानों के आसपास ड्रोन संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही, ड्रोन की ऊँचाई सीमा अधिकतम 400 फीट निर्धारित की गई है, जिसका पालन अनिवार्य है। ड्रोन को पांच श्रेणियों नैनो, माइक्रो, स्मॉल, मीडियम एवं लार्ज में वर्गीकृत किया गया है। नैनो श्रेणी को छोड़कर अन्य सभी ड्रोन के संचालन के लिए अधिकृत पायलट के पास वैध लाइसेंस अथवा परमिट होना आवश्यक है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रैपुरी, वि.ख. छानबे, मिर्जापुर**

पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित, पंद्रहवां वित, निविदा प्रकाशन — दिनांक- 04.08.2025

(सामग्री आपूर्ति निविदा)

वि.ख. छानबे मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते फार्म के साथ दिया जायेगा।

केन्द्रीय वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन सामुदायिक शौचालय पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आरजीएसए योजना अन्त्येष्ठि स्थल एसएलडब्लूएम योजनान्तर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटीबालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीटलाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टससीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कटस्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटास्टोन, जीएसवी, सीआईबोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूमपाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शव दाहगृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ईरिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 04.08.2025 से 07.08.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 07.08.2025 से प्रातः10 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

मंगला प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. रैपुरी
वि.ख. छानबे, मिर्जापुर

सौरभ
सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. रैपुरी
वि.ख. छानबे, मिर्जापुर


# डॉ. कैलाश चंद्र यादव को किया गया सम्मानित

- परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सफल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद इटावा के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए निश्शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने हेतु पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बायपास, इटावा के प्रधानाचार्य एवं डीटीसी - सीबीएसई डॉ. कैलाश चंद्र यादव को बेसिक शिक्षा विभाग, इटावा की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. यादव द्वारा किए गए इस सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन को अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक बताया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता एवं आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ने हेतु जो पहल की, वह न केवल छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि अन्य शिक्षकों एवं शैक्षिक संस्थानों के लिए भी एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद इटावा ने डॉ. यादव के इस योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बरसात में नाला हुआ विस्मार अब घरों में भर रहा पानी

**जालौन,उरई।** घर के बाहर निकला नाला विस्मार हो गया है। नाला विस्मार होने से बरसात का पानी घर में भर रहा है। पानी भरने के कारण ग्रामीण को दिक्कत हो रही है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर नाले का निर्माण कराने की मांग की है। विकास खंड के ग्राम सिहारी दाउदपुर निवासी चरण सिंह ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में पानी की निकासी के लिए एक नाला बना हुआ था। समय के साथ नाला जर्जर हो गया और नाले की मरम्मत न होने के कारण वह समय के साथ विस्मार हो रहा है। नाला का अस्तित्व समाप्त होने से पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। बताया कि नाले के समीप ही उसका घर बना हुआ है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आदमपुर, वि.ख. छानबे, मिर्जापुर**

पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित, पंद्रहवां वित, निविदा प्रकाशन — दिनांक- 04.08.2025

(सामग्री आपूर्ति निविदा)

वि.ख. छानबे मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते फार्म के साथ दिया जायेगा।

केन्द्रीय वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन सामुदायिक शौचालय पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आरजीएसए योजना अन्त्येष्ठि स्थल एसएलडब्लूएम योजनान्तर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटीबालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीटलाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टससीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कटस्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटास्टोन, जीएसवी, सीआईबोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूमपाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शव दाहगृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ईरिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 04.08.2025 से 07.08.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 07.08.2025 से प्रातः10 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

अमर बहादुर यादव
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. आदमपुर
वि.ख. छानबे, मिर्जापुर

सौरभ
सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. आदमपुर
वि.ख. छानबे, मिर्जापुर

# मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

## सात नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे गए, बड़ी मात्रा में सामग्री सीज, दूषित मिठाई की नष्ट

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

रक्षाबंधन पर्व को लेकर जनपद में मिलावटी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत बेहरिन, तिर्वा तथा कन्नौज क्षेत्र में स्थित एक नकली मिठाई निर्माण इकाई पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें मिल्क केक, बर्फी, डोडा बर्फी सहित निर्माण में प्रयुक्त रवा, सोयाबीन रिफाइंड ऑयल एवं चीनी के कुल 07 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। वहीं मौके पर मौजूद 07 टीन (कुल वजन 1 कुंतल 08 किलो, मूल्य 15,120) सोयाबीन


नमूने संग्रहित करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

रिफाइंड ऑयल और 11 बोरी रवा (कुल वजन 6 कुंतल 60 किलो, मूल्य 18,090) को सीज कर लिया गया। साथ ही, लगभग 20 किलो दूषित मिठाई (अनुमानित मूल्य 4,000) खाद्य कारोबारी द्वारा स्वयं नष्ट कराई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तिर्वा क्षेत्र के उमर्दा स्थित बालाजी स्वीट्स से छेना मिठाई, विनय सिंह चौहान की दुकान से बर्फी, राजेन्द्र कुमार की दुकान से मावा एवं तिर्वा तिराहा क्षेत्र से पनीर का एक- एक नमूना भी जांच हेतु संग्रहित किया। कुल 11 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने स्थानीय बाजारों में व्यापारियों एवं आमजन को मिलावटी, रंगीन व दूषित खाद्य पदार्थों की पहचान व स्थलीय परीक्षण की विधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार, सर्वेश कुमार,अरविंद कुमार साहू, मंजरी मिश्रा, विमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी रहे।

# जन्मजात कटे होंठ एवं तालू से ग्रसित बच्चे का किया जायेगा नि:शुल्क इलाज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मकरंदनगर निवासी अंकित कुशवाहा का दो माह दस दिन का शिशु जन्मजात कटे होंठ एवं तालू की समस्या से ग्रसित है। इस समस्या से जूझ रहे परिजन को तब उम्मीद की किरण मिली जब उन्होंने समाचार पत्र में डॉ. वरुण सिंह कटियार द्वारा एक अन्य बच्चे के इलाज की खबर पढ़ी। इससे प्रेरित होकर अंकित कुशवाहा ने अपने बच्चे के इलाज हेतु डॉ. कटियार से संपर्क किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जलालाबाद में चिकित्साधिकारी एवं मुख एवं दंत सर्जन के पद पर कार्यरत डॉ. वरुण सिंह कटियार ने परिवार को नि:शुल्क इलाज का आश्वासन दिया। उन्होंने तुरंत स्माइल ट्रेन संस्था से संपर्क कर बच्चे के इलाज की प्रारंभिक प्रक्रिया पूर्ण कराई। डॉ. वरुण कटियार ने बताया कि बच्चें की सर्जरी तीन माह की आयु पूर्ण होने के बाद की जाएगी, जिसके पश्चात बच्चा सामान्य जीवन जी सकेगा। स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा इस सर्जरी एवं समस्त इलाज नि:शुल्क किया जाएगा।


बच्चें की जांच करते डॉ वरूण कटियार

## भाई, बहन से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी दुकानदार व उसके भाईयों ने ग्राहक बुलाने के विवाद को लेकर गाली गलौज की और भाई, बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मुरादगंज निवासी गुलनाज पुत्री मसरूर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 03 अगस्त की दोपहर लगभग 03 बजे ग्राहक बुलाने के विवाद को लेकर उसके पड़ोसी शानू उर्फ शाहनवाज, मोनू, भूरा उर्फ फैशल व नियामत उसकी दुकान पर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे व उसके भाई निहाल को लाठी, डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सदगुरु की ही देन हैं सेवा, सुमिरण, सत्संग



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा ब्रज सिंह शाक्य ने कहा सेवा, सुमिरण और सत्संग यह तीनों सदगुरु की ही देन हैं।

उन्होंने कहा इस धरती पर अवतार लेने वाले गुरुओं पीर पैगम्बरो ने सारे संसार को प्यार मोहब्बत से रोशन किया और आत्मा के अन्धकार को समाप्त करके प्रभु परमात्मा के ज्ञान से उज्जवल बना दिया। लोगों के मनो में विशालता करुणा और दया का भाव पैदा किया।यह काम केवल वही कर सकता हैं जो अपने दिलों में दुनिया के सभी इंसानो के प्रति दर्द रखते हैं और जिसके अंदर रूहानियत और चेहरे पर प्रभु परमात्मा का नूर नजर आता हैं। सदगुरु बाबा हरदेव सिंह जी नें कृपा करके सबसे उत्तम ब्रह्मज्ञान हमे दिया है। हम नियमित रुप से सत्संग में आकर सदगुरु के वचनों का पालन करे और अपनी भक्ति को निखारते जाएं जिससे हमारे जीवन में आने बाले कष्ट सदगुरु की कृपा से दूर हो जाएं क्योंकि सदगुरु वो परम सत्ता है जो अपने भक्तों को भटकने नहीं देता। एक बार महात्मा सत्संग से दूर क्या हुये कि उनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया। घर सुख शांति की जगह क्रोध घृणा बैर नफ़रत की मिसाल बन कर रहे गये। फिर एक बार सदगुरु की कृपा से महात्माओं नें उसके घर में सत्संग का वातावरण बनाया तो फिर वह पहले जैसे ही सेवा सुमिरण सत्संग को अपना जीवन सदगुरु के चरणों में समर्पित करके सत्संग की भक्ति में लीन हो गए।



## हाथिन गांव में जलभराव से ग्रामीण घरों में कैद, प्रशासन बेखबर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हाथिन सुंदरनगर गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। चारों ओर जलभराव के कारण गांव टापू बन गया है, जिससे लोग घरों में कैद हो गए हैं। गलियों में पानी और कीचड़ के चलते आवागमन ठप है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर जीवनयापन करने को मजबूर हैं। अखिल भारतीय पाल महासभा के कानपुर मंडल अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सदस्य वीरेंद्र पाल ने बताया कि वर्तमान जिलापंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य गांव की वार्ड सदस्य हैं और ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल हैं, फिर भी जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं हुई। हर साल बरसात में यह समस्या गंभीर हो जाती है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही। ग्रामीणों का कहना है कि गलियों में भरा पानी और कीचड़ उनके लिए मुसीबत बन गया है। वीरेंद्र पाल ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए प्रभारी यातायात आफाक खां ने परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक एम.एल. वर्मा और पीटीओ सुनीता सैनी के साथ रोडवेज बस स्टैंड और उसके आसपास के क्षेत्रों में डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान की भनक लगते ही ओमनी और ईको कार चालक मौके से गाड़ियाँ लेकर फरार हो गए। वहीं हरदोई की एक ऑल यूपी परमिट बस को परमिट की शर्तों के उल्लंघन पर रोका गया और उस पर 10,000 का चालान किया गया। प्रभारी यातायात आफाक खां ने क्षेत्रीय प्रबंधक (परिवहन विभाग) से अनुरोध किया कि रोडवेज बसों को सड़क पर सवारी भरने और उतारने से रोका जाए, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बन सके। साथ ही अनुबंधित बसों के पेंडिंग चालानों को तत्काल जमा कराने की भी अपील की, अन्यथा संबंधित वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने रोडवेज अधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि डग्गामार वाहनों को पकड़वाने में यातायात पुलिस का सहयोग करें, जिससे इन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। चेकिंग अभियान के दौरान प्रभारी यातायात आफाक खां के कार्यों से प्रभावित होकर अशोक दुबे नामक स्थानीय नागरिक ने उन्हें फूलों का हार पहनाकर सम्मानित किया।


चालक को हिदायत देते यातायात प्रभारी आफाक खां

## खबरें एक नजर में

### गौतम शाक्य ने किया केजेआरएफ क्वालीफाई



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला भैंनपुरा निवासी गौतम शाक्य ने नालन्दा विश्वविद्यालय (नव नालन्दा महाविहार), बिहार से पालि भाषा में पीएचडी के दौरान कनिष्ठ अनुसंधान फैलोशिप (केजेआरएफ) क्वालीफाई कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता पर उनके परिवार और समुदाय ने हर्ष व्यक्त किया है। गौतम के चाचा शिव प्रताप सिंह शाक्य एडवोकेट, रमेश बाबू शाक्य, अमित बौद्ध, राहुल प्रताप सिंह शाक्य, अभय शाक्य, अतुल प्रताप सिंह शाक्य, अंश शाक्य, आदित्य विक्रम सिंह शाक्य, अशोक शाक्य और पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शाक्य (जीतू) सहित अन्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल गौतम के लिए, बल्कि पूरे छिबरामऊ क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। गौतम की इस सफलता से युवाओं में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के प्रति प्रेरणा मिलेगी।

### जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीन के विवाद को लेकर परिवार के दो पक्षों में गाली गलौज हुई। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी, डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों से दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर एक दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम इस्माईलपुर निवासी जगदीश चन्द्र शर्मा पुत्र मुंशीलाल शर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 18 जुलाई की रात करीब 08 बजे जमीन के विवाद को लेकर उसके परिवार के सुशील, प्रिंश, रूचि देवी, कमल ने उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि बीच बचाव में आई उसकी पत्नी रमा देवी, पुत्र मोनू को भी लाठी, डंडे व धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष से परिवार की रूचि देवी पत्नी पिन्टू कुमार शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 18 जुलाई की शाम लगभग 07.30 बजे परिवार के जगदीश, मोनू, रमा देवी व देव उसके दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर घर में घुसकर उसे धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उत्पीड़न से आहत होकर किशोर के फांसी लगाने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परचून की दुकान पर नौकरी करने वाले किशोर पर दुकानदार ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद चोरी के रुपये वापस करने को लेकर उस पर दबाव बनाकर उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। इससे आजिज आकर किशोर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर दुकानदार पर किशोर का मानसिक उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मझपुर्वा निवासी इम्तियाज खां ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि नगर के तिर्वा रोड स्थित परचून की एक दुकान पर उसका लगभग 17 वर्षीय पुत्र नुरूल हक नौकरी करता था। जिस पर दुकानदार ने 23 मई 2025 को 02 लाख 50 हजार रुपये की चोरी का झूठा आरोप लगाकर किशोर व उसके पिता के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पिता व पुत्र ने कोर्ट से जमानत करा ली थी। इसके बाद भी दुकानदार चोरी के रुपये वापस करने का दबाव बनाकर उसके पुत्र का उत्पीड़न करने लगा। जबकि उसकी मजदूरी के रुपये भी नहीं दिए। दुकानदार के उत्पीड़न से उसका पुत्र मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। इससे उसने अपने पुत्र को बाहर भेज दिया। 03 अगस्त को उसके पुत्र ने दुकानदार के उत्पीड़न से आजिज आकर मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित शहीद कालोनी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। कोतवाल आलोक कुमार दुबे का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### दिल्ली जा रहे व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे दिल्ली जा रहे क्षेत्र के नगला नया निवासी एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कसाबा चौकी क्षेत्र के ग्राम नगला नया निवासी 36 वर्षीय राजेश दिल्ली में रहकर किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। दस दिन पहले अपनी बड़ी बेटी शिवानी के स्कूल दाखिले के लिए गांव आए थे। रविवार रात बाइक से दिल्ली लौटते समय एटा में एआरटीओ ऑफिस के सामने कोल्ड स्टोर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गश्त कर रही पुलिस ने राजेश को गंभीर हालत में सड़क पर पड़ा पाया और तुरंत एटा के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेश की जेब से मिली डायरी और मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। शिवानी सहित परिवारजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार सुबह शव गांव पहुंचते ही हाहाकार मच गया। राजेश की पत्नी और चार बेटियां शिवानी, दिव्या, काव्या, सोनम बेसुध होकर गिर पड़ीं। राजेश परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी अकेले संभालते थे। गांववासी उन्हें मिलनसार और जिम्मेदार बताते हैं। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# कर्मचारी के निधन पर चेयरमैन ने जताया शोक



**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत के नियमित कर्मचारी की बीमारी के चलते निधन हो जाने पर चेयरमैन की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित करके दुःख जताया गया समधन नगर पंचायत के नियमित कर्मचारी सलीम अहमद 57 वर्ष के बीमारी के चलते मंगलवार सुबह अचानक निधन हो गया जिसकी जानकारी होने पर नगरपंचायत कार्यालय परिसर में एक शोक सभा का आयोजन चेयरमैन आसमा बेगम की अध्यक्षता में किया गया जिसमें बोर्ड के सभासद व कर्मचारियों ने कैंडिल जलाकर दो मिनट का मौन धारण करके मृत आत्मा की शान्ति के लिये अल्लाह से दुआ मांगी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अंकित कुमार दुबे, सभासद आकाश कुमार, मुस्तकीम, इदरीस, मोहम्मद कादिर उर्फ छोटे के अलावा विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, आनन्द, अताउल्ला अली, बकार अहमद आदि मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण हेतु अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 की तैयारी के अंतर्गत पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एनआईसी सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) आशीष कुमार सिंह ने की। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों के अनुरूप बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए सॉफ्टवेयर पर इनकी जानकारी दर्ज कर 10 अगस्त, 2025 तक मतदान केंद्रों का आवंटन कार्य पूर्ण किया जाए। इसके उपरांत, खण्ड विकास अधिकारियों एवं समन्वयक अधिकारियों के सहयोग से विकास खण्ड स्तर पर बीएलओ/पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 18 अगस्त, 2025 तक संपन्न कराया जाए, जिससे 19 अगस्त से 29 सितंबर, 2025 के मध्य बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जा सके एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार की जा सके। अपर जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि यह कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ हो, क्योंकि प्रत्येक मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज होना अनिवार्य है। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन इस कार्य की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचक नामावली में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी/समन्वयक अधिकारी सम्मिलित हुए।



बैठक करते एडीएम आशीष कुमार

## हर गांव में होगी सहकारी समिति की स्थापना

छिबरामऊ, कन्नौज। केंद्र सरकार की नई सहकारी नीति के तहत प्रत्येक गांव में एक सहकारी समिति और प्रत्येक तहसील में नाबार्ड के सहयोग से एक मॉडल सहकारी गांव की स्थापना होगी। सहकार भारती ने इस नीति का स्वागत किया है। सहकार भारती के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रामकिशोर दुबे ने बताया कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देशन में 24 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री द्वारा द्वितीय सहकारी नीति राष्ट्र को समर्पित की गई। नई नीति का लक्ष्य सहकारी क्षेत्र का जीडीपी में तीन गुना योगदान, सहकारी समितियों की संख्या में 30 प्रतिशत वृद्धि, 50 करोड़ नये व निष्क्रिय सदस्यों को सक्रिय करना, प्रत्येक गांव में सहकारी समिति स्थापित करना और तहसील स्तर पर मॉडल सहकारी गांव विकसित करना है। नीति में प्रौद्योगिकी समावेशन, प्रशिक्षण, शिक्षा और रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है। रामकिशोर दुबे ने कहा कि यह नीति सहकारी आंदोलन को गति देगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी।

## रक्षाबंधन पर घर जाने की बात कहते ही पति ने पीट-पीट कर मार डाला

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

रक्षाबंधन पर मायके जाने की बात कहने पर पति नाराज हो गया और पत्नी को बुरी तरह मारपीट करके घायल कर दिया। फिर घायल पत्नी को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी होते ही ससुराल पक्ष मौके से फरार हो गया। वहीं मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार खड़नी के गांव धुलारिया निवासी लक्ष्मी लोधी राजपूत पत्नी अरुण राजपूत का एटा जैथरा धरोली निवासी भाई सुधीर पुत्र महेश चंद्र रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर बहन लक्ष्मी को बुलाने के लिए उसके घर आया था, लेकिन पति ने उसे ना भेजने की बात कह कर सुधीर को वापस भेज दिया। इसी बात को लेकर दंपति के बीच विवाद हो गया, जिसको लेकर पति ने अपनी पत्नी को बुरी तरह मारपीट करके घायल कर दिया और हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही पति सहित ससुराल पक्ष शव अस्पताल में ही छोड़कर मौके से फरार हो गए। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।



## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विष्णुकान्त तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश त्रिपाठी, कांस्टेबल सुनील कुमार और सतीश कुमार की टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय दायमगंज निवासी वांछित अभियुक्त मोनू शाक्य पुत्र राकेश शाक्य को धर दबोचा है। यह कार्रवाई पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में की गई है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्ती का संदेश गया है। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए अपराध नियंत्रण के लिए और कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

## कुएं में गिरी भैंस, देर रात तक चला नाकाम रेस्क्यू ऑपरेशन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में ग्राम पंचायत जसुआमई के मजरा सुजात नगर में एक किसान की भैंस के कुएं में गिरने से हड़कंप मच गया। देर रात तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन नाकाम साबित हुआ। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत तिवारी चंदन ने बताया कि सच्चिदानंद वर्मा की करीब 80 हजार रुपये कीमत की भैंस अचानक गांव के खुले कुएं में गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पहले टॉर्च से कुआं देखने की कोशिश की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण कुछ दिखाई नहीं दिया। इसके बाद लालटेन को रस्सी से लटकाकर कुएं में उतारा गया, तब जाकर भैंस के नीचे फंसे होने की पुष्टि हुई। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए सिकंदरपुर चौकी पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। भारी संख्या में ग्रामीणों ने भी बचाव कार्य में सहयोग किया। देर रात तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बावजूद भैंस को कुएं से निकालने में सफलता नहीं मिल सकी। ग्रामीणों में खुले कुएं को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई।



# स्वस्थ जीवन के लिए शारीरिक फिटनेस जरूरी: शालिनी किशन गुप्ता

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

स्वस्थ जीवनशैली के लिए शारीरिक फिटनेस का महत्व अतुलनीय है। स्वाती हॉस्पिटल के सामने, पीपल वाली गली में स्थित शाइन फिटनेस क्लब बी5 की वर्कआउट कोच शालिनी किशन गुप्ता के अनुसार, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार स्वस्थ जीवन की नींव हैं। उन्होंने बताया कि मोटापा हृदय रोग, घुटनों में दर्द, सांस फूलना, समय से पहले बुढ़ापा और कार्यक्षमता में कमी जैसी समस्याओं का कारण बनता है। शालिनी के अनुसार, रोजाना केवल 40 मिनट का व्यायाम और खानपान में सकारात्मक बदलाव जीवन को बेहतर बना सकता है। क्लब में योगा, जुंबा, फ्री हेल्थ चेकअप, न्यूट्रीशनयुक्त ब्रेकफास्ट और डाइट चार्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन, जबकि पुरुषों के लिए ऑनलाइन सेवाएं प्रदान की जाती हैं। शालिनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वस्थ जीवनशैली को प्राथमिकता देने पर जोर देते हैं। शाइन फिटनेस क्लब संतुलित आहार और न्यूट्रीशन संबंधी जानकारी के साथ क्षेत्र में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दे रहा है। यह क्लब स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



# कूड़ा संग्रहित करने को लेकर दिया प्रशिक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सोर्स, सेग्रीगेशन कूड़ा निस्तारण का पहला कदम है। यदि सफाई कर्मी इस पहले कदम को सही तरीके से कर लेते है। तो आगे आने वाले चरणों में परेशानी नहीं होगी। क्योकि जब कूड़े को अलग-अलग एक किया जाएगा। तो उसका निस्तारण भी अलग-अलग करने में आसानी होगी।

मंगलवार को पालिका सभागार में जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवम सिंह ने कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें सफाई कर्मियों को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करने की जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा हाल ही में संपन्न स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के सभी कर्मचारियों को बधाई दी गई। आगामी कार्य योजना को लागू किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शिवम सिंह ने बताया कि सोर्स, सेग्रीगेशन कूड़ा निस्तारण का पहला कदम है। अगर ये कार्य हम अच्छे ढंग से कर ले जाते हैं। तो आगामी सर्वेक्षण में पालिका श्री स्टार रेटिंग अवश्य पाएगी। इस दौरान सफाई इंचार्ज अशोक कुमार, जोनल सफाई प्रभारी राजन बाबू, सेक्टर सफाई प्रभारी गणेश, अनिल, प्रदीप, सफाई कर्मचारी छुन्ना, सूरज, अजय आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में कर्मियों को जानकारी देते प्रबंधक शिवम सिंह।

# गंगा का जलस्तर बढ़ते ही प्रशासन हुआ सक्रिय, ग्रामीणों में दहशत

- उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार ने आधा दर्जन गांवों का किया निरीक्षण
- गंगा में 80447 क्यूसेक व रामगंगा में 78977 क्यूसेक छोड़ा गया पानी


बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करते एसडीएम व तहसीलदार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

जैसे-जैसे गंगा का जलस्तर बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ग्रामीणों की धड़कनें भी बढ़नी शुरू हो गई हैं। साथ ही प्रशासन सक्रिय हो गया है। वहीं मंगलवार को सुबह गंगा नदी में नरौरा बांध से 80447 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे गंगा का जलस्तर बढ़कर 136.80 पर पहुंच गया।

अब गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 30 सेंटीमीटर नीचे है। वहीं रामगंगा नदी में 78977 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसके कारण रामगंगा नदी में भी बाढ़ जैसी समस्या बन सकती है। जिसके चलते मंगलवार को उप जिला अधिकारी संजय सिंह ने तहसीलदार अभिषेक सिंह के साथ बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिसमें आशा की मड़ैया, तीसराम की मड़ैया, नगरिया जवाहर, कंचनपुर सबलपुर, रामपुर, जोगराजपुर, बमियारी समेत आधा दर्जन गांवों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। उप जिला अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि अभी किसी भी गांव में पानी नहीं गया है। गांव के बाहर पानी आ गया है। प्रशासन हर तरह से मुस्तैद है। नाव तैयार हैं।

बाढ़ शरणालय खोल दिए गए हैं। बाढ़ चौकी अलर्ट हैं। लेखपालों को अपने क्षेत्र पर नजर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एसडीएम ने बताया कि नगरिया जवाहर में सड़क कटी थी, लेकिन वहां पर निकलने की व्यवस्था है। अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

वही बताया है कि मंझा की मड़ैया जाने वाली पुलिया के पास बरसात से मिट्टी कट गई है। बाढ़ में सड़क कटने की आशंका है। जिसको लेकर एक्सईएन सिंचाई विभाग को पत्र लिखा जा चुका है।

# शोरुम मालिक ने महिला कर्मचारी को पीटा


महिला कर्मचारी के साथ मारपीट करता शोरुम मालिक व उसकी पत्नी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंग शोरुम मालिक ने महिला कर्मचारी व उसके पति की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गयी। जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड स्टेट बैंक के पास वॉव क्रियेशन्स के नाम से शोरुम है। शोरुम के मालिक ने उसके यहां काम करने वाली महिला कर्मचारी ने उससे नौ हजार रुपये उधार लिये थे। महिला कर्मचारी ने चार हजार रुपये अपनी सैलरी से कटवा दिये थे। इन्हीं पैसों को लेकर मंगलवार को शोरुम के मालिक ने महिला कर्मचारी से अभद्रता कर दी। जब महिला कर्मचारी ने अभद्रता करने का विरोध किया, तो उसने मारपीट कर दी। महिला कर्मी ने अपने पति को सूचना दी। सूचना मिलने पर उसका पति अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंच गया। दबंग शोरुम मालिक ने उसके पति व पुत्र के साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शोरुम मालिक व महिला कर्मचारी को कोतवाली ले गयी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष कोतवाली में मौजूद थे।


कार्यक्रम के दौरान पंजीकरण दिव्यांग व मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य

## एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत दिव्यांगों ने कराये पंजीकरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड नवाबगंज में सांसद मुकेश राजपूत द्वारा भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक सयंत्र एवं उपकरणों के निःशुल्क वितरण हेतु रजिस्ट्रेशन परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर दर्जनों की संख्या में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों ने अपने-अपने पंजीकरण कराये। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने कहा कि सरकार दिव्यांगों के लिए कई योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ दिव्यांग ले भी रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगों से अपना पंजीकरण कराने की अपील की है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज, डॉ0 राजीव कुमार, डॉ0 राजकृष्ण गुप्ता, पुनर्वास विशेषज्ञ रितिक कुमार, सत्येंद्र कुमार, संजीव गुप्ता, सभासद शिवमंगल सिंह एवं सभी दिव्यांगजन, वरिष्ठजन आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. परमेश द्विवेदी ने लिया फर्रुखाबाद के औषधि निरीक्षक का चार्ज

- कैमिस्ट-ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने किया स्वागत
- नशे और नकली दवाओं के विरुद्ध चलेगा अभियान, दवा विक्रेता करें सहयोग: ड्रग इंस्पेक्टर


ड्रग इंस्पेक्टर का स्वागत करते कैमिस्ट एसो. के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी फर्रुखाबाद के नये औषधि निरीक्षक होंगे। वह जनपद के पूर्व औषधि निरीक्षक रजत कुमार पाण्डेय के स्थानांतरण होने के पश्चात जनपदमें औषधि निरीक्षक नियुक्त किये गये है।

डॉ. द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनपद के ड्रग इंस्पेक्टर का चार्ज लिया। उन्होंने कहा कि शासन की नीति निर्देशों के अनुसार नशे एवं नकली औषधि की बिक्री के खिलाफ कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि सभी दवा विक्रेता शैड्यूल-एच एवं नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री चिकित्सक के पर्चे पर ही करें और ऐसी दवाओं की बिक्री एवं स्टाक का पूरा ब्योरा अलग से रखें। ड्रग इंस्पेक्टर ने शासन के कार्यक्रम एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान में सभी दवा विक्रेताओं से सहयोग करके उसे सफल बनाने की अपील की। डॉ. परमेश द्विवेदी कन्नौज के ड्रग इंस्पेक्टर भी है और उन्हें इसी पद पर जनपद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह जनपद में मंगलवार और शनिवार को उपलब्ध रहेंगे।

ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा का अवैध करोबार करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह दवा का व्यापार नियमानुसार उचित ढंग से करें। अवैध कारोबार पकड़े जाने पर ड्रग एक्ट के तहत संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इससे पूर्व ड्रगिस्ट एण्ड कैमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी राजेश दीक्षित, विनय रस्तोगी, आशीष अग्रवाल, अजय कटियार, ब्रजलेश कुमार, आदित्य प्रकाश, अर्पित लाम्बा, दिलीप कुमार ने ड्रग इंस्पेक्टर का स्वागत किया।

# बड़े भाई की हत्या करने वाले छोटे भाई को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलयुगी भाई ने जमीन के लालच में अपने सगे भाई की हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अरुण कुमार पुत्र स्व ग्रीश चंद्र कटियार निवासी चांदपुर कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते 14 वर्षों पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद के ग्राम चांदपुर निवासी अरुण कुमार व उसका भाई मुन्नू सिंह कटियार साथ-साथ रहते थे। दोनों भाईयों की शादी नहीं हुई थी। 4 सितंबर 2011 को दोनों भाइयों ने सुबह मिलकर खाना बनाया और खाया और अपने बड़े भाई को घर पर छोड़कर वह अपने खेत की रखवाली हेतु चला गया। जब वह शाम पांच बजे अपने मकान पर वापस आया, तो देखा कि उसके बड़े भाई मृत अवस्था में कमरे में तख्त पर पड़े हैं। इस बात को परिवार वालों तथा मोहल्लों वालों को बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर बड़े भाई की हत्या के मामले में छोटे भाई अरुण कुमार, हीरालाल, मीरादेवी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अरुण कुमार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। साक्ष्य के अभाव से हीरालाल अवस्थी, मीरा देवी को दोष मुक्त कर दिया।

# आत्मा योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों की डीएम ने की समीक्षा


समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन टेक्नोलॉजी (आत्मा) योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 गवर्निंग बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किये गये कार्यों की समीक्षा की गई। विभिन्न योजनाओं में दिये जा रहे अनुदान की समीक्षा की गई। जनपद से अन्य राज्यों व जनपदों पर किसानों को कृषि विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्रों के भ्रमण पर भेजने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसान सम्मान निधि, फैमिली आईडी व फार्मर रजिस्ट्री की प्रतिदिन समीक्षा की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, आलू विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

# लाइनमैन की लापरवाही से चली गयी युवक की जान


मृतक का फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव सिलसंडा निवासी इन्द्रपाल बाथम उम्र 35 वर्षीय ने बीते लाभग 8 दिन पूर्व विद्युत का घरेलू कनेक्शन लिया था, लेकिन लाइन मैन कुलदीप ने लाइन नहीं जोड़ी थी। मंगलवार को लाइन मैन कुलदीप लाइन जोडने आया। इससे पूर्व उसने शिडडाउन ले लिया था। लाइन जोड़ने के बाद उसने लाइन चालू करवा दी और इन्द्रपाल से कहा हमने शिडडाउन ले लिया है। आप अपने घरेलू तार को बोर्ड में जोड़ दो। जैसे ही तार जोड़ने के लिए इन्द्रपाल ने तार को पकड़ा उसी समय वह विद्युत तार में चिपक गया। चीख पुकार सुनकर लाइन मैन ने शिडडाउन लेकर इन्द्रपाल को बिजली से छुड़ाया और प्राइवेट बुलेरो द्वारा कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आया। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने इन्द्रपाल को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही पत्नी कुन्तादेवी, बेटी शीतला, बेटा सुखदेव, राजनारायन, सहदेव बेटी छाया, सुलभा सहित भाई दुशासन, नन्हें लला सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना पाते ही कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द सिंह, कांस्टेबिल विनीत कुमार, सिपाही आशीष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर जॉच पड़ताल की। वहीं मृतक के बड़े भाई दुशासन, नन्हेंलाल ने लाइनमैन पर शिडडाउन की बात कहकर इन्द्रपाल से तार को बोर्ड में जुड़वाते समय शिडडाउन लेकर बिजली चालू करवाकर भाई इन्द्रपाल को मौत के घाट उतरवाने का आरोप लगाया है।

## खबरें एक नजर में

### बटाईदार नहीं दे रहा हिस्सा, पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव बछलैया निवासी दयाराम पुत्र पहलवान ने अपने पड़ोसी अवधेश पुत्र शीशराम को अपना खेत एक साल के लिए बटाई पर दिया था। युवक ने बटाई के 3 पैकेट आलू व 3 कुंतल 70 किलो गेहूं दयाराम के नहीं दिए। दयाराम ने युवक से कई बार बटाई का हिस्सा देने के लिए तगादा किया, तो वह हिस्सा देने से मना कर गाली-गलौज करने लगता है और मारपीट करने की धमकी देता है। सोमवार दोपहर को दयाराम ने युवक से हिस्से की फसल मांगी, तो युवक मारपीट करने पर अमादा हो गया। दयाराम ने थाना पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### महिलाओं के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** महिलाओं के साथ गाली-गलौज व मारपीट के मामले में पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है। पीड़िता हसरोज पुत्री नसमुद्दीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह ग्राम अलाउद्दीनपुर थाना कमालगंज की रहने वाली है। दिनांक 14.06.2025 दोपहर 3 बजे गांव के इजारुल पुत्र शाबिर, अरब पुत्र शाबिर, अर्श पुत्र शाबिर निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर थाना कमालगंज उक्त लोगों ने बिना बात के मेरे व मेरी छोटी बहन हुनर के साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों से मारपीट की। मारपीट में मेरे व मेरी बहन हुनर के शरीर मे चोटें आई है। दिनांक 17.06.2025 सुबह 11 बजे उक्त ने पुनः गाली-गलौज की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली है।

### बेवजह गाली-गलौज एवं मारपीट करने का एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित रावेन्द्र सिंह पुत्र अनोखेलाल निवासी गांव हुसैनगंज थाना कमालगंज ने दी गयी तहरीर में कहा है कि दिनांक 13.07.2025 को समय करीब शाम 5:30 बजे पीड़ित अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी पड़ोसी बृजेश पुत्र रामदास, छांया पुत्री बृजेश, अंकित पुत्र बृजेश ने मेरे दरवाजे पर वेवजह गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर हाथापाई व लाठी- डण्डा से मारपीट करने लगे। जिससे मेरे चोटें आयी हैं। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है।

### मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने तहरीर के आधार पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित महावीर पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मकू नगला थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि दिनांक २५ जुलाई को दोपहर करीब १ बजे गांव नवादा से वापस अपने घर आ रहा था, तभी नवादा मोड़ पर थाना कमालगंज के पास सामने से तेजी से आ रहे बाइक चालक ने मेरे पुत्र हरीशंकर की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मेरा पुत्र हरिशंकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो ने पुत्र हरिशंकर को शंकुतला हास्पिटल (हनुमान मंदिर के पास) कमालगंज मे भर्ती कराया। पुत्र का अभी भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने किशोरी को किया बरामद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने महिला द्वारा बहला फुसलाकर ले जायी गयी किशोरी को बरामद कर लिया। पीड़िता महिला मोहल्ला रामलीला ग्राउण्ड कस्बा व थाना कमालगंज की रहने वाली है। पीड़िता की पुत्री आयु करीब 14 वर्ष को दिनांक 1 अगस्त को समय करीब ।। बजे दिन में काजल पत्नी धर्मेन्द्र निवासी तपस्वी वाली बगिया कस्बा व थाना कमालगंज बहला फुसलाकर ले गयी। पीड़िता ने अपनी पुत्री को तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिली। पीड़िता शक के आधार पर काजल के पास गई, तो काजल मौके से भाग गई। पीड़िता ने शक के आधार पर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर मंगलवार को पुलिस ने किशोरी को एक मंदिर से बरामद कर लिया।

### गुजरात में भट्टे पर मजदूरी करने गये युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव मन्सूर नगर निवासी सोनू उम्र 30 वर्षीय पुत्र रामऔतार जाटव जो की बीते लगभग 1 वर्ष पूर्व गुजरात में ईट के भट्टे पर नौकरी करने गया था। उसने अपनी माँ सम्पादेवी को फोन करके बताया की मम्मी हम रक्षा बन्धन का त्योहार मनाने के लिए एक दो दिन में घर आ रहे हैं, लेकिन सोनू घर नहीं आया। जब मां ने फोन किया, तो उसके एक दोस्त ने फोन उठाकर बताया कि सोनू का शव पेड़ पर लटका मिला है। आप लोग यहां आ जाओ। जिस पर तुरन्त मॉ सम्पादेवी अपने बेटों विपिन, सीटू सहित अन्य परिजनों के साथ गुजरात पहुँची और पुलिस को सूचना दी। मौक पर पहुँची गुजरात पुलिस ने जाँच पड़ताल कर शव को फाँसी के फन्दे से नीचे उतरवाकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# चोरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, रात में कर रहे जगराता


जांच करती फॉरेंसिक टीम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में चोरों के आतंक से ग्रामीण खासे परेशान हैं। वह रात भर जागकर पहरा दे रहे है। वहीं बीती रात चोरों ने एक घर पर धाबा बोलकर नकदी व जेवरात साफ कर दिये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जरारी निवासी सादाब पुत्र मैनुद्दीन अपने भाइयों ऐराज व सद्दाम के साथ छत पर सो रहे थे। देर रात लगभग 2 बजे नीचे मकान से आवाजें आती सुनीं। जिसके बाद उन्होंने नीचे देखा कुछ लोग चोरी कर रहे थे। शोर मचाते ही चोर भाग गये। ग्रामीणों ने पीछा किया, लेकिन चोर हाथ नहीं लगे। घर के अंदर लौटने पर पता चला कि सभी कमरों के ताले टूट चुके थे और कई कीमती सामान गायब थे। चोर लगभग 13 हजार की नकदी व कीमती जेवरात लेकर फरार हो गये। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह, कार्यवाहक थानाध्यक्ष आनंद शर्मा, फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर पंहुची और जाँच की। पुलिस ने सादाब की तहरीर पर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उप निरीक्षक रामबाबू को जाँच दी गयी है। वहीं बताते चलें कमालगंज क्षेत्र के कई गांवों में इस समय चोरों का आतंक है। लोग रात-रात भर जाकर पहरा लगा रहे हैं।

# महिला का नहाते समये वीडियो बनाकर किया शारीरिक शोषण, मुकदमा दर्ज



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला का नहाते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शहर कोतवाली के मोहल्ला पलरिया निवासी पंकज श्रीवास्तव के खिलाफ एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि पंकज श्रीवास्तव के मकान में महिला किराये पर रह रही थी। महिला का आरोप है कि उसका मकान मालिक पंकज ने नहाते हुए वीडियो बना लिया। जिसके बाद उसको वायरल करने की धमकी देकर उसका शोषण किया। 26 दिसंबर 2024 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला नें आरोपी पंकज से जानमाल का खतरा बताया है। मुकदमे की विवेचना निरीक्षक विजय कुमार को दी गयी है।

# पांचाल घाट गंगा तट पर महिलाओं ने किया रुद्राभिषेक


रुद्राभिषेक करती महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में पांचाल घाट पर रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और भगवान भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना हेतु कामना की।

पांचाल घाट गंगा तट पर रेत से भोलेनाथ का शिवलिंग बनाकर बेल पत्र, धतूरा, भांग, दूध, शहद, मिष्ठान, फूल आदि अर्पित करते हुए रुद्राभिषेक किया। सोनी शुक्ला ने बताया कि सभी बहनों के सहयोग से रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर हेमलता मिश्रा, नेहा मिश्रा, रमला राठौर सहित बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।

# छज्जा गिरने से घायल भाई-बहन की मौत


मृतक बच्चों के परिजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव हुसैनपुर हड़ाई में बीते दिन छज्जा गिरने से घायल हुए भाई-बहन की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को धनपाल पुत्र भूरे के मकान का छज्जा बरसात के कारण अचानक छात्र-छात्राओं के ऊपर भरभराकर कर गिर पड़ा था। जिसमें बच्चे दब गए थे। ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस के द्वारा तत्काल ही घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया था। जहां से घायल कीर्ति पुत्री महिपाल 14 वर्ष, शशि पुत्री रघुपाल 5 वर्ष, आराध्या पुत्री धनपाल 7 वर्ष, मोदी पुत्र धनपाल, पालकी पुत्री महिपाल 9 वर्ष को गंभीर हालत में जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया था। वहीं गंभीर रुप से घायल आराध्या पुत्री धनपाल 7 वर्ष, कुशल उर्फ मोदी पुत्र धनपाल उम्र 5 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनको राम मनोहर लोहिया अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। परिजन उन्हें कानपुर स्थित एक अस्पताल लेकर चले गए थे। जहां पर इलाज के दौरान भाई-बहनों ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पाते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। वहीं मां रुबी समेत अन्य परिवारीजन बिलख पड़े। गांव में सन्नाटा पसर गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# पीडीए परिवार को समर्पित रहा जनेश्वर मिश्र का जीवन: चन्द्रपाल सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एंव केन्द्र मंत्री रहे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का पूरा जीवन समता और समानता के संघर्ष से परिपूर्ण रहा। उन्होंने सदैव डॉ. लोहिया के सिद्धांतों को पूरे जीवन अपना आदर्श माना और उन्हीं सिद्धांतों को लेकर वह नेताजी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले तथा अपना पूरा जीवन पीडीए परिवार को मुख्य धारा में लाने के संघर्ष में समर्पित कर दिया, उनका एक एक सुझाव समाजवादी पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि जनेश्वर मिश्र के विचार हमारी अमूल्य धरोहर हैं, आज जो परिपक्व नेतृत्व हमारे पास है वो जनेश्वर मिश्र की ही देन है।



जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाते सपाई

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में मिश्र की यादगार के रूप में गोमती नगर लखनऊ में भारत ही नहीं बल्कि एशिया का सबसे बड़ा पार्क विकसित किया, जो लगभग 376 एकड़ में फैला हुआ है और उसे बेहतरीन संरचना के साथ सजाया संवारा गया था। सपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन ने कहा जनेश्वर मिश्र डॉ. लोहिया के सच्चे अनुयायी थे और उनका सम्पूर्ण समाजवाद की भावना से ओत प्रोत रहा, वो जब तक रहे तब तक नेताजी छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा निर्णय लेने से पहले उनकी राय जरूर लेते थे और उनके दिए सुझावों को मानते भी थे। सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि जनेश्वर मिश्र द्वारा समाजवादी आंदोलन को दिए अतुलनीय योगदान को समाजवादी लोग बहुमूल्य धरोहर के रूप में संजोये हुए हैं। इस दौरान अशोक अंबेडकर, प्रतिभा यादव, के.के. यादव, नंदकिशोर दुबे वंदेमातरम, अर्वेश चतुर्वेदी, रामपाल सिंह यादव, शिव शंकर शर्मा, अमित यादव, बेचलाल यादव, अरविंद यादव, अखिल कठेरिया, मुजाहिद अंसारी, मुख्तियार आलम आदि उपस्थित रहे।

# इग्नू की प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने इग्नू अध्ययन केन्द्र डीएन पी.जी. कॉलेज फतेहगढ़ के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह को यह सूचना दी कि इग्नू में जुलाई 2025 सत्र में ऑनलाइन एवं ओ.डी. एल विधा में स्नातक, परास्नातक डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु अन्तिम तिथि को 15 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रवेश या पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं।

डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने आगे चर्चा करते हुए कहा कि इस समय इग्नू में भारतीय ज्ञान रम्परा के अन्तर्गत कई कार्यक्रम जैसे-संस्कृत, ज्योतिष, वैदिक अध्ययन, हिन्दू अध्ययन, भगवद्गीता अध्ययन में स्नातकोत्तर, वास्तुशास्त्र एवं संस्कृत साहित्य में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, संस्कृत सम्भाषण, वैदिक गणित एवं भारतीय कालगणना में प्रमाण पत्र कार्यक्रम आदि विदेशी भाषाओं में अरेबिक, रसियन, फ्रेंच, स्पेनिस में स्नातकोत्तर एवं उर्दू, अरेबिक, रसियन, फ्रेंच, जैपनीज, कोरियन, स्पेनिस, जर्मन, पर्सियन भाषाओं में प्रमाण पत्र कार्यक्रम उपलब्ध हैं। इनके अलावा और भी कई कार्यक्रम उपलब्ध हैं। इच्छुक विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार प्रवेश ले सकते हैं।



जानकारी देते डॉ. अनिल मिश्र व डॉ. आरएन सिंह

# यूपी स्टेट कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन



कुश्ती खिलाड़ियों का चयन करते कोच 3

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कुश्ती एसोसिएशन के सचिव सुरेश उपाध्याय द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार 8 से 10 अगस्त तक अंडर-23 पुरुष एवं महिला यूपी स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन एसएस एजूकेशनल इंस्टीट्यूट भालपुर आगरा में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु जनपद की टीम का चयन मंगलवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया। ट्रायल का उद्घाटन जिला ओलंपिक संघ के सचिव अवनीन्द्र सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला कुश्ती टीम में दो बालिकों सहित तीन बालिकाओं का चयन किया गया। यह पहला अवसर पर जनपद से कुश्ती के खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। जनपद टीम के चयन पर कुश्ती एसोसिएशन के सचिव अरुण यादव, संयुक्त सचिव संजीव कटियार, एथलेटिक्स संघ के सचिव योगेश शुक्ला, बॉक्सिंग कोच पूनम शर्मा, जिला प्रशिक्षक दुर्गा देवी, सुनील पाल, विनीत राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। जिला स्तर पर राज्य टीम हेतु खेलने के लिए 50 किलो भार वर्ग में नेहा पाल, 57 किलो भार वर्ग में आस्था वर्मा, 59 किलो भार वर्ग में निशा परिहार, पुरुष वर्ग 57 किलो भार वर्ग में करन कुशवाहा, 65 किलो भार वर्ग में पारस आदि खिलाड़ियों का चयन किया गया। कुश्ती टीम की कोच काजल साहू को बनाया गया। सभी खिलाड़ी 8 अगस्त से 10 अगस्त तक होने वाली यूपी स्टेट चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



प्रशिक्षणार्थियों से जानकारी करते पदाधिकारी

## आंचलिक प्रबंधक किरन पाठक ने आरसेटी का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आरसेटी फर्रुखाबाद में बैंक ऑफ इंडिया, हरदोई अंचल के आंचलिक प्रबंधक किरन पाठक ने निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में संचालित जूनियर ब्यूटी प्रेक्टिशनर (ब्यूटी पार्लर) का प्रशिक्षण ले रही 35 प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। उन्होंने ने आरसेटी द्वारा प्रथम तिमाही के लक्ष्य को प्राप्त करने पर अपनी शुभकामनायें दी व आरसेटी निदेशक ओमेन्द्र सिंह को आरसेटी को नयी भूमि आवंटित करने के लिए जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक ओमेन्द्र सिंह, संकाय सदस्य दिव्यांशु मिश्रा व योगेन्द्र पाल, कार्या सहा0 सोमेश शर्मा, राहुल कुमार व अन्य 35 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत गुट धूमधाम से निकालेगी ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा: अजय कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन की बैठक जिला कार्यालय स्थित नेकपुर चौरासी पर सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय आवाह्न पर जनपद में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा के आयोजन पर सहमति बनी और सभी जिला पदाधिकारीयों, तहसील अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों को तीन दिनों में निर्देशित किया गया है, सभी अपने-अपने क्षेत्रों से कितने कितने ट्रैक्टर किसानों के साथ लाएंगे। सभी पाधकारियों से कहा गया कोई भी पदाधिकारी इसमें स्थिलता नहीं बरतेगा। ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का ज्यादा से ज्यादा किसानों में प्रचार प्रसार करके 13 अगस्त को शांतिपूर्ण तरीके से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य एवं कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि अबकी बार पिछली वर्ष से ज्यादा संख्या में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे और पूरे जनपद में एक ऐतिहासिक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, अभय यादव, विमलेश शाक्य, गोपी शाक्य, अनीश सिंह, सोनू सोमवंशी, कश्मीर सिंह गंगवार, आशीष यादव, अमित प्रताप सिंह, पवन जोशी, टिंकू यादव, सतीश कठेरिया, अंकेश सिंह गंगवार आदि उपस्थित रहे।




बैठक में मौजूद किसान नेता

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से किया संवाद



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले चौराहर ढाईघाट व अजीजाबाद तहसील कायमगंज का निरीक्षण किया। डीएम ने गांवों में पहुंचकर सभी ग्रामीणों से संवाद कर उनसे बाढ़ से होने वाली समस्याओं व कटान की जानकारी प्राप्त की व सिंचाई विभाग को गांवों को कटान से बचाने के लिये आवश्यक व प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिये। तहसीलदार को संबंधित गांवों में नाव व नाविकों की व्यवस्था करने व बाढ़ राहत शरणालय व चौकियों पर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिय। चिकित्सा विभाग को संबंधित गांवों में आवश्यक दवाएं व डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित तहसीलदार, अधिशाषी अभियंता सिंचाई व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## किन्नर कल्याण बोर्ड का पुर्नगठन करने के दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किन्नर कल्याण बोर्ड एवं सुरक्षा प्रकोष्ठ/समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासन द्वारा किन्नरों के लिये चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि बोर्ड का पुर्नगठन किया जाये। चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। चुनाव कार्यालय से ट्रांसजेंडर का डाटा एकत्रित किया जाए। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम

# पेपर लीक करने वाली सरकार का अंत अब निकट: डॉ. नवल किशोर

**प्रदेश फिर एक बार विकास के नए कीर्तिमान करेगा स्थापित: सुरेन्द्र सिंह गौर**

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक राजेपुर के ग्राम इमादपुर में समाजवादी पार्टी अमृतपुर विधानसभा की संगठनात्मक बैठक विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पेपर लीक करके युवाओं का भविष्य चौपट करने वाली सरकार का अंत अब निकट आ गया है। जनता खोखले वादों और मायावी भाषणों से तंग आ चुकी है। दूरदर्शी सरकार की निरंकुश नीतियों से देश का भविष्य अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी के गर्त में समाता जा रहा है। जनता मानसिक रूप से इस सरकार के खिलाफ़हो चुकी है, आने वाले समय में बदलाव होकर रहेगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से समाजवादी सरकार बनेगी। विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव ने कहा कि इस तानाशाह सरकार के मात्र दो काम है, झूठे मुकदमें लगाकर अपने राजनैतिक विरोधियों को परेशान करना, दूसरा धार्मिक आधार पर समाज को तोड़कर समाज में साम्प्रदायिकता फैलाकर सत्ता में पहुंचना, इसके अलावा सरकार की न कोई नीति है न नियत। संचालन कर रहे जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर ने कहा कि यहां उपस्थित जन समुदाय ये बता रहा है कि आने वाला समय समाजवादियों का है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में ये प्रदेश फिर एक बार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस मौके पर रुकमंगल सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष राजेपुर, महेन्द्र सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, मोनू कुशवाह, अंकित यादव, प्रदीप यादव, आकाश यादव, रणजीत कुशवाह, बब्लू पाल आदि लोगों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।



सम्बोधित सुरेन्द्र सिंह गौर व मौजूद डॉ. नवल किशोर, भोला यादव आदि

# बजट के अभाव में अंधेरे में है अमृतपुर तहसील

**एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं पड़ पायी विद्युत लाइन**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर स्थित तहसील मुख्यालय परिसर बीते एक वर्ष से अंधकार में डूबा हुआ है। फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर स्थित तहसील गेट से लेकर पुराने बस स्टॉप तक विद्युत लाइन बिछाने का प्रस्ताव लगभग एक वर्ष पूर्व तैयार किया गया था, लेकिन आज तक कार्य शुरू नहीं हो सका।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं कई मंचों से यह दावा कर चुके हैं कि बिजली विभाग के पास बजट की कोई कमी नहीं है, उसके बावजूद अमृतपुर तहसील की यह एलटी लाइन अब तक नहीं बन पाई। विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि इस लाइन के लिए बजट की व्यवस्था नहीं हो पा रही है और यदि किसी जनप्रतिनिधि के माध्यम से बजट स्वीकृत हो जाए तो काम शुरू किया जा सकता है।

इस संबंध में जिले के सांसद, एमएलसी और स्थानीय विधायक से कई बार लिखित व मौखिक रूप से निवेदन किया गया, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। स्थानीय विधायक सुशील कुमार शाक्य द्वारा हर बार सिर्फ आश्वासन दिया गया कि जल्द ही कार्य शुरू होगा, किंतु धरातल पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। तहसील गेट से पुराने बस स्टॉप तक का यह क्षेत्र रात्रि के समय पूरी तरह अंधेरे में डूबा रहता है। यहां कई दुकानें भी स्थित हैं, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। पुलिस की डायल 112 टीम भले ही क्षेत्र में पेट्रोलिंग करती हो, लेकिन अंधेरे में गश्त करना भी एक चुनौती बन गया है। जनता और पुलिस-दोनों को असुविधा हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर चुनाव में बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बाद उन वादों की कोई सुध नहीं ली जाती। तहसील जैसा प्रमुख प्रशासनिक केंद्र अगर एक वर्ष से अंधकार में डूबा है, तो यह प्रशासनिक उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता का स्पष्ट प्रमाण है।




तहसील परिसर में पसरा अंधेरा

# वेदों में छिपा है मुक्ति का मार्ग: संदीप आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में चल रहे श्रावणी वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत आर्य समाज कमालगंज में वेद प्रचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वैदिक विद्वानों ने अपने-अपने वेदोक्त विचार प्रस्तुत कर वेदों की महिमा का गुणगान किया। साथ ही यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से आहुतियां प्रदान कीं। संयोजक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वेद, सनातन धर्म के मूल और सबसे प्राचीन ग्रंथ हैं, जिन्हें ईश्वर प्रदत्त माना गया है। वेदों को ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद-इन चार भागों में विभाजित किया गया है। इन ग्रंथों में न केवल जीवन जीने की कला सिखाई गई है, बल्कि आत्मा की मुक्ति का भी मार्ग दर्शाया गया है। वेद हमें यह बताते हैं कि मानव जीवन का परम लक्ष्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएं प्राप्त करना नहीं है, बल्कि आत्मा का मोक्ष प्राप्त करना है। वेदों के अनुसार, मुक्ति तभी संभव है जब आत्मा ईश्वर के साक्षात्कार द्वारा जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाए। इसके लिए वेद यज्ञ, तप, सत्य, ब्रह्मचर्य, सेवा, और ध्यान जैसे साधनों का वर्णन करते हैं। वेदों में वर्णित सत्यम्, ज्ञानम्, अनन्तम् ब्रह्म, यह उद्घोषणा बताती है कि परम सत्य, अर्थात् ब्रह्म, ही मुक्ति का अंतिम लक्ष्य है। जब मनुष्य स्वार्थ, अहंकार और मोह से ऊपर उठकर आत्मा और परमात्मा के सत्य स्वरूप को जान लेता है, तभी वह मुक्त होता है। इसलिए जो व्यक्ति वेदों के ज्ञान को आत्मसात करता है और उनके अनुसार आचरण करता है, वह न केवल इस लोक में धर्ममय जीवन जीता है, बल्कि परलोक में मोक्ष को प्राप्त करता है। घनश्याम आर्य ने कहा वेदों से दूर जाने के कारण ही मनुष्य के जीवन मे दुःख निरंतर बढ़ते जा रहे हैं जीवन को सुखमय बनाने के लिए हमें वेदानुकूल आचरण अपनाना चाहिए। रमेश आर्य ने कहा कि वेद एकेश्वरवाद का संदेश देते हैं और मतमतान्तर अनेक ईश्वरो में बंटे हुए हैं यही विश्व मे झगड़े का कारण बनते हैं। अतः विश्वशांति की स्थापना के लिए हमे आपसी मनमुटाव भुलाकर वेदों की शरण में आकर एक ईश्वर की उपासन करनी चाहिए। प्रदीप आर्य ने आये हुए विद्वान व अतिथियों का वैदिक साहित्य भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में आचार्य सतीश देव, राम रहीस आर्य, अरुण राठौर, अभ्युदय राठौर, सुरेश बाबा, श्यामसिंह यादव, नीतीश राठौर, रजत, अनुराग, अर्पित, कमल गुप्ता, राहुल राजपूत, प्रमोद राजपूत, नीलम आर्या, सुगाता देवी, आकांक्षा राठौर आदि उपस्थित रहे।




यज्ञ में आहूतियां देते लोग

# हर घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंडल प्रभारियों, कार्यक्रम संयोजकों, सह संयोजकों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों एवं जनप्रतिनिधियों की जिला कार्यशाला संपन्न हुई। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने अभियान के बारे में पूरी विस्तृत जानकारी दी।

प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे जनपद में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। भारत का राष्ट्रीय ध्वज भारत की शान है, लेकिन पिछली सरकारों की कार्यशैली से तिरंगे की शान को कमजोर करने का भर्षक प्रयास किया गया। विगत कई वर्षों से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार 15 अगस्त आजादी दिवस को एक उत्सव में मनाने का कार्य कर रही है। देश के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति का जज्बा उत्पन्न करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान एक उत्सव के रूप में मनाने का कार्य किया जा रहा है। इस बार का तिरंगा अभियान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आधारित है। भारतीय सेना के सौर्य और साहस ने जिस प्रकार से आतंक और आतंक को पनाह देने वाले लोगों को सबक सिखाने का कार्य किया था। जनपद के सभी मंडलों एवं जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालेंगे। अभियान के संदर्भ में 7 अगस्त से 8 अगस्त के मध्य मंडलों में बैठक आयोजित होगी। 10 अगस्त से 12 अगस्त के मध्य मंडलों में यात्राएं निकलेगी। 12, 13 और 14 अगस्त जनपद के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी स्थानों पर सजावट करने का कार्य किया जाएगा। 14 अगस्त को जिला स्तर पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें जिले स्तर पर ही मौन जुलूस निकाला जाएगा। संगोष्ठी आयोजित करके 14 अगस्त 1947 को देश के विभाजन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी मंडलों में कार्यक्रम संयोजकों की नियुक्ति की गई है। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा केंद्र व प्रदेश की सरकार द्वारा विगत कई वर्षों से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान से प्रत्येक व्यक्ति में देशभक्ति जागृत हो और इसके साथ ही साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी अपनाओ भी इस अभियान का हिस्सा होगा। संचालन डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक सुशील शाक्य, डॉ0 बीके गंगवार, भास्कर दत्त द्विवेदी, विमल कटियार, वीरेंद्र सिंह राठौड़, शरद गंगवार, अनिल राजपूत, पुष्पराज सिंह, सत्यपाल सिंह, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, गोपाल राठौर, अभिषेक बाथम, धर्मेंद्र राजपूत, चित्रा अग्निहोत्री, बबीता पाठक, अमरदीप दीक्षित, अभिषेक त्रिवेदी, रश्मि दुबे, अतुल दीक्षित, संतोष राजपूत, नीरज अवस्थी, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यशाला को सम्बोधित करते शिव महेश दुबे

# पुलिस ने दो तस्करों को 56 किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कदौरा पुलिस व एसओजी, सर्विलांस टीम को एक बड़ी कामयाबी उस दौरान हाथ लगी जब उन्होंने गांजा तस्कर गिरोह के दो साथियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 56 किलो गांजा की खेप बरामद की। पुलिस कार्यवाही के दौरान एक कार व मोबाइल भी पुलिस के हाथ लगे है जिनकी जांच जा रही है कि वह किन-किन लोगों से बातचीत करते थे। पकड़े गये गांजा तस्करों का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना कदौरा प्रभारी प्रभात सिंह और एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक सटीक कार्रवाई करते हुए 56.268 किलोग्राम अवैध गांजा एक कार, चार मोबाइल व 1500 नकदी सहित दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

यह गिरफ्तारी कठपुरवा तिराहा ग्राम बबीना के पास से मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। पुलिस टीम थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, लुटेरे, वाहन चोर व नशीले पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों की तलाश में थी तभी यह बड़ी सफ्लता मिली।

# बाढ़ प्रभावितों को दी जाए हर सम्भव सहायता : नंदगोपाल नंदी

## राहत शिविरों में रह रहे लोगों को भोजन, नाश्ता गुणवत्तापूर्ण समय से कराएं उपलब्ध, नाव की पर्याप्त व्यवस्था व रात्रि के समय भी इमरजेंसी के लिए तैनात रखें नाव/मोटरबोट

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामों के लोगो को तीन दिवस के अन्दर शत प्रतिशत कोटेदार के माध्यम से राशन कराएं वितरण : नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
- नुकसान फसलों, बाढ़ में क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे कराते हुए तत्काल उपलब्ध कराएं उचित मुआवजा व बीमा राशि




समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** प्रदेश के मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जिला पंचायत सभागार में बाढ़ के दौरान बचाव व राहत से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ की स्थिति व राहत बचाव की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री को बाढ़ की स्थिति, प्रभावित फसलों, मकान एवं वितरित की जाने वाली राहत सामाग्री, खाद्य सामाग्री, लंच पैकेट, बाढ़ चौकियों की सक्रियता, नाव नाविको की उपलब्धता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंत्री औद्योगिक विकास नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावित पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखते हुए उनके लिए पर्याप्त मात्रा में भूषा, चारा आदि व्यवस्था मुहैया कराया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में शत प्रतिशत पशुओं को खुरपका, मुहपका व अन्य सम्बन्धित बीमारियों से बचाव के दृष्टिगत अभियान चलाकर टीकाकरण करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि बाढ़ से प्रभावित पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहने पाए इसके लिए राहत शिविरों में लंच पैकेट, नाश्ता अथवा बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में वितरण कराया जाए। स्वास्थ्य मेडिकल टीम जल जमाव वाले क्षेत्रो में सक्रिय रखा जाए तथा मच्छर व कीटनाशक दवाओं को छिड़काव व फागिंग आदि कराया जाता रहें। नगर पालिका क्षेत्रो में भी साफसफाई, मोबाइल टायलेट आदि की व्यवस्था नगर पालिकाओं के द्वारा कराई जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परेशान लोगो को हर सम्भव मद्द दी जाए तथा उन्हें इस तरह ढांढस बंधाया जाए कि उनकी परेशानी कम हो और यह जागरूक किया जाए कि प्रशासन हर सम्भव आपकी मद्द के लिए तैयार है घबराए नही। खाद्य सामाग्रियो का वितरण व राहत/लंच पैकेट आदि गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शिता से कराई जाए।

मंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित फसलों का सर्वे कराते हुए सम्बन्धित बीमा कम्पनियों से उनका उचित मुआवजा व शासन से देय सुविधाएं अविलम्ब मुहैया कराई जाए। क्षतिग्रस्त व बाढ़ में ध्वस्त मकानों का सर्वे कराकर पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित किया जाए तथा उन्हें रहने व खाने का भी समुचित प्रबंध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बाढ़ पीड़ित लोगो को हर सम्भव सहयोग किया जाए। मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट दिशा निर्देश है कि बाढ़ प्रभावित पीड़ितो के लिए धन की कमी नही हैं पारदर्शिता के साथ सर्वे कराते हुए नियमानुसार देय मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। नाविको के बारे में मंत्री ने कहा कि जो नाविक बाढ़ बचाव कार्य में लगाए गए है, उन्हें अब तक का मानदेय का भुगतान नियमानुसार कर दिया जाए ताकि उनका भी जीविकोपार्जन प्रभावित न होने पाए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मंत्री ने कहा कि पुलिस की पेट्रोलिंग कराई जाए इसके अतिरिक्त प्रमुख बाजरों में सम्बन्धित चौकी/थाना इंचार्ज रोस्टर बनाकर पैदल पेट्रोलिंग करे तथा बीच-बीच में व्यापरियों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का एहसास भी दिलाए।

इस अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिर्जापुर श्याम सुन्दर केसरी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# कैमूर वन्यजीव प्रभाग के वन्यजीव प्रतिपालक पद पर भास्कर पांडे तैनात

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिर्ज़ापुर के वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क के पद पर शासन ने भास्कर प्रसाद पाण्डेय को तैनात किया है। इससे पहले वन्यजीव प्रतिपालक रहे अरविंद कुमार का तबादला वाराणसी कर दिया गया है और उनके स्थान पर तेज तर्रार अधिकारी भास्कर प्रसाद पाण्डेय की तैनाती शासन ने किया है। भास्कर प्रसाद पाण्डेय प्रयागराज जनपद में उप प्रभागीय वनाधिकारी के पद पर वर्तमान समय में कार्यरत थे।

भास्कर प्रसाद पाण्डेय इससे पहले हलिया रेंज में वनक्षेत्रधिकारी के पद पर कार्य करते हुए हलिया रेंज में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अबैध कार्यों पर रोक लगा दिया था। वन क्षेत्राधिकारी द्वारा तीन दिवसीय अभियान चलाते हुए अबैध अतिक्रमण को वन भूमि से कब्जा मुक्त कराया था। भास्कर प्रसाद पाण्डेय की गणना तेज तर्रार अधिकारियो में किया जाता है।

हलिया रेंज में तैनाती के दौरान ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सबसे ज्यादा राजस्व जिले में जमा कराया था। भास्कर पाण्डेय के तैनाती के दौरान अबैध कार्य करने वाले लोगो में हड़कंप मचा हुआ था। इस संबंध में दूरभाष पर जानकारी देते हुए भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने बताया की शासन द्वारा वन्य जीव प्रतिपालक की नवीन जिम्मेदारी मिली है। बुधवार को चुर्क पहुंचकर पदभार ग्रहण किया जायेगा शासन के मंशारूप कार्य किया जायेगा।

## जि. कृषि अधिकारी ने समिति का किया निरीक्षण, 50 किसानों को खाद वितरित



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के आदेश पर स्थानीय विकासखंड के भटवारी दिघिया साधन सहकारी समिति पर मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव व एडीएसओ रणेन्द्र सिंह ने समिति पर उपस्थित 50 किसानों को डीएपी और यूरिया का वितरण करते हुए समिति पर उपस्थित सभी किसानों को खाद देने के लिये सचिव रमाकांत मौर्य को निर्देश दिया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि समिति में 200 बोरी डीएपी व 349 बोरी एनपीके तथा 285 बोरी यूरिया गोदाम में स्टाक पाया गया। जिसको 50 किसानों को खतौनी आधार कार्ड को लेकर ई पास मशीन से अगूठा लगा कर खाद का वितरण कराया गया है?। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी समितियों पर पर्याप्त खाद है जिस प्रकार की उर्वरक की किसानों को आवश्यकता होगी उस तरह के खाद की उपलब्धता कराया जाएगा। बताया कि खाद के साथ किसी प्रकार की रैगिंग (खाद के साथ कोई लिक्युट या अन्य सामान) नहीं किया जाएगा। यदि कोई खाद विक्रेता की ऐसी सिकायत मिलती है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। किसान खाद पाते ही खुश नजर आए।

# सपा कार्यालय पर मनी जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती

- मन से समाजवादी थे जनेश्वर मिश्र : देवी प्रसाद चौधरी

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** समाजवादी चिंतक व विचारक जनेश्वर मिश्र की 93 वीं जयंती मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कहा गया कि जनेश्वर मिश्र आजीवन समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र शोषित, वंचित, पीड़ित की आवाज के साथ समाजवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता थे। उनका मानना था कि समाजवाद जीवन जीने का सही ढंग है। विसंगतियों के खिलाफ संघर्ष का नाम ही समाजवाद है और इस संघर्ष में वे जीवन पर्यंत लगे रहे। कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र मन, वचन और आचरण से समाजवादी थे।

कहा कि जनेश्वर मिश्र की वाणी और व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि जो उनके पास पहुंच जाता था, वह उनका ही बनकर रह जाता था। गोष्ठी में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, आशीष यादव, परवेज खान, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, कीर्ति कोल, रवि प्रकाश त्रिपाठी, राजेश भारती, संतोष गोयल, आदर्श यादव, सतीश मिश्रा, राणा प्रताप सिंह, झल्लू यादव, जैन कुशवाहा, सत्यप्रकाश यादव, हरिशंकर यादव, अमरेश सोनकर, राजकुमार यादव, वन्दना गुप्ता, धनन्जय सिंह, केशरी नन्दन प्रजापति, कौशिक कनौजिया, विजय सिंह पटेल, रामगोपाल बिन्द, सियाराम जैसल, मुकुन्द यादव, डा0 शक्ति श्रीवास्तव, मो0 रफीक, दुर्गा सिंह, कामेश्वर प्रसाद, रविन्द्र यादव, लाल बहादुर यादव, रवि सोनकर, रंजीत फौजी, हनुमान मौर्या, उपेन्द्र तिवारी, अभिषेक दूबे, नेबूलाल सरोज आदि मौजूद रहे।

# सपा ने बैठक में बाढ़ प्रभावित गांवों पर किया मंथन

- पंचायत चुनाव, विस चुनाव, एमएलसी चुनाव पर चर्चा

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की मासिक समीक्षा बैठक जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में संपन्न हुई। बैठक में पीडीए चौपाल कार्यक्रम की समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर बूथ पर चल रही पीडीए चर्चा सफल है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समता मूलक समाज की स्थापना और सामाजिक न्याय के लिए पार्टी संघर्षरत है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश-प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। महिलाओं की सुरक्षा चिंताजनक है। बैठक में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बूथ कमेटी का गठन का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी में रहकर पार्टी के अनुशासन में रह कर ही कार्यकर्ता लोगों के बीच जाएं। पार्टी की छवि खराब करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। प्रदेश में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। इसका लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में मिलेगा। साथ ही साथ पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव, एमएलसी चुनाव को लेकर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में बाढ़ से त्रस्त गांवों पर चिंता जताई गई। कहा कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सपा आंदोलन करने के लिये बाध्य होगी। कहा कि जोन, सेक्टर से लेकर बूथ स्तर तक पीडीए जनपंचायत लगाया जा रहा है और लोगो को बाबा साहब के संविधान की रक्षा के लिये आगे आने का आह्वाहन भी किया जा रहा है। बैठक में विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, आशीष यादव, परवेज खान, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, कीर्ति कोल, रवि प्रकाश त्रिपाठी, राजेश भारती, संतोष गोयल, आदर्श यादव, सतीश मिश्रा, राणा प्रताप सिंह, झल्लू यादव, जैन कुशवाहा, सत्यप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## महराजगंज में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. दयाशंकर मिश्रा दयालु जी ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पीएम सूर्यघर योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। मंत्री ने बताया कि लगभग 25 अधिकारियों-कर्मचारियों ने इस योजना के तहत आवेदन किया है। बड़हरा महंथ स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर तक सड़क निर्माण कराने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग को रोस्टरवार कटौती की स्पष्ट सूचना पूर्व में देने और शिकायतों के निवारण में तत्परता बरतने को कहा गया। प्रभारी मंत्री ने पर्यटन स्थलों पर निर्माण पूर्व विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श अनिवार्य करने और पर्यटन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने को कहा। स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से सशक्त बनाने और सदर ब्लॉक में बनी दुकानों का आवंटन इन्हें देने के निर्देश दिए।

# सोनौली राजमार्ग पर दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सी एच सी बनकटी के निकट एक तेज रफ्तार गोरखपुर से सोनौली की तरफ जा रही बोलेरो गाड़ी ने एक बाइक सवार को ठोकर मार दिया ठोकर लगने से पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया गया।

दोनों घायलों में से पति की मृत्यु हो गई पत्नी का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सीएससी बनकटी के निकट एक तेज बोलोरो गाड़ी जो गोरखपुर से सोनौली की तरफ जा रही थी। लेहड़ा दुर्गा मंदिर से दर्शन कर अपने घर जा रहे एक बाइक सवार पति-पत्नी को ठोकर मार दिया। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों द्वारा दोनों घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों का प्राथमिक इलाज कर जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया गया।

घायल पति पत्नी पुरंदरपुर थाना क्षेत्र मोहनपुर निवासी मुन्ना सिंह पुत्र संतोषी सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष शीला सिंह पत्नी मुन्ना सिंह बताये जा रहे हैं। घायल पति का इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी। पत्नी शीला सिंह का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। उक्त दुर्घटना के विषय में पूछे जाने पर फरेंदा कोतवाल प्रशांत पाठक ने बताया कि घटना की जानकारी है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कजीया कब्रिस्तान में गंगा का जलस्तर भरा हुआ था जिसमें पुष्कर उर्फछोटू गुप्ता पुत्र विजय कुमार उर्फभोनू गुप्ता निवासी मोहल्ला पीरवाजीद शहीद कोतवाली चुनार की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा की मृतक पुष्कर के पिता की नाश्ता बोले समोसे की दुकान कब्रिस्तान के पास ही रोड पर है। दुकान का थोड़ा आगे पुष्कर 11 बजे पानी भरा हुआ था। बच्चे अटकेलिया कर रहे थे जिसमें वह भी नहाने चला गया गहरे पानी में पुष्कर की डूब कर मौत हो गई। वही कब्रिस्तान के पास रिलायंस का टावर लगा हुआ है जिसमें राजेंद्र मौर्य ने देखा तुरंत दौड़कर उसे बाहर निकलवाया और पिता विजय को सूचना दिया। तुरंत परिजनों ने चुनार एपेक्स हॉस्पिटल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने पुष्कर को मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक दो भाई एक बहन में बड़ा था। कस्बा चौकी इंचार्ज तुरंत घटना की जानकारी पर एपेक्स हॉस्पिटल पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए मिर्जापुर भेजा। वहीं मृतक के माता-पिता भाइयों का रो-रो का बुरा हाल है।

### मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर लौटाया

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव निवासी गणेश चौरसिया कि दुकान से गायब मोबाइल फोन को पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के सहयोग से मंगलवार को बरामद कर वापस लौटा दिया है। मोबाइल फ़ोन मिलने पर युवक ख़ुश होकर अपने घर लौट गया। थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव निवासी गणेश चौरसिया ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 30 जुलाई को सुबह 10.30 बजे दुकान पर बैठे थे कि मोबाइल फ़ोन खो गया जिस पर हलिया थाने के कांस्टेबल प्रदीप पाल ने मोबाइल फ़ोन को बरामद करने के लिए सीईआईआर पोर्टल के मदद से युवक के मोबाइल फ़ोन को बरामद कर मोबाइल फ़ोन युवक को सकुशल वापस लौटा दिया है। युवक मोबाइल फ़ोन मिलने पर ख़ुश नजर आया और पुलिस को धन्यवाद देते हुए घर चला गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दुकान से गायब मोबाइल फ़ोन को सीईआईआर पोर्टल से बरामद कर पीड़ित को मोबाइल फोन वापस लौटा दिया गया है।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरहरा गांव में मंगलवार को बाइक सवार महिला बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के कर्मियों ने घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है। जहां पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है थाना क्षेत्र के सरहरा गांव निवासी 39 वर्षीय भुला देवी अपने 25 वर्षीय पुत्र रामेश्वर के साथ बाइक से कही जा रही थीं कि घर से कुछ दूर पर पहुँचे कि भुला देवी बाइक से नीचे गिर गई। ग्रामीणों ने घटना कि सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा के कर्मी दीपक पाल ने महिला को एम्बुलेंस सेवा वाहन से हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि बाइक सवार महिला बाइक से गिरकर घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से आई थीं उपचार किया जा रहा है।

### एमएलसी ने किया सीखड़ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा



**सीखड़ (मिर्जापुर)।** भाजपा मिर्जापुर सोनभद्र के एमएलसी विनीत सिंह ने सीखड़ के क्षेत्र के खैरा, पाहों, विद्यापुर, पसियाहीं, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। बाढ़ प्रभावित लोगो से कहा हम आप लोगो के बीच आप लोगो की समस्याओ से अवगत होने आया हूं। आप की समस्याओं को जिले के अधिकारियो और शासन स्तर पर पहुंचाउंगा और समसयाओं के समाधान का प्रयास करुंगा। इस मौके पर प्रमुख मझवां दिलीप सिंह, जिला पंचायत सदस्य सीखड़ केके सिंह आदि मौजूद रहें।

### प्राथमिक विद्यालय में चोरी, साउंड सिस्टम और टुल्लू पंप गायब




**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय अब चोरों की नजर में भी आ चुके हैं। ऐसा ही एक मामला महराजगंज जिले के लक्ष्मीपुर बीआरसी क्षेत्र अंतर्गत पिपरा सोहट गांव के प्राथमिक विद्यालय में सामने आया है, जहां बीती रात चोरों ने विद्यालय परिसर में घुसकर कई कमरों के ताले तोड़े और जरूरी सामान उठा ले गए। जानकारी के अनुसार, विद्यालय की रसोइयां ने मंगलवार सुबह विद्यालय परिसर में घुसते ही देखा कि मुख्य द्वार और मोटर कक्ष का ताला टूटा हुआ है। इस सूचना को तुरंत विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रताप तक पहुंचाया गया। जब प्रधानाचार्य ने विद्यालय का निरीक्षण किया तो पाया कि साउंड सिस्टम और टुल्लू पंप गायब।

### खाद के लिए मचा हाहाकार, सरकारी दावे हुए फेल



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** यूरिया खाद के लिए चारों तरफ़ हाहाकार मचा हुआ है बरसात होते हुए युरिया खाद की किल्लत किसानों की नींद उड़ा दी है। खेती के लिए जरूरी इस खाद को पाने के लिए किसान रात दो बजे से लाइनों में खड़े हो खाद पाने की इन्तजारी कर रहे हैं। किसानों को आसानी से खाद दिलाने के लिए जिला प्रशासन सख्त है फिर भी किसानों को सहजता से खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कहीं कहीं किसान पुलिस के लाठी के शिकार भी हो जा रहे हैं फिर भी आसानी से खाद लोगों को नहीं मिल पा रहा है। सरकारी दावों और वादों के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है।

### निजी स्कूल नहीं कर पाएंगे मनमानी, मानक व नोडल तय

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज ।** जनपद में स्कूल वाहनों के संचालन में मनमानी अब निजी स्कूल नहीं कर सकेंगे। निर्धारित मानक के विपरीत और गैर फिटनेस कोई भी स्कूल वाहन नहीं संचालित होंगे। परिवहन आयुक्त के निर्देश क्रम में डीआईओएस ने मानकों का निर्धारण पत्र जारी करने के साथ नोडल भी नामित कर दिया है। परिवहन आयुक्त के निर्देश क्रम में स्कूल वाहनों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है। एआरटीओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नये मानकों के अनुसार अब स्कूली वाहन में ऑटो, मैजिक जैसी छोटी गाड़ी नहीं पंजीकृत हो सकती। स्कूल वाहन सिर्फ बस ही हो सकते हैं। बस में जीपीएस, सीसीटीवी, मेडिकल किट, अग्निशमन यंत्र, सेफ्टी किट, चालक और परिचालक के चरित्र का सत्यापन और चालक की हर छह माह पर मेडिकल जांच अनिवार्य की गई है।

# जन भागीदारी के साथ आयोजित करें हर घर तिरंगा अभियान

- नौ से 15 अगस्त तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा संबंधित अधिकारी समय से करें तैयार

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर जिलास्तरीय समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में हुई। 15 अगस्त तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में व्यापक स्तर पर सेल्फी अभियान चलाने को कहा। साथ ही सभी तहसीलों, ब्लॉकों और नगर निकायों में भी सेल्फी अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया।

डीएम ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप तिरंगा निर्माण को सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने 11 अगस्त को व्यापक स्तर पर तिरंगा मेला और राष्ट्र भक्ति पर आधारित संगीत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसमें छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। मेले में विभिन्न विभागों के तिरंगा थीम पर आधारित स्टॉल लगाने और खादी व ग्रामोद्योग विभाग और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अधिक से अधिक तिरंगा बिक्री भी करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नौ अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले वृहद कार्यक्रमों की रूपरेखा संबंधित अधिकारी समय से तैयार कर लें। आठ अगस्त तक चलने वाले पहले चरण में विभिन्न विद्यालयों में तिरंगा आधारित कार्यक्रमों का आयोजन कराएं। उन्होंने द्वितीय चरण में वृहद आयोजनों जैसे काकोरी शताब्दी समापन वर्ष व विभाजन विभीषिका दिवस को व्यापक जनसहभागिता के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, एडीएम (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, डीडीओ बीएन कन्नौजिया, पीडी राम दरश चौधरी, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा, डीआईओ प्रभाकर मणि त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी कन्हैया यादव आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में टूटी खिड़कियों पर उप जिलाधिकारी हुए सख्त

- मिड-डे-मील के खाने की गुणवत्ता पर जताई चिंता, राशन स्टॉक का भी किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को बाजारडीह और बनकटी के प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति, कमरों की टूटी खिड़कियां, साफ-सफाई और मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान टूटे दरवाज़े-खिड़कियां, छतों से टपकता पानी और बरसात के कारण जलभराव की समस्या देख एसडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने ईओ नगर पंचायत आनंदनगर और बीडीओ फरेंदा को निर्देशित किया कि जलनिकासी की व्यवस्था तुरंत सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों की छतों की सफाई और मरम्मत समय से करवाई जाए। आगामी सर्दी को ध्यान में रखते हुए टूटी खिड़कियों की मरम्मत शीघ्र करवाया जाए।

### मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया

बाजारडीह प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर का निरीक्षण करते समय एसडीएम ने आटा और चावल के स्टॉक की जांच की। प्रथम दृष्टया चावल की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर उन्होंने तत्काल उसे बदलवाने का निर्देश दिया। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि खुद मौके पर जाएं और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की सतत निगरानी रखें। यदि भविष्य में कोई शिकायत मिली तो सीधी जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारी की मानी जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों के अधिकारों पर विशेष जोर

एसडीएम शैलेन्द्र गौतम ने स्पष्ट किया कि, बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पोषणयुक्त भोजन और सुरक्षित वातावरण मिलना उनकी मूलभूत आवश्यकता है, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास सही तरीके से हो सके।ß उन्होंने विद्यालयों में व्यवस्था सुधारने के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विद्यालय के जिम्मेदारों की लापरवाही पर कार्रवाई की उम्मीद

एसडीएम के इस औचक निरीक्षण से यह स्पष्ट संकेत गया है कि अब विद्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं पर सख्त कार्यवाही होगी। अधिकारियों की लापरवाही अब जवाबदेही के घेरे में आएगी।

## जनशिकायतों के निस्तारण में महराजगंज पुलिस 10वीं बार प्रदेश में नंबर वन

**महराजगंज,समृद्धि न्यूज।** एसपी सोमेन्द्र मीना के नेतृत्व में जिले की पुलिस ने एक बार फिर पूरे प्रदेश में उत्कृष्टता का परचम लहराया है। माह जुलाई 2025 की आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में जनशिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है।
यह लगातार दसवां अवसर है, जब महराजगंज पुलिस इस रैंकिंग में शीर्ष पर रही है। इस उपलब्धि के पीछे पुलिस की प्रभावी मॉनिटरिंग, अधिकारियों की सजगता और पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारीपूर्ण कार्यप्रणाली का बड़ा योगदान है। आईजीआरएस पोर्टल पर जनता द्वारा ऑनलाइन दर्ज की गई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वयं एसपी स्तर से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिले के थानों में तैनात पुलिसकर्मी शिकायतकर्ताओं को फोन कर फीडबैक लेते रहते हैं। अफसर भी रैंडम क्रास चेकिंग करने के लिए शिकायतकर्ताओं को फोन कर फीड बैक लेते हैं। जब तक संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तब तक प्रकरण को बंद नहीं किया जाता। जांच रिपोर्ट की गहन समीक्षा के बाद ही निस्तारण पर जोर पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के अनुसार सभी थानाध्यक्षों व जांच अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि वे प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच करें, पीड़ित पक्ष से संवेदनशीलता से पेश आएं और दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई करें। शासन व पुलिस मुख्यालय से प्राप्त संदर्भों पर भी समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उच्चाधिकारियों द्वारा शिकायतों की जांच आख्या की गहन समीक्षा के बाद ही निस्तारण किया जा रहा है। अगर जांच आख्या कमजोर मिलती है तो संबंधित प्रकरण को दोबारा सख्त निर्देशों के साथ जांच के लिए वापस भेजा जाता है। जनता की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। लगातार दसवीं बार नंबर-1 बनना महराजगंज पुलिस की टीम वर्क, संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रमाण है। मॉनिटरिंग के जरिए हर शिकायत की समीक्षा की जाती है। पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता से संवाद करते हैं और संतुष्टि मिलने पर ही निस्तारण होता है। यह उपलब्धि हमारी जिम्मेदारी और बढ़ाती है।